CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 19°C
सेंसेक्स 75,364.69 निफ्टी 22,904.45
सोना 91,455 चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, सोमवार 7 अप्रैल 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 226 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**चार महीने बाद मैदान में वापसी कर सकते हैं बुमराह**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रामेश्वरम में पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज लोकार्पित

रामेश्वरम, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवम्बर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन इस कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम मोदी ने किया नए पम्बन ब्रिज का लोकार्पण
- पांच मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा पम्बन ब्रिज

### भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद जनसभा के दौरान भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी।

## किसान नेता डल्लेवाल ने खत्म की 131 दिनों की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** पंजाब के बुजुर्ग किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिनों से चली आ रही अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रविवार को खत्म कर दी। उन्होंने पिछले साल 26 नवम्बर को आंदोलनकारी किसानों की अलग -अलग मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। इन मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी भी शामिल है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से उनसे आमरण अनशन खत्म करने की अपील किए जाने एक दिन बाद जगजीत सिंह ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' के दौरान ऐलान किया कि वे अपनीअनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर रहे हैं किसानों की सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आप सभी ने (मुझसे) आमरण अनशन खत्म करने के लिए कहा था। मेरे लिए 'संगत' (लोग) 'रब्ब दा रूप' (भगवान का एक रूप) है।



- एक मजबूत मोर्चा बनाने की बात करते हुए डल्लेवाल ने कहा मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा

### न्यायमूर्ति पल्ली को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 4 अप्रैल, 2025 को हुई अपनी बैठक में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।

### मनोज चरण बने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 8वें बिशप

**अमृतसर।** राइट रेव मनोज चरण को, रविवार को क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल, राम बाग में आयोजित एक भव्य प्रार्थना सभा के दौरान डायोसिस ऑफ अमृतसर, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के आठवें बिशप के रूप में स्थापित किया गया। बिशप चरण, जो कि चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रतिष्ठित नेता हैं, ने टीमवर्क, आध्यात्मिक विकास और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। 'धर्मांतरण नहीं, बल्कि वार्तालाप' का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने डायोसिस के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो समाज में शांति, धार्मिक सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने पर केंद्रित है।

### भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**लोंगवा।** नागालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्एई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं।

### सीजेआई खन्ना ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को तिरुमाला मंदिर की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी ने महाद्वारम में मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच उनका पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें मंदिर ले गए। दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश को रंगनायकुला मंडपम में शेष वस्त्रम और तत्पश्चात वेदसर्वचनम भेंट किया गया।

# जमीयत की वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दस्तक

## केंद्र को नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने को अंतरिम आदेश की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ जमीयत उलमा- ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उन्होंने कहा है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह बिल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य मामलों में न्याय हुआ, वैसे ही इस संवेदनशील और असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। मौलाना मदनी ने तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, संविधान रक्षा सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि उन लोगों के ज़मीर को जगाया जा सके, जिन्होंने सत्ता के लालच में संविधान की मूल आत्मा को ही भुला दिया, लेकिन अफसोस वही हुआ, जिसका डर था। खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया। मौलाना मदनी ने कहा कि इन नेताओं का व्यवहार सांप्रदायिक ताकतों से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इन्होंने दोस्त बनकर पीठ में छुरा घौंपा -शेष पृष्ठ दो पर



- लोकतंत्र और वक्फ की रक्षा के लिए आखिरी खून की बूंद तक कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा: मौलाना अरशद मदनी
- कहा: जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी।

### वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, बल्कि सरकार का लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विश्वास से प्रेरित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था कि एक देश, दो कानूनों और दो संविधानों के तहत काम नहीं कर सकता।

### भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है: ओम बिरला

**नई दिल्ली/ताशकंद।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आईपीयू की ऐतिहासिक 150वीं सभा में 'सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्यवाही' पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016', 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों अधिनियम, 2019 और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे विधेयक समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।

## उत्तराखंड की राह पर कर्नाटक: UCC की शुरू हुई वकालत

### देश में यूसीसी लागू होना जरूरी

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक हाईकोर्ट** ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू होना बहुत जरूरी है। इससे सभी नागरिकों को (खासकर महिलाओं को) बराबरी का हक मिलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे मिलकर ऐसा कानून बनाएं।

यह टिप्पणी जस्टिस हंचाटे संजीव कुमार की सिंगल जज बेंच ने एक पारिवारिक संपत्ति विवाद के मामले में की। यह मामला मुस्लिम महिला शहनाज बेगम की मौत के बाद उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर था, जिसमें उनके भाई-बहन और पति के बीच विवाद हुआ। कोर्ट ने इस मामले के बहाने मुस्लिम पर्सनल लॉ पर सवाल उठाए और कहा कि ये कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू कानून में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार है, जबकि मुस्लिम कानून में भाई को मुख्य हिस्सेदार और बहन को कम हिस्सेदार माना जाता है, जिससे बहनों को कम हिस्सा मिलता है। कोर्ट ने कहा कि ये असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है। कोर्ट ने बताया कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही यूसीसी की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। इस वजह से अब केंद्र और बाकी राज्यों को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले की कॉपी केंद्र और कर्नाटक सरकार के कानून सचिवों को भेजने के निर्देश दिए हैं।




- हाईकोर्ट बोला: संविधान निर्माता भी इसके हक में थे, कोर्ट ने की राज्य और केंद्र से कानून बनाने की अपील

### सौरभ हत्याकांड: मुस्कान जेल में हुई बीमार, कई दिन से हो रही उल्टियां

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान को जेल में कई उल्टी भी हुई है। मुस्कान में प्रेग्नेंसी के लक्षण दिखाई दिए। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान के मेडिकल चेकअप के लिए डाक्टर को पत्र लिखा है। प्यारे लाल जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डाक्टर अब जेल में आकर मुस्कान का गायनिक टेस्ट करेगी। इसके बाद ही क्लियर होगा कि मुस्कान प्रेग्नेंट है या नहीं। बता दें कि 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद हैं। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वो पूरी तरह स्वस्थ थी। इससे पहले, मेरठ के ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। मुस्कान के मां-बाप ने हत्या के खुलासे वाली बात पुलिस के समक्ष फिर से दोहराई है। बाकी लोगों के बयान भी जल्द कराने की तैयारी है। पुलिस की चार्जशीट भी लगभग तैयार हो गई है। जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। सौरभ की बेटी पीहू अपनी नानी के पास है।

## भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

### राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव (लू) को लेकर चेतावनी जारी की है। खासतौर पर 7 से 9 अप्रैल तक दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिल्ली में इस समय तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस क [illegible] बीच है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 और 8 अप्रैल को पारा 42 डिग्री तक जा सकता है, जिससे राजधानी में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान अभी 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के करीब है, लेकिन अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा है। बीते 24 घंटों में पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी दिशा से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।



### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आज दो न्यायमूर्ति लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उड़ीसा और दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सोमवार की सुबह शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तबादले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन लगातार विरोध कर रहा था। एसोसिएशन ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बहिष्कार की भी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह के साथ शनिवार को इसलिए शपथ नहीं दिलाई गई कि एसोसिएशन पूरे शपथ समारोह का ही बहिष्कार कर देती।

## सम्भल में रामनवमी पर 46 वर्ष बाद मंदिर में पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल में रामनवमी पर जहां एक तरफ खग्गू सराय स्थित मंदिर पर 46 वर्ष बाद पहली बार पूजा-अर्चना की गई है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद के सामने निर्माण हुई सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण। डीएम और एसपी ने पूजन कर लोकार्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मालूम हो 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्णय किया गया था। यह जिले की पहली हाइटेक पुलिस चौकी है। जहां थाने के बराबर ही स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी। इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है। यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और राजस्थान के कारीगरों ने इसको संवारा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।



- जामा मस्जिद के सामने बनाई गई सत्यव्रत चौकी का किया गया लोकार्पण, अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी

### सूर्य की किरणों से रामलला को तिलक, अभिषेक कराया अयोध्या में धूमधाम से मना रामलला विराजमान का जन्मोत्सव

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया। रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गए।जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घडियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए।

## गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा।

चैत्र वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वह मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। रामोत्सव के कार्यक्रम में काशी से पधारे जगदगुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा व अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन होगा देश की बड़ी घटनाः वासनिक

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने गुजरात में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह अधिवेशन देश के राजनी. तिक इतिहास में महत्वपूर्ण घटना होगी। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के गुजरात के प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण कांग्रेस अधिवेशन है।

कांग्रेस के अब तक गुजरात में पांच अधिवेशन हुए हैं और यह छठा अधिवेशन भारतीय राजनीतिक की महत्वपूर्ण घटना बनेगा। अधिवेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में कोंग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक होगी और उसके बाद पार्टी की महत्वपूर्ण संस्था कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों की बैठक होगी। हम समझते हैं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटना होगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी। इसकी पहली बैठक अहमदाबाद में 23-26 दिसंबर 1902 को सुरेन्द्र नाथ बनर्जी की अध्यक्षता में हुई थी। दूसरी बैठक गुजरात के सूरत में 26-27 दिसंबर 1907 को रास बिहारी घोष की अध्यक्षता में हुई थी, जबकि तीसरी बैठक अहमदाबाद में 27-28 दिसंबर 1921 को हकीम अजमल खान की अध्यक्षता में हुई थी। गुजरात में कांग्रेस की चौथी बैठक हरिपुरा में 19-21 फरवरी 1938 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अध्यक्षता में हुई थी तथा पांचवीं बैठक भावनगर में छह-सात जनवरी 1961 को नीलम संजीव रेढी की अध्यक्षता में हुई थी। अब छठी बैठक आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अधिवेशन के दौरान विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति आठ अप्रैल को सरदार पटेल स्मारक पर होगी और अगले दिन कांग्रेस कमेटी की बैठक साबरमती आश्रम और कोचरब आश्रम के बीच साबरमती नदी के तट पर होगी।

# बिहार में बेगूसराय में युवा साथियों से मिलूंगा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सोमवार को बिहार के बेगूसराय में युवाओं से मिलेंगे और पलायन तथा बेरोजगारी के विरुद्ध उनके संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे बेगूसराय में हो रही इस आंदोलन में सफेद टी-शर्ट पहनकर शामिल हों और सरकार पर पलायन रोकने और उन्हें नौकरी देने की अपनी मांगों के लिए दबाव बनाएं। गांधी ने कहा कि बिहार के युवा साथियों, मैं सात अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि आप भी सफेद टी शर्ट पहन कर आइए, सवाल पूछिए, आवाज़ उठाइए-सरकार पर आपके अधिकारों के लिए दबाव बनाने के लिए उसे हटाने के लिए। यहां रजिस्टर कर सफेद टी-शर्ट आंदोलन से जुड़िए। आइए, हम मिलकर बिहार को अवसरों वाला राज्य बनाएं।

# इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा

**अयोध्या, वार्ता**



- बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार ने कहा: अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं
- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने किए रामलला के दर्शन

बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने रविवार को श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर आए श्रद्धालुओं का फूलों से वर्षा कर स्वागत किया।

इकबाल अंसारी ने रामलला के जन्मोत्सव पर अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं पर जमकर फूलों की वर्षा की। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया है। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर जलाभिषेक करीब चार मिनट तक किया। अयोध्या के मंदिरों में बधाईयां व सोहर के गीत गाए जा रहे हैं, जिस पर दूरदराज से आए श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में जा करके दर्शन और पूजन कर रहे हैं। रामलला के जन्मोत्सव में बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं के ऊपर फूल की वर्षा करने के बाद कहा कि यह कदम भाईचारे और एकता के संदेश के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा रामभक्तों पर फूल बरसाकर हमने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अयोध्या प्रेम और सौहार्द की मिसाल बन गई है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं है। हम लोग सौहार्दपूर्वक यहां रहते हैं। हिन्दू अपना त्यौहार मनाते हैं हम अपना त्यौहार मनाते हैं। एक-दूसरे के त्यौहार में हम लोग शरीक होते हैं। अयोध्या जो है प्रेम और सौहार्द की जगह है। पूरे देश में यह संदेश हम देना चाहते हैं। वही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने आज रामनवमी के दिन अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन किए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामनवमी के दिन श्रीरामजन्मोत्सव पर रामलला का दर्शन करने के बाद अनौपचारिक रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामलला से मैंने देश में अमन-चैन बरकरार रखने के लिए आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि रामजन्मोत्सव के मौके पर मैंने अपने पूरे परिवार के साथ अपनी बहू, बेटे व बेटी के साथ भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किए।

सांसद अयोध्या ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि यहां की जनता ने मुझे सांसद बनाया। उन्होंने कहा कि अभी राम मंदिर का काम बाकी है। करीब डेढ़ साल इसको पूरा होने में लगेंगे। श्रीराम का दर्शन कर मैंने प्रार्थना की कि सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि और खुशहाली दें। मैंने प्रार्थना की कि जिन मतदाताओं ने मुझे वोट देकर सांसद बनाया है, उनकी उम्मीदों पर हम खरे उतरें। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी के सभी रहने वालों की चरणों की धूल को माथे से लगाकर मैंने दर्शन किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ता पर चली गोली, हमलावर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में रविवार को एक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता को गोली मार दी गई। पुलिस ने अपराध को अंजाम देने के तुरंत बाद संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेता आशुतोष बिस्वास अपनी पत्नी को गायघाटा में रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उनके बाएं सीने में गोली लग गई और वे गिर पड़े। उनकी तेज चीख सुनकर स्थानीय लोग सतर्क हो गए, जिन्होंने पुलिस की मदद से हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। हमलावर की पहचान तपन बाला के रूप में हुई है। घायल कार्यकर्ता को पहले ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया।

### हावड़ा में भीषण आग लगने से लुब्रिकेंट फैक्ट्री जलकर खाक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हावड़ा के डोमजूर में भीषण आग लगने से एक पूरी लुब्रिकेंट ऑयल फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि आग बुझाने के लिए करीब 18 अग्निशमन वाहनों को तैनात किया गया। इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह आग शनिवार की रात को करीब 11 बजे लगी थी। सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन आग की लपटों के कारण फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आग की लपटों ने आसपास की एक अन्य फैक्ट्री को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा।

### कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सुरौली क्षेत्र में एक कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सुरौली क्षेत्र के ग्राम सुकई परसिया निवासी राम मूरत चौहान (50) कीर्तन गाते थे और वे शनिवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगस्त पार में कीर्तन गाने के लिए गए और रात में बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे कि इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने क्षेत्र के धमऊर परशुराम गांव के पास गोली मारकर फरार हो गए।

## सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भावः योगी

# मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव सबका दायित्व

**गोरखपुर, वार्ता**



- सरकार ने मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाईः सीएम
- मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मांभगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ समारोप की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव की जो मजबूत परंपरा रही है, उसे दोनों नवरात्र शारदीय व वासंतिक में कन्या पूजन के माध्यम से देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला- पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकर बेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसितभारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सवका भी दिन है। सभी देवालयों में अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तन हो रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी पूर्णमनोयोग से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या में लाखों श्रद्धालु रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

आज 12 बजे भगवान सूर्य भी रामलला का सूर्यतिलक करेंगे। योगी ने कहा कि लगभग 500 वर्षो की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला का पुनः प्रकटीकरण हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए बहुत पवित्र दिन होने के साथ ही दुनिया की दबी कुचली एवं शोषित मानवता के लिए एक नई प्रेरणा व प्रकाश का दिन है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सबको मर्यादित आचरण करने के साथ ही सम या विषम परिस्थित में धैर्य न खोकर चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्यो तथा सार्वजनिक तथा राष्ट्रीय रिश्तों का निर्वहन कैसे हो, इसकी प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित्र देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वर में देश के पहले ऑटो ब्रिज, पंबन ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम भारत के पवित्रम धामों में से है। यह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीराम ने उत्तर और।दक्षिण की सीमाओं को एकसाथ जोघ्कर जीवंतता प्रदान की थी। यह हमें एक नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं विरासत के विज़न को दर्शाता है। इससे जुड़ने का आज हम सबको एक अवसर प्राप्त हो रहा है और इसके लिए हम सभीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों को किया रवाना

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पावन अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गोरखनाथ मंदिर से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों प्रदर्शनी मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरूकता वाहन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा चलाए जा रहे हैं। वाहनों को रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज की तरफ से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया और उन्हें संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से लाए शिव बाबा के प्रसाद को भेंट किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य आगामी दो सालों में प्रदेश के सभी जिलों में अधिक से अधिक गांवों में मोबाइल वैन में लगे ऑडियो वीडियो प्रदर्शनी से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करना है।

# ग्रामीण महिलाओं की बाजार तक होगी सीधी पहुंच

**लखनऊ, वार्ता**

- महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन के जरिए ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधी बिक्री से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य प्रसंस्करण उद्यम में स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत वाराणसी, सुल्तानपुर और अलीगढ़ में 520 स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं, जिसके जरिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ रही है। यही नहीं अब बांदा में बड़ा केंद्र चलाने की तैयारी पूरी है। ग्रामीण महिलाओं को अभियान के जरिए बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। महिलाओं को कृषि उत्पादों की खरीद, प्रसंस्करण और मार्केटिंग में शामिल किया जा रहा है। इससे बिचौलियों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो गई है और महिलाओं को उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है। इस पहल के तहत चल रहे केंद्रों ने महज आठ महीनों में 34.58 लाख रुपए का राजस्व कमाया है, जिसमें से 27.32 लाख रुपए सीधे एसएचजी सदस्यों को मिले हैं। दाल और मसालों जैसे उत्पादों की मांग को देखते हुए इन महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआर एलएम) का लक्ष्य 15 लाख ग्रामीण परिवारों को लखपति दीदी पहल से जोड़कर उनकी सालाना आय एक लाख रुपए से अधिक करना है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे वे न केवल अपने उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर पा रही हैं, बल्कि समुदाय में नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्नति दीदी अभियान ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ में बेतहाशा बढ़ोतरी किए जाने से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने एवं आर्थिक मंदी की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2050.23 अंक अर्थात 2.65 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर दो सप्ताह बाद 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75364.69 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 614.9 अंक यानी 2.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 22904.45 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1022.59 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 40508.53 अंक और स्मॉलकैप 770.96 अंक यानी 1.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 45867.17 अंक रह गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत धीमी रही है, जिसका प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाया जाना है। इससे आईटी और धातु जैसे क्षेत्रों ने व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं और संभावित जवाबी व्यापार कदमों की आशंका को दर्शाता है। निवेशक अब वैश्विक व्यापार साझेदारों की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई पर करीबी नजर बनाए हुए हैं, जिससे भू- राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता और गहराने की संभावना है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 665.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.2 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 565.01 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.9 करोड़ डॉलर उछलकर 77.8 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव संतुलित रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 84 रिंगिट लुढ़ककर 4701 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.21 सेंट की तेजी लेकर 45-41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100, मूंग दाल 150 रुपए, उड़द दाल 150 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गईं। वहीं, मसूर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रामेश्वरम में...** सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने ब्रिज के लिए 75 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और आटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं। ब्रिज का मैकेनिज्म वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का मैकेनिज्म बैलेंसिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें काउंटर-वेट्स लगाए गए हैं। जब ब्रिज ऊपर उठता है, तो शिव्स यानी बड़े-बड़े पहियों की मदद से स्पैन और काउंटर-वेट दोनों को सपोर्ट मिलता है। जब ब्रिज नीचे आता है, तो काउंटर-वेट्स उसका वजन संभाल लेते हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से ब्रिज ज्यादा वजन सह सकता है। इससे ब्रिज के सेंटर स्पैन की वर्टिकल लिफ्टिंग स्मूद और सेफली हो पाती है।

**जमीयत की...** है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेक्युलर जनता और खासकर मुसलमान इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। जमीयत उलमा-ए- हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे और इस कानून के संभावित दुष्परिणामों को अपने भाषणों के ज़रिये उजागर किया। साथ ही उन्होंने उन न्यायप्रिय नागरिकों का भी आभार प्रकट किया, जो संसद के बाहर इस कानून के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनमें अन्याय के खिलाफ बोलने का साहस और जज्बा है। मौलाना मदनी ने दो. हराया कि यह कानून केवल धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की भलाई के नाम पर लाया गया है, लेकिन वास्तव में यह उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर हमला है। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें अल्लाह की ज़ात पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण मामलों में हमें न्याय मिला है, वैसे ही इस महत्वपूर्ण मामले में भी हमें न्याय मिलेगा, क्योंकि यह मामला केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता का भी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ संशोधन कानून की विभिन्न धाराओं को न केवल चुनौती दी है, बल्कि इस कानून के लागू होने को रोकने के लिए अदालत से अंतरिम राहत (इंटरिम ऑर्डर) की भी अपील की है। यह याचिका संशोधन अधिनियम की धारा 1(2) के तहत दाखिल की गई है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड फ़ुजैल अय्यूबी ने मौलाना अरशद मदनी के आदेश पर यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रबंधन तथा वक्फ संपत्तियों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है।इस सिविल रिट याचिका के साथ-साथ एक अंतरिम अर्जी भी दाखिल की गई है, जिसमें केंद्र सरकार को इस कानून के नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में वक्फ बाय यूजर की प्रक्रिया को समाप्त करने पर आपत्ति जताई गई है और यह कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि केस में वक्फ बाय यूजर की अवधारणा को मान्यता दी है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था का हिस्सा रहा है। इसके साथ ही, वक्फ बोर्ड में मुस्लिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनिवार्यता को हटाए जाने को भी चुनौती दी गई है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर की गई याचिका में अंत में कहा गया है कि इन असंवैधानिक संशोधनों से वक्फ अधिनियम 1955 की मूल आत्मा और उसकी नींव को गहरी क्षति पहुंची है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300ए का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा इस केस की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है व संभावना है कि आने वाले कुछ दिनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश से इसकी जल्दी सुनवाई की गुज़ारिश की जाएगी।

# ममता ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने भगवान राम के जन्मोत्सव मना रहे हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

सुश्री बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर सभी को बधाई। मैं सभी से शांति, समृद्धि और सभी के लिए विकास के मूल्यों को बनाए रखने और बनाए रखने की अपील करती हूं। मैं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी के उत्सव की सफलता की कामना करती हूं। सूत्रों ने कहा कि राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में शहर के मध्य भाग में राम राजा ताला में पहले से ही एक रैली आयोजित की गई थी, जहां उनके अनुयायियों ने भगवा रंग के झंडे लिए और जय श्री राम के नारे लगाए और प्रार्थना की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने हिंदू संगठनों की कुछ रैलियों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी, क्योंकि शहर की पुलिस ने उन्हें ऐसी रैलियों से वंचित कर दिया था।

न्यायालय ने कहा कि रैलियों में कोई भी व्यक्ति धातु के हथियार नहीं ले जा सकता, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रैली में भाग लेने वाले संगठन कोलक. ाता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे। ऐसी खबरें आ रही हैं कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में रामनवमी रैलियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## उत्तराखण्ड में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

# कुंठित विपक्ष भड़का रहा क्षेत्रीय और जातीय भावनाएं : धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सत्ता से लगातार दूर रहकर कुंठित विपक्ष हताशा में धार्मिक, क्षेत्रीय एवं जातीय भावनाएं भड़काकर प्रदेश में अशांति एवं वैमनस्य फैलाने की साजिश कर रहा हैं। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राज्य के सम्मान और सुरक्षा करने के लिए एकजुट खड़ा है। हम अखंड हैं और अडिग हैं। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए। विक. सित राज्य की इस यात्रा के हम सभी सहयात्री हैं और लक्ष्य प्राप्ति तक यह रुकने वाली नहीं है। उन्होंने विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अब हम योजना बनाने से लेकर शिलान्यास और लोकार्पण भी करते हैं। राम नवमी और पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा मुख्यालय मे आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे उन्होंने पार्टी के सभी महापुरुषों श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी को नमन करते हुए कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन गया है। हमारे प्रयासों का प्रतिफल है कि अत्यंत गर्व के साथ 500 वर्ष के बाद हम राम नवमी का पर्व अयोध्या में प्रभु श्री रामजन्मभूमि मंदिर में भी मना रहे हैं। हम राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और व्यक्ति अंतिम के सिद्धांत पर काम करने वाली पार्टी नहीं है। यही वजह है कि पार्टी के पथ प्रदर्शकों के बताए रास्ते पर चलते हुए देश में अने. कों ऐतिहासिक कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किए है।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व की प्रेरणा से हमारी सरकार ने भी समान नागरिक संहिता, सशक्त भू कानून, कठोरतम नकल कानून, धर्मांतरण कानून लागू किया। मातृ शक्ति को भी 30 फीसदी आरक्षण देकर उनके शक्तिकरण करने का कार्य किया गया। युवाओं को इन तीन वर्षों में रिकॉर्ड 22 हजार सरकारी नौकरियां



■ सत्ता से लगातार दूर रहकर निराश विपक्ष प्रदेश में अशांति एवं वैमनस्य फैलाने की कर रहा साजिश,पूरे नहीं होंगे मंसूबे,आपात काल के सेनानियों का किया सम्मान, कार्यक्रम में कैबिनेट मत्री, दायित्वधारी, विधायक और पार्टी पदाधिकारी रहे मौजूद

पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से दी गई। उन्होंने बताया बहुत से सफल अभ्यार्थियों के माता-पिता, नियुक्ति प्रक्रिया के लिए धन्यवाद करते है,तो बहुत अच्छा लगता है। जब चार-चार अलग पदों पर युवाओं को सफलता मिलती दिखाई देती है।

उन्होंने विपक्ष पर तंज कसा कि पिछली सरकारों में सिर्फ योजनाओं बनाई जाती थी, लेकिन हम योजना बनाते भी हैं, शिलान्यास भी करते हैं और उसको पूरा करके भी दिखाते हैं।ध्वजारोहण के बाद प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुए कार्यक्रम में आपातकाल के लोकतंत्र सेनानी विकासनगर से चंदन लाल अग्रवाल, देहरादून से हरीश कंबोज, विजय स्नेही और ऋषिकेश के स्वर्गीय इंद्रसैन अग्रवाल के पुत्र अविनाश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर और शाल ओढ़ाकर उनके योगदान को याद किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

पार्टी मुख्यालय में हुए स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम की शुरुआत सीएम एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पार्टी के ध्वजारोहण के साथ की गई। इस दौरान राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, टिहरी सांसद महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, गणेश जोशी, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक सविता कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, दायित्वधारी पुनीत मित्तल, डा देवेंद्र भसीन, अजय कोठियाल, हेमराज बिष्ट, विनोद उनियाल गामा, रजनी रावत, देशराज कर्णवाल, ऐश्वर्या रावत, भूपेश उपाध्याय, सुभाष बड़थ्वाल समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी कार्यालय वंदे मातरम गायन के साथ देशभक्ति के नारों से गुंजायमान होता रहा।

### डबल इंजन की सरकार ने राज्य में शानदार और ऐतिहासिक कार्य किए: भट्ट

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि, इनके प्रयासों से ही हम देश की तरह प्रदेश में भी आज मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने स्थापना दिवस रामनवमी के साथ सभी नए दायित्वधारियों को भी नई भूमिका के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं सीएम धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने राज्य में शानदार और ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसके कारण जनता ने हमें मिथक तोड़ते हुए दूसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया था।

### राष्ट्रवाद, विकास और जनसेवा के मूल मंत्र पर काम करती है भाजपा: जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी न केवल एक राजनीतिक संगठन है, बल्कि यह एक विचारधारा है जो राष्ट्रवाद, विकास और जनसेवा के मूल मंत्र पर काम करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि देश और समाज की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक मंच पर नई ऊँचाइयों को छुआ है, और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम इस संगठन का हिस्सा हैं।

# भाजपा में हिम्मत है तो 20 करोड़ मुसलमानों को भारत से निकाल दे: धीरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि भाजपा में हिम्मत है तो देश में रह रहे 20 करोड़ मुसलमान को भारत से निकाल दे। उन्होंने कहा भारत में आजादी और आजादी से पहले भी और आजादी के बाद भी हमेशा यह नारा रहा है ष्भारत मां के चार सिपाही हिंदू मुस्लिम सिख इसाई ।

उन्होंने कहा जब तक यह भाईचारा बना रहेगा तभी इस देश की एकता है तभी इस देश का दुनिया में सम्मान है उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी को अपने नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज वक्फ कानून लाया गया है यह मुसलमानो के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप है।

जिसकी किसी को भी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने हालांकि यह कहा कि चाहे हिंदू हो चाहे मुसलमान हो चाहे सिखष्हो और चाहे इसाई हैं। धर्म का दुरुपयोग किसी को भी नहीं करना चाहिए। धर्म तो सच्चाई और अच्छाई का रास्ता बताता है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वक्फ कानून में संशोधन का कड़ा विरोध किया है तो उसके पीछे कोई मुसलमानो के वोट लेने या उनकी हिमायत लेने का मकसद नहीं है ।

सब लोग जानते हैं कि मुसलमान हो या हिंदू भाई हो या सिख हो या ईसाई ही हो वह भारत की रीढ है और अगर रीढ को छेड़ा जाएगा तो इस देश को लकवा मार सकता है।

इसीलिए अच्छा यह है कि हम बड़ा दिल करें और जिस तरह से अजहरुद्दीन और सुनील गावस्कर मिलकर भारत का खाता खोलते थे और देश को आगे बढ़ाते थे और जिस तरह से मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने मिलकर इस देश को अपने गानों से सब्जबाग किया, जिस तरह से फिल्म लाइन में एक्टर दिलीप कुमार ने और राजेश खन्ना ने इस देश की फिल्मों को नया रंग दिया उन्हें अदाकारी के नए प्रतिमान स्थापित किया और जिस तरह से की भारत के महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम जो भारत के राष्ट्रपति बने और उन्होंने और डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा ने जिस तरह से देश को विज्ञान में अंतरिक्ष तक पहुंचाया।

आज इसी तरह के लोगों की देश को जरूरत है और उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए और खास तौर पर भाजपा की जो ऑक्सीजन है जहां से उसको प्राण शक्ति मिलती है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी नागपुर में जो लोग बैठे हैं उनको यह देखना पड़ेगा की 75 करोड़ मुसलमान के दिलो को चोट पहुंचाकर इस देश की आत्मा को शांति नहीं पहुंचाई जा सकती । इस देश में अमन- चौन कायम नहीं रखा जा सकता और भाईचारा भी कायम नहीं रखा जा सकता

# चारधाम मार्ग पर मिलेगा स्वच्छ और शुद्ध भोजन

## खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा थीम पर शुरू किया अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग के होटल- ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि होटल कारोबारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए भी तीर्थ यात्रियों को प्रोत्साहित करेंगे। इसके लिए खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग के होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार सभी विभागों को हरित चारधाम यात्रा की थीम पर, यात्रा संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग,

■ सिंगल यूज प्लास्टिक से लेकर तेल, नमक, चीनी का प्रयोग कम करने में सहयोग करेंगे होटल कारोबारी

यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि इन कार्यशालाओं में होटल कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है। इससे खासकर मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित यात्रियों को सुविधा रहेगी। साथ ही ईट राइट अभियान के क्रम में होटलों को खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल करने के बजाय इसे बायोफ्यूल बनाने के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा जा रहा है। डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि होटल कारोबारियों को पानी की बोतल, रैपर जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को भी हतोत्साहित करते हुए, पर्यावरण संरक्षण में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि विभागीय निर्देशों के क्रम में अब तक ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग में होटल कारोबारियों के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है। यात्रा शुरु होने से पहले उत्तरकाशी, चंबा और हरिद्वार सहित कुछ और स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय खाद्य उत्पादों को भी उपलब्ध कराने को कहा जा रहा है।



इस बार हम हरित चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर तैयारी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि ना सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, बल्कि यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो, हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। इसमें हमें तीर्थ यात्रियों- खाद्य कारोबा. रियों से लेकर स्थानीय लोगों तक सभी का सहयोग चाहिए।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड'**

# सहकारिता से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर रविवार को जनपद हरिद्वार के ऋषिकुल ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण सहकारिता से विषय पर आधारित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहक. ारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रहे एवं विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी आशुतोश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल आदि उपस्थिति रहें।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग के संयुक्त निबंधक (मुख्यालय) एमपी त्रिपाठी, सहायक निबन्धक (मुख्यालय) राजेश चौहान, जिला सहायक निबंधक (हरिद्वार) पुष्कर सिंह पोखरिया एवं जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, हरिद्वार की सचिव एवं महाप्रबंधक वंदना लखेडा सहित बैंक एवं विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही सहकारिता से जुड़ी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जिला सहकारी बैंक में कार्यरत 20 महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग तथा जिले की समस्त सहकारी समितियों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके योगदान को सराहा गया। विभाग में कार्यरत महिलाओं एवं मत्स्य विभाग की सहायक निदेशक गरिमा मिश्रा को भी उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक हरिद्वार के माध्यम से 6 स्वयं सहायता समूहों को 5,00,000 तक के ऋण वितरण के चेक प्रदान किए गए। साथ ही, मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए महिला कृषकों को भी ऋण सहायता प्रदान की गई।जनपद हरिद्वार में 50,000 महिलाओं को श्लखपति दीदीश के रूप में सशक्त किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद की सभी 308 ग्राम पंचायतों में एक-एक बहुउददेश्यी सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। इन समितियों के माध्यम से पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, जन औषधि केंद्र, जन सुविधा केंद्र इत्यादि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ सीधे ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# सीएम आवास में धामी ने रामनवमी व दुर्गा नवमी पर की पूजा-अर्चना



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी और दुर्गा नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा-अर्चना की।

उन्होंने नौ दुर्गा की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवा. सियों को रामनवमी की शुभकामना दी और प्रदेश की खुशहाली व प्रदेशवासियों की सुख -समृद्धि की कामना की। समस्त प्रदेश वासियों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम प्रभु राम के आदर्शों को स्वयं में धारण कर समाज में ईमानदारी, प्रेम, सेवा और सद्भावना के साथ रहने का संकल्प ले। धामी ने कहा कि रामायण जैसे पवित्र धर्म ग्रंथो के अखंड पाठ के आयोजन हमारी आत्मा को शुद्ध करने व सात्त्विक बनाने और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

# अब अंतर्राष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी करें खिलाड़ी : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी व फुटबाल के मैत्री मैच के विजेताओं को सम्मानित किया। यह आयोजन खेल विभाग द्वारा पेवेलियन ग्राउंड में किया गया ।

समापन अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वे राष्ट्रीय खेलों में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर तो अपना नाम रोशन कर दिया है, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी में जुटना होगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 2036 के ओलंपिक के लिए हमने कम से कम 40 एथलीट तैयार करने की प्लानिंग की है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हाल ही में हमारा खेल लिगेसी प्लान तैयार हुआ है और इसे अमली जामा पहनाया जा रहा है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि




राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जल्द ही नौकरी दी जाएगी, इसकी प्रक्रिया चल रही है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका भविष्य उज्जवल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विशेष खेल सचिव अमित सिन्हा, संयुक्त खेल निदेशक अजय अग्रवाल, स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई, उपनिदेशक शक्ति सिंह, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर आदि मौजूद रहे।

■ क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी, फुटबॉल मैच के विजेताओं को किया सम्मानित,अंत. रराष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल विभाग ने किया था कार्यक्रम का आयोजन, खिलाड़ियों संग मंत्री रेखा आर्या ने खेला हॉकी मैच

# रामायण साधारण ग्रंथ नहीं, हमारे जीवन का दर्पण: धामी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** रामनवमी के अवसर पर रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ स्थित पांखू के माँ कोकिला कोठग्याड़ी मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअली संबोधित किया।

प्रदेश वासियो को राम नवमी की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभु श्रीराम से समस्त उत्तराखंड वासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रामायण कोई साधारण ग्रंथ नहीं, बल्कि हमारे जीवन का दर्पण है, मर्यादा, भक्ति, त्याग, और धर्म का पथ प्रदर्शक है। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें सीखने को मिलता है कि किस प्रकार से विषम

■ रामनवमी पर मुख्यमंत्री ने माँ कोकिला कोठग्याड़ी मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ को किया संबोधित

प्रभु श्रीराम मर्यादा, भक्ति, त्याग, और धर्म के पथ प्रदर्शक: मुख्यमंत्री



परिस्थितियों में भी धर्म और मर्यादा का पालन किया जाता है। माता सीता की पवित्रता, लक्ष्मण की सेवा भावना, भरत का त्याग, हनुमान जी की भक्ति ये सभी आदर्श हमें सदाचरण की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि रामायण जैसे पवित्र धर्म ग्रंथो के अखंड पाठ के आयोजन हमारी आत्मा को शुद्ध करने के साथ-साथ वातावरण को सात्विक बनाने और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है । 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद दूसरी बार रामनवमी का पर्व प्रभु श्रीराम लला अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर मना रहे हैं।

समस्त प्रदेश वासियों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम प्रभु राम के आदर्शों को स्वयं में धारण कर समाज में ईमानदारी, प्रेम, सेवा और सद्भावना के साथ रहने का संकल्प ले।

कार्यक्रम में फकीर राम टम्टा विधायक गंगोलीहाट, गिरीश जोशी जिलाध्यक्ष, भाजपा पिथौरागढ़, मनोज कार्की, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण, डॉ. स्वामी वीरेन्द्रानंद महाराज महामण्डलेश्वर, पंचदश नाम जूना अखाडा, कल्पना देवलाल, महापौर नगर निगम, पिथौरागढ़, दीपिका बोहरा, प्रशासक, जिला पंचायत पिथौरागढ़, शशिकला सत्याल, जिला संयोजक शिक्षिका प्रकोष्ठ तथा अन्य स्थानीय गणमान्य उपस्थित थे।

# 'ऐश किंग' के गीतों पर देर रात जमकर नाचे छात्र

## जश्न-ए-दून में बॉलीवुड के नामचीन सिंगर ने मचाई धूम

■ खेलकूद प्रतियोगिताएं व संगीत कार्यक्रम बच्चों के जीवन में उत्साह का संचार करते हैं: चौधरी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून वैली इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में 'जश्न-ए-दून 2025' में बॉलीवुड के नामचीन सिंगर ऐशकिंग ने अपने गीतों की एक से बढ़कर एक लाइव परफॉर्मेंस देकर छात्रों को नाचने को मजबूर कर दिया। देर शाम ठाकुरपुर प्रेम नगर स्थित स्कूल के खेल मैदान में बॉलीवुड सिंगर ऐश किंग की एंट्री होते ही छात्र-छात्राओं ने तालियां बजा कर उनका स्वागत किया। परफॉर्मेंस देने से पहले दून ग्रुप आफ कॉलेजेस के चेयरमैन चौधरी दरियाव सिंह, निदेशक डॉ. संजय चौधरी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

अपने संबोधन में चेयरमैन दरियाव सिंह ने कहा, खेलकूद प्रतियोगिता और इस तरह के संगीत



कार्यक्रम बच्चों के जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। करियर में कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ने में छात्रों के जीवन में मनोबल और उत्साह एक अहम रोल निभाता है।

निदेशक संजय चौधरी ने विद्यालय के छात्रों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा पढ़ाई के माध्यम से छात्र-छात्राएं जीवन में अपने सभी सपनों को पूरा कर सकते हैं। देवभूमि उत्तराखंड में प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर, किंग की यह पहली प्रस्तुति रही। उन्होंने बॉडीगार्ड पिक्चर के सुपर डुपर हिट गाने दिल का ये क्या राज है के साथ छात्रों के बीच शानदार शुरुआत की।

ये बारिश का मौसम, ये बारिश का पानी के गीत पर छात्र-छात्राएं मदहोशी में झूमने लगे। किंग के गीतों की शानदार प्रस्तुतियों पर मैदान में छात्र-छात्राएं खुद को नाचने से रोक नहीं पाए। इसके बाद तो मस्ती का जो आलम बना। उसने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## एक नजर

### चाय उत्पादन को दिया जाएगा बढ़ावा: मेहरा

**अल्मोड़ा।** सल्ट के भाजपा कार्यकर्ता महेश्वर सिंह मेहरा को चाय विकास बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। नव नियुक्त उपाध्यक्ष मेहरा ने कहा कि प्रदेश में चाय उत्पादन को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक लोगों को चाय उत्पादन से जोड़कर उनकी आजीविका में सुधार करना उनकी प्राथमिकता होगी। दायित्व मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वह ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। प्रदेश में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को चाय उत्पादन से जोड़कर उनकी आर्थिकी बढ़ाई जा सके। इसके लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### आपदा मद से भाजपा पार्टी कार्यालय के लिए धनराशि देना दुर्भाग्यपूर्ण: भोज

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने जिला प्रशासन द्वारा आपदा मद से भाजपा कार्यालय में विकास कार्य के लिए धन स्वीकृति करने पर सवाल खड़े किए है। उन्होंने जिला प्रशासन पर आपदा मद के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा की आज जिला प्रशासन भाजपा के आगे नतमस्तक हो गया है। पिछली बरसात में जिले में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। कई सड़के, रास्ते व गावों में गरीब ग्रामीणों की दिवारे ढह गई। कई विभागों को भी करोड़ो का नुकसान हुआ। कहा कि आम जनमानस ने नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए विभाग में शिकायत भी दर्ज कराई। लेकिन आज तक आम जनता को मुआवजा नहीं दिया गया। कहा कि जिस पार्टी के देश भर में करोड़ों रुपये के पार्टी कार्यालय बनाएं। जिस पार्टी को देश में सबसे ज्यादा चंदा मिलता है उसको आपदा मद से पार्टी कार्यालय के लिए जिला प्रशासन आगे आ गया और लाखों रुपये आपदा मद से भाजपा कार्यालय के लिए स्वीकृत कर दिए। जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आम जनता के साथ धोखा है।

### ओवर स्पीड में 14 चालकों पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देश पर रविवार को जनपद भर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस का सघन चेकिंग अभियान चला। पुलिस टीम द्वारा इंटरसेप्टर प्रभारी सुमित पांडे के नेतृत्व में गोल्फ ग्राउंड, सोमनाथ तिराहा, गनियाद्योली, पिलखोली समेत अन्य जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवर स्पीड पर फर्राटा भर रहे 14 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे 20 अन्य वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई है।

### 'शराब माफियाओं को नेताओं का संरक्षण'

**अल्मोड़ा।** रानीखेत तहसील के सोनी-देवलीखेत क्षेत्र में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों ने धरना दिया। रविवार को रामनवमी के दिन भी ग्रामीण धरने पर डटे रहे। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रति. निधियों ही शराब माफ़ियाओं को संरक्षण दें रहे है। सरकार से नशा नहीं रोजगार दो की मांग की गई। कहा कि क्षेत्र में शराब की दुकान खुलने से यहां का माहौल खराब होगा। युवाओं पर भी इसका दुष्परिणाम पड़ेगा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि वह क्षेत्र में किसी भी कीमत में शराब की दुकान नहीं खुलने देंगे।

### बजीना में भव्य माता रानी का जागरण

**अल्मोड़ा।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिर बजीना में माता रानी के जागरण का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर भव्य कलश यात्रा निकाली। गांव के सभी मंदिरों से होकर कलश यात्रा देवी मंदिर पहुंची। जिसके बाद मंदिर में यज्ञमान चंदन सिंह देव द्वारा पूजा-अर्चना की गई। रविवार को नवमी के अवसर पर हवन पूर्णाहूति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में भजन-कीर्तनों का आयोजन कर क्षेत्र के माहौल को भक्तिमय कर दिया।

### सरकार की आली में माता की चौकी

**अल्मोड़ा।** शनिवार देर रात थाना बाजार और लोअर मालरोड स्थित सरकार की आली में माता की चौकी का आयोजन किया गया। चौकी में रात भर माता



के भजनों में लोग झूमते रहे। माता की चौकी की शुरूआत श्री गणेश वंदना करते हुए मां भगवती का गुणगान किया गया। इससे पूरा पंडाल महामाई के जयकारों से गूंज उठा। वहीं, भजन गायक प्रमोद जोशी ने आ जा मां आ तुझे दिल ने पुकारा..., किरन चोपड़ा ने शेर पर सवार होकर आई शेरा वाली मां..., प्रियंका भट्ट ने चलो बुलाआ आया है, माता ने बुलाया है...आदि भजनों का गुणगान कर चौकी में अपनी हाजरी लगवाई। माता के भजनों पर बच्चें और महिलाएं देर रात तक झूमते नजर आए। वहीं, माता की चौकी आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमे रहे। नगर के थाना बाजार में भी लोक गायकों ने माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया।

# 'सूरज निकलेगा कमल खिलेगा'

## अल्मोड़ा में भाजपा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

### कार्यकर्ताओं ने पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को पातालदेवी स्थित जिला कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान भाजपाईयों ने झंडा रोहण कर मिष्ठान वितरण किया। वक्ताओं ने पार्टी के 45 साल के सफर को सबके समक्ष रखा। साथ ही पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष महेश नयाल की अध्यक्षता और नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट के संचालन में हुए कार्यक्रम में एक दूसरे को बधाई




दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि था 'सूरज निकलेगा कमल खिलेगा'। दो सांसदों वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि भाजपा आज विश्व में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में उभरी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का पूरे विश्व में डंका बज रहा है। भाजपा सरकार में अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। पूर्व विधायक कैलाश शर्मा व मेयर अजय वर्मा ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा सांसद व विधायक भाजपा के हैं। हमें पार्टी को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य करना होगा। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोविन्द पिलख्वाल, रवि रौतेला, अरविंद बिष्ट, बिट्टू कर्नाटक, एके सिकंदर पवार, कैलाश गुरुरानी, बीना नयाल, प्रकाश भट्ट, धर्मेंद्र बिष्ट, महेश बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, जगत तिवारी, अमित शाह मोनू, अर्जुन बिष्ट, मुकेश जोशी, मनोज जोशी, नवीन बिष्ट, संदीप श्रीवास्तव, मनीष जोशी, ललिता पचपाल, गोपाल जीना, धर्मवीर आर्य, राजा खान, जगमोहन सिंह बिष्ट, दीपक वर्मा, त्रिलोचन जोशी, दीक्षांत पवार, दिनेश मठपाल, मनोज सनवाल, मनोज तिवारी, सुनील कर्नाटक, नमीत जोशी, हिमाल शर्मा, नमन गुरुरानी, प्रमोद पवार, अभय साह, नरेंद्र बिष्ट, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत, खुद हटा लें अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क चौड़ीकरण को लेकर शनिवार को अपर जिलाधिक. ारी विवेक राय के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की टीम द्वारा बेस अस्पताल, ओके होटल से नानकस्वीट मंगल पड़ाव तक का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क चौड़ीकरण हेतु नाप जोख करते हुए अभियान चलाया गया। इस दौरान डिवाइडर से लेकर 12 मीटर तक सड़क चौड़ीकरण होना है। अपरजिला अधिकारी विवेक राय के नेतृत्व में देर सांय लोक निर्माण विभाग राजस्व नगर-निगम विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क में नाप जोख की गई जिसमें कुछ कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है उनको सख्त हिदायत दी गई, साथ ही ऐसे



लोग चिन्हित कर सूची तैयार की गई जिनके द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अपर जिलाअधिकारी ने कहा व्यापारी स्वयं जल्दी से जल्दी अतिक्रमण को हटा लें ताकि सड़क चौड़ीकरण में कोई किसी भी प्रकार की बाधा ना हो उन्होंने कहा जल्दी से जल्दी इस कार्य को पूरा कर दिया जाए। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उपजिला अधिकारी परितोष वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि रत्नेश कुमार सक्सेना के अतिरिक्त राजस्व विद्युत आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अल्मोड़ा से हल्द्वानी के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मां वैष्णवी एजुकेशनल एवं वैलफेयर सोसाइटी अल्मोड़ा के सचिव कपिल मल्होत्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा को एक ज्ञापन सौंपते हुए अल्मोड़ा से हल्द्वानी के बीच हेलीकॉप्टर सेवा की जल्द शुरुआत की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में अल्मोड़ा और देहरादून के बीच हेलीकॉप्टर सेवा संचालित हो रही है, जिससे लोगों को यात्रा में बड़ी राहत मिली है। ऐसी ही सुविधा अब हल्द्वानी जैसे महत्त्वपूर्ण गंतव्य के लिए भी आवश्यक है। सचिव कपिल मल्होत्रा ने कहा कि अल्मोड़ा जिले की भौगोलिक परिस्थितियां अत्यंत चुनौतीपूर्ण हैं। यहां की सड़कें अक्सर भूस्खलन, जाम और खराब मौसम के कारण प्रभावित होती रहती हैं, जिससे लोगों की आवाजाही में भारी परेशानी आती है। खासकर चिकित्सा आपात स्थितियों में मरीजों को हल्द्वानी जैसे प्रमुख चिकित्सा केंद्र तक समय पर पहुँचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में हेलीकॉप्टर सेवा एक जीवन रक्षक विकल्प सिद्ध हो सकती है। सांसद अजय टम्टा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस विषय को लेकर केंद्र सरकार से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि पहाड़ों में सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है और जनता की जरूरतों को सर्वोपरि रखा जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पार्षद अमित साह मोनू, अभिषेक जोशी, अर्जुन सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट शामिल रहे।

## चैती मेले में प्याऊ का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चैती मेले में श्री ठाकुर महासभा की प्याऊ का आज महासभा के संरक्षक डा. प्रेम शंकर द्वारा फीता काट कर शुभारम्भ किया गया। महासभा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि पिछले 98 सालों से हमारे बुर्जुगों द्वारा श्री चैती मेले में यह प्याऊ ठाकुर समाज के सहयोग से लगातार लगती आ रही है। सभा के महामंत्री गोपाल ठाकुर ने कहा कि श्री ठाकुर महासभा चैती मेला प्याऊ अष्टमी से त्रयोदशी तक लगाई जाती है। प्याऊ में मिनरल वाटर, रात्रि विश्राम के लिए गद्दों की व्यवस्था



आदि महासभा निःशुल्क करती है। महासभा द्वारा नवमी, दशामी, एकादशी तीनों दिनों तक मेले में विशेष व्यवस्था की जाती है। शुभारंभ अवसर पर वीर सिंह, नवनीत कुमार, पंकज ठाकुर, पवन ठाकुर, अजय कुमार हरप्रसाद, राजेश ठाकुर, हर्षित ठाकुर, सुधीर ठाकुर, वैभव ठाकुर, महिला उपाध्यक्षा रेनू ठाकुर, रिंकू ठाकुर, कल्पना ठाकुर, रितू ठाकुर, सोनी ठाकुर, मीनू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

### विवाहिता ने तीन तलाक देने का भी आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने नवविवाहिता को मारपीट कर अधमरा कर दिया। वहीं पति ने विवाहिता को तीन तलाक भी दे दिया। पीड़िता की बहन की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा पाण्डेय निवासी शमीम जहां पुत्री स्व. साबिर हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन शबनम का विवाह 14 नवंबर 2024 को महुआखेड़ागंज निवासी मौहम्मद आलिम पुत्र कलुआ के साथ हुआ था। दहेज में मायके पक्ष ने सामान समेत बहन के नाम दो लाख 25 हजार की एफडी भी की थी। शादी के बाद से ही पति आलिम, ससुर कलुआ, सास मौमिना, देवर आरिफ, ननद करीना, जेठानी नाजरीन पत्नी सालिम व (दामाद) अकबर अली उसकी बहन को कम दहेज लाने के लिये ताना देते और परेशान करना शुरु कर दिया। इस दौरान ससुराली एफडी तोड़कर उन्हें पैसे देन का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर ससुराली उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कहा कि फरवरी माह में मां की तबियत खराब हो गई तो उसकी बहन घर में आ गई। इस दौरान जब रिश्तेदारों ने ससुरालियों को समझाने का प्रयास किया तो तब भी उन्होंने एफडी तोड़कर रूपये देने की मांग की तथा एफडी के पैसे न देने पर दो लाख की नकदी की मांग करने लगे। कहा कि 26 मार्च 2025 को शबनम का पति चैन्नई से आकर अपने साथ ससुराल ले गया। 1 अप्रैल 2025 को शाम 4 बजे उसकी बहन ने अपनी ननद के मोबाइल से फोन कर बताया कि वह उसे यहां से ले जायें नहीं तो ससुराली उसे जान से मार देगें। शबनम ने फोन पर बताया कि उसके साथ ससुरालियों ने मारपीट की है और पति आलिम ने उसे तीन तलाक भी दे दिया है। जिसके बाद वह अपने भाई के साथ शबनम को घर लेकर आने लगे तो ससुरालियों ने उनके साथ भी गाली गलौच और मारपीट भी की। पुलिस ने तहरीर के आधर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भाजपा द्वारा श्री अग्रवाल सभा में अपने स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपाइयों ने मां भारती, पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की आज पार्टी का स्थापना दिवस मनाते हुए केंद्र व राज्य सरकार एवं नगर निगम स्तर तक भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक वार्ड के कार्यालय से लेकर मंडल कार्यालय एवं घरों पर भाजपा के ध्वज लगाए हैं। सप्ताह भर तक कार्यक्रमों का




आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन बिष्ट व नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि आज पार्टी की नींव रखी गई थी। अब भाजपा पूरी दुनिया में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली, गुरविंदर सिंह चंडोक, उषा चौधरी, मुक्ता सिंह, इंतजार हुसैन, लवीश अरोरा, अजय शंकर कौशिक, मुकेश चावला, चौ. समरपाल सिंह, शिव अवतार गुप्ता, ईश्वर चन्द्र गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू, वैशाली गुप्ता, रवि प्रजापति, प्रिंस बाली, सर्वेश शर्मा, कविता यादव, कल्पना राणा आदि तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## मेयर दीपक बाली ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने आज वार्ड नंबर 10 में एक करोड़ 22 लाख 71 हजार रुपए की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास किया जबकि इसी वार्ड में चार-पांच दिन पूर्व लाइन पार क्षेत्र में 13 लाख 66 हजार



रुपए की लागत से एक सड़क का शिलान्यास कर चुके हैं। महापौर दीपक बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा काशीपुर के समग्र विकास के प्रति मिल रहे आशीर्वाद के चलते काशीपुर को नई पहचान दी जाएगी। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह पार्षद अंजना देवी बूथ अध्यक्ष भारत सिंह शक्ति केंद्र संयोजक नवीन पपने दिनेश नेगी कुलवंत सिंह कमल बिष्ट किरण, पार्षद अंजना, विजय, मोनू चौधरी, कदीर आदि पार्षदों के साथ, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरस्वती नंग्याल, अगरपाल यादव, सुखविन्दर सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी पूर्व पार्षद कुलवंत रंधावा, भुवन मठपाल, दिनेश नेगी आदि मौजूद रहे।

## रामनवमी: मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** चैत्र नवरात्र की रामनवमी जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाई गई। नवरात्र पर नवमी को घरों में कन्या पूजन कर लोगों ने नौ दिनों से चल रहे उपवास समाप्त कर माता से सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी। रविवार को रामनवमी के दिन अल्मोड़ा कलक्ट्रेट परिसर स्थित ऐतिहासिक राम शिला मंदिर में पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



सुबह से भक्तों का पूजा अर्चना को पहुंचा शुरू हो गया था, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। इसके अलावा नंदादेवी मंदिर, चितई गोलू देवता मंदिर, स्याही देवी, देवी मंदिर खत्याड़ी, बद्रेश्वर मंदिर, पातालदेवी, बानरदेवी, दूनागिरी, विमलकोट मंदिर, डोयलीडाना समेत नगर के मंदिरों में भी दिनभर भक्त दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचे। वहीं, व्रत कर रहे लोगों ने घरों और मंदिरों में कन्या पूजन कर नवरात्र व्रत का पारायण किया। व्रतधारियों ने कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें भेंट स्वरूप माता की चुनरी, फल और रुपये दिए। इधर, चौत्र नवरात्रि के नवमी पर्व पर रविवार को घरों में कन्या पूजन कर नौ दिनों से चले आ रहे व्रत का परायण किया। देवी मंदि. रों में पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ किया। क्षेत्र के सभी मंदि. रों में माता के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। कन्याओं ने भी घर-घर बने पकवान खाये। पंडितों ने बताया कि रामनवमी के पर्व का विशेष महत्व है। गंगा स्नान कर पूजा अर्चना करने वालों को देवी सभी दुखों से दूर करती है। धन-धान्य और निरोगी काया बनाती है।

## शहीद सैनिक विद्यालय में जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद नैनीताल के द्वारा भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में शनिवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वक्ता जिला उपभोक्ता फोरम नैनीताल के अध्यक्ष रमेश जायसवाल रहे। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को उनके अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम वस्तुओं तथा सेवाओं का लाभ उठाने में धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं जिससे हमारे समाज में विकृतियां पैदा हो रही हैं इसलिये जरूरी है कि हम अपने अधिकारों का प्रयोग सही तरीके से करें। गोष्ठी में अधिवक्ता मुन्नी आर्या तथा दिगम्बर सिंह भाकुनी व मंजू कोटलिया ने उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2019 तथा 2020 पर विचार व्यक्त किया। परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी जी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्टैंडिंग कमेटी की सदस्य मंजू कोटलिया समेत परिषद की सचिव प्रीति शर्मा तथा उप सचिव गीता पांडे व रेखा त्रिवेदी, निशांत की प्रधानाचार्य तारा बोरा समेत दया बिष्ट, तारा राणा व प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रवीण सती, मंजू जोशी, उत्कर्ष बोरा, डा. नीलम जोशी, दीप लता त्रिवेदी तथा दीपक व भगवती देवी, बाल सैनिक उपस्थित रहे। परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी ने सभी का आभार जताया।

## सरकार के विश्वास पर खरा उतरूंगी: मेहरा

### दर्जा राज्यमंत्री शांति मेहरा ने सीएम धामी व भाजपा संगठन का आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** राज्य सरकार में दर्जा राज्य मंत्री बनीं शांति मेहरा ने सरकार व संगठन का अभार जताया है। बता दें कि वरिष्ठ भाजपा नेत्री शांति मेहरा को उत्तराखंड प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। शांति मेहरा पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुकी हैं। उनका राजनीतिक कैरियर बहुत लंबा है। उनको 22 वर्ष पूर्व भी दर्जा राज्य मंत्री बनाया गया था। देहरादून से अपने कालाढूंगी निवास



पहुंचीं शांति मेहरा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रदेश सरकार व संगठन का आभार जताया। उन्होंने कहा सरकार ने जिस विश्वास से उनको इस पद से नवाजा है वे उसको पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगी।

उनका प्रयास रहेगा कि वरिष्ठजनों को धामी सरकार की हर योजना का लाभ मिले जिससे आने वाले चुनावों में लोगों का भाजपा सरकार के प्रति विश्वास अटल हो। उन्होंने कहा धामी सरकार उत्तराखंड में विकास की एक अलग पहचान बना रही है। इस दौरान उनके साथ उनके पुत्र फिल्म अभिनेता मयंक मेहरा, वरुण मेहरा आदि मौजूद थे। पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश नैनवाल, महामंत्री शाकिर हुसैन, सतीश जोशी, जाहिद हबीबी, गोपाल सिंह बिष्ट, रजत पंत ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

## नियमों के उल्लंघन में 68 लोगों पर एक्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** यातायात नियमों का पालन न करने वालों व अराजक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए सीओ बागेश्वर के नेतृत्व में देर रात्रि तक सघन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे 68 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय लाल साह के पर्यवेक्षण में शनिवार देर रात को जनपद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों व अराजक तत्वों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीओ अजय लाल साह द्वारा स्वयं फील्ड में उतरकर देर रात्रि तक सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात समस्त फोर्स को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसी क्रम में जनपद पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन (ओवरलोडिंग, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, मोबाइल का प्रयोग करना, बिना रिफ्लेक्टर, बिना नम्बर प्लेट/दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, बिना हेलमेट) वाले व सार्वजनिक स्थलों/धार्मिक स्थलों पर शराब पीकर गन्दगी करने व हुड़दंग करने वाले कुल 68 व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई की गई।

## व्रत के बाद किया कन्यापूजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राम नवमी को जिले के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही लोग मंदिरों में पूजापाठ को पहुंचने लगे। नगर के बाबा बागनाथ मंदिर, काल भैरव में पूजा करने के बाद राम मंदिर, चंडिका मंदिर, नीलेश्वर में पूजा अर्चना की गई।

वहीं लोगों ने घरों में नौ दिनों के व्रत के पश्चात कन्या पूजन किया गया। लोगों ने कन्याओं के पैर धोकर उन्हें प्रसादी खिलते हुए दक्षिणा दी। जिसके बाद दिन भर लोग मंदिरों में कीर्तन भजन करते रहे। इधर दुग नाकुरी तहसील के उद्यमस्थल मां नंदा सुनंदा देवी मंदिर में सातवें दिवस की श्रीमद देवी भागवत कथा जारी रही। सातवें दिन वेद व्यास रमेश चंद्र पांडे ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं



को मनुष्य जीवन में किए गए कर्म और उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रतीक मनुष्य का धर्म है कि वह अपने जीवन काल में तीन ऋष पितृ ऋण, देव ऋण, ऋषि ऋण को अवश्य चुकाना चाहिए। उन्होंने पितरों की पूजना अर्चना, देव मंदिरों में पूजा अर्चना आदि के विधियों के बारे में बताया। साथ ही कथा में माता सीता व भगवान राम चंद्र जी के जीवन उनके त्याग समर्पण से समाज को सीख लेने को कहा गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेगी, पुजारी दीवान सिंह, प्रेम सिंह सुरकाली, योगेश हरडिया, पूरन गढ़िया, नंदन नेगी, हरीश सिंह, सहित तीनों ग्राम पंचायतों के ग्रामीण व ग्राम सभा रीमा, पपोला, बाफिला गांव, दियाली, कुरौली सहित दूर दूर आए श्रद्धालु मौजूद थे।

### सिमकुना में विधिक शिविर

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को ग्रामसभा सिमकुना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने कानून की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून में सभी के हित सुरक्षित है। लोग अपने हितों के लिए जागरूक रहें। नशे से होने वाले दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, बच्चों के अधिकार, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100, पर्यावरण संरक्षण एवं गिरफ्तारी से पूर्व, गिरफ्तारी के समय एवं गिरफ्तारी के बाद विधिक सहायता योजना आदि विषय पर जानकारी दी गई। न्यायिक अधिकारी नीरज कुमार सिविल जज (सीनीयर डिवीजन), पुनीत कुमार सिविल जज (जूडि), वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद भंडारी, सालसा से शोध एवं भ्रमण हेतु आए हुए न्यायिक अधिकारीगण, महीप किशोर, अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खेल दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला खेल विभगा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। सद्भावना मैचों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्हें बेहतर खेल के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इंडोर स्टेडियम कठायतबाड़ा तथा डिग्री कालेज मैदान पर सद्भावना मैच खेले गए। जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए प्रेरित किया। कहा कि वह स्वयं का कॅरियर के साथ ही जिला, राज्य तथा देश का नाम रोशन कर सकते हैं। जिले में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। बालक वर्ग में स्टेडियम तथा बागनाथ फुटबाल क्लब के बीच फुटबाल प्रतियोगिता हुई। इसमें स्टेडियम ने 2-1 से मैच जीता। खो-खो बालिका वर्ग में स्टेडियम ए की टीम ने बालिका इंटर कालेज बागेश्वर को 27-10 अंक से हराया। बालक-बालिका बैडमिंटन सिंगल अंडर 15 में अनन्या बिष्ट तथा विदेश रावत के मध्य सिंगल खेला गया। वेदासी ने 21-16, जबकि बालक वर्ग में क्षितिज रावल व भाविन नेगी के मध्य मैच हुआ। क्षितिज ने 21-18 से जीता। इस अवसर पर प्रभारी खेल अधिकारी किरन नेगी, राजेंद्र दफौटी आदि मौजूद रहे।

# खरदूषण वध व सीता हरण

## उत्थान मंच में महिला रामलीला का पांचवां दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला मंचन महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को नककटाई, खर-दूषण वध, सीता हरण की लीला देखकर दर्शकगण मंत्र मुग्ध हो गए। रविवार को उत्थान मंच में चल रही महिला रामलीला महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक नारायण पाल सहित समिति की अध्यक्ष लता बोरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया। रामलीला मंचन की शुरुआत शूर्पणखा नक कटाई से हुई। जंगल विचरण करती हुई शूर्पणखा पंचवटी पहुंचती है। सुंदर श्रीरामव लक्ष्मण को देखकर विवाह करने का प्रस्ताव रखती है, जिस शादी करने से दोनों भाई मना कर देते हैं। इससे नाराज होकर शूर्पणखा सीता माता को मारने के लिए हमला कर देती है। जिसपर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं।



इससे क्रोधित होकर शूर्पणखा वहां से अपने भाई खर व दूषण के पास चली जाती है। बहन का बदला लेने के लिए खर-दूषण श्रीराम से युद्ध करते है और राम दोनों का वध कर देते हैं। यह देखकर शूर्पणखा लंकापति भाई रावण के पास जाती है और राम लखन से प्रतिशोध लेने की कहती है। जिसके बाद रावण अपने मामा मारीच को सोने का हिरण बनाकर पंचवटी के जंगल में भेजते हैं। सोने का हिरण देखकर पाने की जिद करतीं है। सीता माता के जिद आगे राम विवश होकर हिरण को पकड़ने के लिए दूर चले जाते हैं। जिसके बाद रावण साधु के वेष में माता सीता से भिक्षा लेने पहुंचता है। सीता माता सुरक्षा रेखा से निकलकर भिक्षा देतीं हैं तो राणव उनका हरण कर लेता है। राम लक्ष्मण तुरंत पंचवटी लौटते हैं और सीता को ना पाकर व्यथित हो जाते हैं। राम और लक्ष्मण, सीता की खोज में वन वन भटकते हैं। रास्ते में जटायु घायलवस्था में मिलता है और बताता है कि रावण सीता का हरण करके लंका की ओर ले जाने का मंचन किया गया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, शांति जीना, कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, जया बिष्ट, यशोदा रावत, तुलसी रावत, प्रेमा बृजवासी, मंजू बनकोटी, कुसुम बोरा, अंजना बोरा, निर्मला बहुगुणा, सुशील शर्मा मौजूद रहे।

## राम नवमी पर विशेष अनुष्ठान

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर में नवमी के विशेष मौके पर रविवार को धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर ट्रस्ट की ओर से सुबह पूजा अर्चना कराने के बाद हवन यज्ञ संपन्न कराया गया जिसके बाद मंदिर में कन्यापूजन किया गया। मंदिर के पुजारी बसन्त बल्लभ पांडे समेत चंद्रशेखर तिवारी नवीन चंद्र तिवारी व गणेश बहुगुणा और भुवन काण्डपाल ने पूजा संपन्न कराई। हवन में यजमान विनय साह सपत्नी शामिल रहे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना जाना लगा रहा। स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों ने भी मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नैना देवी मंदिर के साथ ही मां पाषाण देवी मंदिर समेत हनुमानगढ़ी और शहर के अन्य मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान और प्रसाद भंडारा आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह तथा शैलेश मेलकानी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवमी पर पूजी गई कन्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवमी के तिथि पर कन्या पूजन के साथ नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र का रविवार को समापन हो गया। नवरात्रों में माता के नौ शक्ति स्वरूपों का विधिवत पूजन के बाद

### नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र का समापन

आज घर-घर कन्या पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। सुबह से ही हल्द्वानी समेत आसपास के देवी मंदिरों में भक्तों का भीड़ जुटना शुरु हो गई थी।

श्रद्धालुओं ने नवमी के मौके पर मां के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। वहीं घरों में कन्या पूजन कर नवरात्र व्रतों का पारायण किया गया।

व्रतधारियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों के प्रतीक स्वरूप नौ-नौ कन्याओं को भोजन कराया और उपहार भेंट किए। भक्तों ने मंदिरों में देवी मां की पूजा अर्चना कर श्रृंगार सामग्री के साथ ही नारियल व फल का प्रसाद चढ़ाया और सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही भक्तों का हुजूम मंदिरों में उमड़ पड़ा। घंटियों की गूंज व माता के जयकारों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान जगह-जगह





भंडारा भी लगाया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही शीतलाहाट, कालीचौड़, पिपलेश्वर, दत्तात्रेय, देवी मंदिर ऊंचापुल, कालू सिद्ध मंदिर, आंवलेश्वर मंदिर, राम मंदिर, शीश. महल शिव मंदिर, पंचेश्वर मंदिर आवास विकास, चारधाम मंदिर फतेहपुर गुजरौड़ा, लटूरिया बाबा आश्रम, सत्यनारायण मंदिर, बेलबाबा मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर कमलुवागांजा समेत तमाम मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। जगह-जगह धार्मिक आयोजनों के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमी के पावन मौके पर भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# रामनवमी पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

## काली आखाड़ा, हनुमान जी के सात रूप समेत आकर्षक झाकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्रीराम भक्त सेवा समिति द्वारा रविवार को रामनवमी के अवसर पर रामलीला मैदान से शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री रामल. ीला मैदान से प्रारंभ होकर ओके होटल, कोतवाली, तिकोनिया चौराहा, वर्कशॉप लाइन, रोडवेज, रेलवे बाजार, मीरा मार्ग, सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा से होते हुए वापस ओके होटल से रामलीला मैदान में आकर समापन हुआ। इस शोभायात्रा में शहरवासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया, और साथ ही प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। यात्रा में कई प्रकार की आकर्षक झांकियां निकाली गई, जो





शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। इस शोभायात्रा में काली अखाड़ा, हनुमानजी के सात रूप, राधा-कृष्ण, बांके बिहारी की रासलीला, भोलेनाथ का अघोरी रूप, भव्य राम दरबार व बैंडबाजों सहित विभिन्न झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। राम भक्त सेवा समिति के अध्यक्ष रक्षित सिंह चिलवाल और उपाध्यक्ष प्रणय बाली ने इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले सभी युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से हमारी संस्कृति और धर्म को बढ़ावा मिलता है। शोभायात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुशल, रविंद्र बाली, वीरेंद्र जायसवाल, हीरालाल साहू, कार्तिक हर्बोला, नंदकिशोर आर्य, ललित जोशी, तनुज गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, शैलेंद्र, अंजू, रीना बाली, रानी चंपा देवी, अलका जीना, नीतू आर्या, ध्रुव भंडारी, प्रियांशु आर्य, राकेश बगडवाल, सोनू शर्मा, संजय कुमार समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# मंदिर दर्शन गए परिवार के घर में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवरात्रि की अष्टमी के दिन एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक गरीब परिवार माता के दर्शन के लिए मंदिर गया था और उनके घर में अचानक आग लग गई।

### गरीब परिवार का सारा सामान जलकर हुआ राख

यह घटना मल्ला चौफुला दमुवाढूंगा स्थित ओमकार नामक मजदूर के घर की है, जहां उसका परिवार गरीबी के बावजूद किसी तरह गुजर-बसर कर रहा था। शनिवार सुबह पूजा-पाठ के बाद पूरा परिवार माता के दर्शन के लिए मंदिर चला गया। इसी बीच कुछ ही समय में घर में आग लग गई। आग ने तेजी से झोपड़ी को अपनी चपेट में लिया और सारे घर का सामान जलाकर राख कर दिया। आस-पड़ोस के लोग और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। आग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह गैस सिलेंडर को बाहर निकाला, जिससे आग के फैलने का खतरा कुछ कम हुआ। पुलिस और दमकल भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक परिवार का सारा सामान, जिसमें फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टीवी, बाइक, जेवरात, मोबाइल और 20 हजार रुपये समेत सभी वस्तुएं जल चुकी थीं। आग लगने की वजह मंदिर में जल रहे दीपक को माना जा रहा है, जो शायद गिरने के कारण आग का कारण बना। ओमकार और उसके परिवार के लिए यह अत्यधिक दुखद घटना रही, क्योंकि उनके पास अब न तो रहने के लिए सामान बचा और न ही खाने-पीने का कोई साधन। सामा. जिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने इस घटना की जानकारी हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश को दी। विधायक ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस गरीब परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि वह जल्द से जल्द अपनी जिंदगी की रफ्तार वापस पा सकें।

# एसटीएच में सेवानिवृत्त वनाधिकारी की जेब कटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल में एक सेवानिवृत्त वनाधिकारी की जेब कटने का मामला सामने आया है। यह घटना तीन दिन पहले बीते 3 अप्रैल की बताई जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पीड़ित कैलाश चंद्र कपिल ऊंचापुल के चंदन विहार बिठौरिया में रहते है। बताया जा रहा कि कैलाश चन्द्र कपिल बीते 3 अप्रैल को अपनी आंखों का इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। पीड़ित कैलाश चंद्र ने राजकीय चिकित्सा अधीक्षक और पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि वह अस्पताल में आंखों का इलाज करवाने आए थे। इलाज के बाद उन्होंने काउंटर में फीस जमा की और फिर खून की जांच कराने के लिए पहुंचे। इसी दौरान, अज्ञात जेब. कतरों ने उनकी जेब काटकर उनके पर्स में रखे 8,000 रुपये उड़ा दिए। यह घटना तब सामने आई जब कैलाश चंद्र काउंटर पर फीस देने के लिए पहुंचे और उन्हें पता चला कि उनकी जेब से पर्स गायब है। उन्होंने तत्काल पुलिस और अस्पताल प्रशासन को सूचित किया। मेडिकल चौकी इंचार्ज भूपेंद्र मेहता ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों का पता चल सके।

# स्कूलों की मानमानी पर आक्रोश

## अभिभावक संघर्ष समिति ने शिक्षा मंत्री भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है जिसका प्रमाण यह है कि हर स्कूल ने अपनी ड्रेस व कॉपी किताबों के लिए एक निश्चित दुकान निर्धारित कर रखी है और कई स्कूलों ने तो बीच सत्र में ही स्कूल की ड्रेस चेंज कर दी है जो नियम विरुद्ध है। इसकी वजह से अभिभावकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। अभिभावक संघर्ष समिति के संयोजक पंडित मदन मोहन जोशी ने मीडिया को बयान जारी कर कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी खुलेआम जारी है और कोई देखने वाला नहीं हैं। पहले भी अभिभावकों की समस्याओं को लेकर अभिभावक संघर्ष समिति ने शिक्षा मंत्री सहित सभी उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही हैं। हाल ही में अधिकारियों ने कॉपी-किताबों की दुकानों में छापे मारे, जिसके बाद कॉपी-किताबों की दुकानों और स्कूलों को नोटिस दिए गए है। अभिभावक संघर्ष समिति की मांग है कि जिन निजी विद्यालयों व दुक. ानों को नोटिस दिए गए है उनके नाम भी सार्वजनिक किए जाएं जिससे मालूम पड़े कि प्रशासन द्वारा जो छापेमारी की कार्यवाही की गई है वह पारदर्शिता के साथ और निष्पक्ष की गई है। वही प्रदेश में निजी स्कूलों के लिए कोई फीस नीति नहीं बनी है जिस कारण निजी स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे है और इसको रोकने के लिए उत्तराखंड में शीघ्र अति शीघ्र निजी स्कूलों में फीस एक्ट लागू होना बहुत जरूरी है जिससे अभिभावकों को निजी स्कूलों की मनमानियों से छुटकारा मिल सके। साथ ही अभिभावक संघर्ष समिति उच्च अधिकारी से पूछना चाहती है कि क्या सभी निजी विद्यालय शिक्षा विभाग और सीबीएसई की गाइडलाइन से चल रहे है। इसकी तो जांच विभाग कर सकता है और उस जांच के लिए कोई लिख शिकायत की कोई आवश्यकता नहीं है।

## तुगलकी फरमान वापिस ले सरकार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा यूसीसी के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन नहीं करने वाले कर्मचारियों के वेतन रोकने के आदेश को वर्चुअल बैठक में तुगलकी तथा असंवैधानिक करार देते हुए पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया गया तथा शासन से माह मार्च के वेतन शीघ्र निकालने की मांग की गई। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि बैठक में यूसीसी के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने के प्रशासन के आदेश को तुगलकी तथा असवैधानिक फरमान क रार दिया गया क्योंकि एक्ट में विलंब से रजिस्ट्रेशन कराने पर अतिरिक्त लेटफीस का प्रावधान है इसलिए जो कार्मिक देर से रजिस्ट्रेशन कराता है तो उसे स्वयं ही दण्ड स्वरूप अधिक धनराशि का भूगतान कर दण्डित होना पड़ेगा। बैठक में परिषद के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश काण्डपाल ने कहा कि मार्च माह का वेतन नहीं निकलने से कर्मचारियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस अप्रैल महीने में कर्मचारियों को बच्चों को एडमिशन फीस तथा ड्रेस आदि पर अत्यधिक व्यय करना पड़ता है। बैठक की अध्यक्षता परिषद के संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट द्वारा की गई। बैठक में परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इसरार बेग समेत बीना बेलवाल, शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री जगदीश सिंह बिष्ट हल्द्वानी शाखा के महामंत्री संजय जोशी, तनवीर असगर, चंद्रशेखर सनवाल, गणेश सिंह बिष्ट, दीपक बिष्ट, नवल बिनवाल, आनन्द सिंह जलाल, सत्य प्रकाश द्विवेदी, आनन्द पाण्डेय, भूपाल सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह मनराल, राजेंद्र प्रसाद सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### फरार वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद सिंह मीणा के निर्देशन में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों तथा वांछित अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डाक्टर जगदीश चंद्रा पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात के दिशा निर्देशन में प्रमोद शाह क्षेत्राधिकारी नैनीताल के पर्यवेक्षण में रमेश बोहरा थानाध्यक्ष तल्लीताल के नेतृत्व में लम्बे समय से फरार वारंटी मोहम्मद वैस उम्र 22 वर्ष पुत्र मुन्ने निवासी एजाज नगर गोटिया थाना बारादरी जिला बरेली संबंधित फौजदारी वाद संख्या 2584/2023 धारा 138 एनआई एक्ट थाना तल्लीताल नैनीताल को मुखबिर खास की सूचना पर हल्द्वानी क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में एसओ रमेश सिंह बोहरा थानाध्यक्ष तल्लीताल तथा उप निरीक्षक श्याम सिंह बोरा चौकी ज्योलीकोट थाना तल्लीताल तथा कांस्टेबल धर्मेन्द्र साहनी शामिल थे।

### पौधारोपण आंदोलन 275वें दिन भी जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 275वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि 3 जुलाई से शुरू हुआ यह आंदोलन अब तक 47,000 से अधिक पौधों का रोपण कर चुका है, जो पर्यावरण संरक्षण में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने नियमितीकरण की प्रमुख मांग पर सरकार से समाधान की अपील की। इस अवसर पर वन विभाग पिथौरागढ़ के अधिकारियों का सहयोग भी रहा। पर्यटकों ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिया।

### रामसेवक सभा में हनुमान चालीसा पाठ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा ने रविवार को रामनवमी के विशेष मौके पर श्री राम की आराधना की जबकि सभा के



बाल कलाकारों ने राम भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान बाल कलाकारों ने हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ किया गया तथा हनुमान जी तथा प्रभु राम से आशीर्वाद मांगा। श्री राम के सुंदर भजन श्री रम्म चंद कृपाल भज मन... तथा राम जी करेंगे बेड़ा पार... तथा मेरे घर राम आए हैं की प्रस्तुति दी। बाल कलाकारों ने पायो जी मैने राम रतन धन पायो... तथा भजमन राम चरण सुख पायो... तथा ढोल नगाड़े बजे... की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष मनोज साह समेत महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत बिमल चौधरी, विमल साह, देवेंद्र लाल साह, रक्षित साह, निकिता शर्मा, सोनी शर्मा, उन्नति साह, अंकित, मुन्नी शर्मा, ममता साह, मोहित शर्मा, शिवांश साह सहित बाल कलाकारों ने श्री राम का जन्मोत्सव मनाया अंत में सभा परिवार की ओर से मिष्ठान वितरण किया गया।

# खेल दिवस पर सद्भावना मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हल्द्वानी इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार और रामनगर में खेल विभाग द्वारा संचा. लित विभिन्न खेल शिविरों में सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत द्वारा की गई। इस मौके पर बास्केटबॉल, फुटबॉल, वाटर पोलो, स्विमिंग और बैडमिंटन जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में खेल विभाग की उपनिदेशक राशिका सिद्दीकी और जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को



सम्मानित किया। अपने संबोधन में क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने खिलाड़ियों को फिटनेस और खेल कौशल के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, फुटबॉल कोच किशोरपाल, क्रिकेट कोच त्रिलोक जीना, निशांत मेहता, संजय गेड़ा, महेश बिष्ट, अंकुश रौतेला, निलेश गुप्ता, गोविंद लटवाल, श्याम मन्नू भट्ट, शिवांगि. नी शाह, विमला रावत, किरण मौर्य, पूनम शिरोला, गोपाल नेगी, मो. आदिल, नैतिक पाल, कैलाश जोशी, पांडे आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

# आरोपी को अनाथ आश्रम को 21 हजार दान करने की 'सज़ा'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला टैक्सी चालक के साथ अभद्रता की घटना सामने आई, जिसने न केवल आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की, बल्कि उसे एक अनूठी सजा भी दी। यह घटना नवरात्रि के दौरान उस समय हुई जब महिला टैक्सी चालक व्रत के दौरान रोडवेज बस अड्डे के पास सवारियों का इंतजार कर रही थी। इस दौरान एक पुरुष टैक्सी चालक ने महिला के साथ अभद्रता की, जिसे महिला ने तुरंत पकड़कर कोतवाली पहुंचा दिया। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपी ने महिला से माफी मांग. नी शुरू कर दी। हालांकि महिला ने आरोपी को माफ करने का फैसला लिया, लेकिन एक अनोखी शर्त रखी। महिला ने कहा कि वह आरोपी को माफ कर देगी, लेकिन बदले में उसे अनाथ आश्रम को 21 हजार रुपये दान करने होंगे। आरोपी के लिए यह राशि भारी पड़ी, और उसे पांच घंटे तक हवालात में रखने की धमकी दी गई। इस दौरान महिला की शर्त के बाद कई टैक्सी चालक आरोपी के पक्ष में कोतवाली पहुंचे और महिला से उसे माफ करने की गुजारिश की। महिला ने अपनी शर्त पर अडिग रहते हुए कहा कि जब तक आरोपी अनाथ आश्रम को 21 हजार रुपये दान नहीं करता, वह उसे माफ नहीं करेगी। इसके बाद पार्षद पति हेमंत साहू मौके पर पहुंचे और दोनों के बीच राजीनामा कराया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि समझौते के बाद आरोपी को पुलिस एक्ट के तहत 500 रुपये का चालान किया गया।

# समाज को शिक्षित करना पहली प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाज ने जो उन पर विश्वास जताया है, वे उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। समाज

### नवनिर्वाचित सरपंच राजेश बाल्मीकि का स्वागत

को शिक्षा की ओर अग्रसर करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ कड़े नियमों का पालन किया जाएगा, ताकि समाज की तरक्की के लिए बेहतर नियम और कानून बनाए जा सकें। यह बात बाल्मीकि महापंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच राजेश बाल्मीकि ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं।



रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बाल्मीकि महापंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच बनने पर राजेश बाल्मीकि बाल्मीकि समाज के लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच राजेश बाल्मीकि ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि उनके सरपंच बनने से पूर्व उनके पिता बसंत लाल इस पद पर थे। उनके निधन के बाद यह पद रिक्त चल रहा था। सरपंच के पद के लिए बीते 4 अप्रैल को राजपुरा स्थित आर्य समाज धर्मशाला में बैठक हुई। इस बैठक में लोगों की सर्वसम्मति से उन्हें सरपंच चुना गया। उन्होंने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फिलहाल जिन लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में चौधरी या सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है, वे अपने पदों पर बने रहेंगे। वे पूरी तरह से पदभार ग्रहण करने के बाद समाज की मांगों और शिकायतों पर विचार करके समाधान करेंगे। राजेश बाल्मीकि ने यह भी कहा कि पंचायत सभा से जुड़े प्रत्येक सदस्य को उनके कामों के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर चौधरी हरिओम, चौधरी सुनील, चौधरी विक्रम, चौधरी बबली, चौधरी अशोक, पार्षद रोहित, ललित बाल्मीकि, आशू पंडालिया, अविनाश, किशन सिलालेन आदि मौजूद रहे।

# श्री रामनवमी पर कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर आदर्श रामलीला एवं जन कल्याण समिति सूखाताल द्वारा सूखाताल स्थित मां शाखंभरी देवी के मंदिर में आचार्य पंडित गिरीश जोशी के नेतृत्व में पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन



किया गया। इसके बाद कन्या पूजन किया गया और स्थानीय महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, महासचिव रितेश लाल साह, उपाध्यक्ष विपुल साह और विक्रम साह, महिला उपाध्यक्ष हेमलता पांडे समेत अन्य कई भक्तजन उपस्थित थे। इस धार्मिक आयोजन में हेमा साह, माया पंत, भूमिका पंत, प्रेमा साह, दया बिष्ट, उमा साह, लता मेहरा, कल्पना साह, हंसा पंत, वंदना साह, विनीता साह, गीता रावत, विमला कांडपाल, निर्मला भट्ट, बीना पांडेय, सीमा साह, मोहित लाल साह, मनोज साह, ललित साह, अमिताभ साह, शैलेन्द्र साह, मोहन कांडपाल, दीप चंद्र भट्ट, अंकित भट्ट, करन साह, राजेंद्र बिष्ट, रमेश पांडे, प्रेम सागर, प्रकाश पंत, गोविंद सिंह मेहरा, महेंद्र लाल साह और ललित जड़ौत मौजूद थे।

## भव्य रैली और भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** राम जन्मोत्सव के विशेष मौके पर नैनीताल में विश्व हिन्दू परिषद् व श्री राम सेवा दल तथा युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने भव्य रैली का आयोजन किया जो भगवा ध्वज पहने मल्लीताल स्थित केपिटल सिनेमा हाल के निकट से प्रारम्भ होकर हनुमान गढ़ी में जाकर श्री राम जी का आशीर्वाद प्राप्त कर भगवा ध्वज पर समाप्त हुई। उसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिन्दू परिषद् के जिला सह मंत्री विवेक समेत प्रखंड अध्यक्ष राजीव व बजरंग दल के संयोजक कुनाल के अलावा समृद्ध स्वर्णिम कृष्णा भव्यांश व अनुज तथा युवराज और अनेक राम भक्त उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रुद्रपुर में फिर हुई माहौल बिगाड़ने की कोशिश

- बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा से की छेड़छेड़ा बाबा साहेब के अपमान पर लोगों में रोष
- दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर स्मृति स्थल पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। बाबा साहेब भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती से चंद दिन पूर्व कुछ शरारती तत्वों द्वारा नगर का शांत माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। रोषित दलित समाज के लोगों ने रविवार प्रात: प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की और कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरना स्थल पर विधायक शिव अरोरा एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने भी पहुंचकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से मामले की विस्तार से जानकारी ली और दोषी व्यक्ति को शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिया। बाद में पुलिस ने पार्क के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी।

बताया जा रहा है कि रविवार प्रात: बाटा चौक के पास गुजरते लोगों ने पार्क में स्थापित बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के गले में पुराना टायर डला हुआ देखा। इसकी जानकारी मिलते ही कुछ ही देर में वहां दलित समाज के कई लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए प्रतिमा के समक्ष ही धरना प्रदर्शन कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करनी शुरू कर दी। मामले की सूचना मिलने पर विधायक शिव अरा.ेरा, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व मेयर रामपाल सिंह सहित विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक दलों के कई नेता भी आ गए। उन्होंने घटना पर नाराजगी जताई। जानकारी मिलने पर एसडीएम मनीष बिष्ट, सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने असामाजिक तत्वों को पकड़ने के लिए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले।

अधिकारियों ने मामले में खुफिया विभाग को भी सक्रिय कर दिया है।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने आश्वस्त किया कि घटना के दोषी व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर पहुंचे विधायक शिव अरा.ेरा ने घटना पर नाराजगी जताते हुए अम्बेडकर मूर्ति स्थल की सुरक्षा हेतु गेट और सीसीटीवी कैमरा विधायक निधि से लगाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि यह घटना सुनियोजित षड़यंत्र की ओर इशारा कर रही है। असामाजिक तत्वों ने शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। विधायक अरोरा ने मामले को लेकर एसएसपी से भी बात की और सख्त कार्रवाई के लिए कहा। इस दौरान पूर्व मेयर रामपाल सिंह सहित दलित समाज के लोगों की ओर से कोतवाल को तहरीर भी सौंपी गई। जिसमें कहा गया है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा के गले में पुराना टायर डालकर उनका व पूरे दलित समाज का अपमान किया गया है। इससे पूर्व भी दो बार बाबा साहेब को अपमानित करने की घटनाएं घटित हो चुकी हैं, जिससे दलित समाज के लोगों की भावनायें आहत हुई हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

धरना प्रदर्शन करने वालों में पूर्व मेयर रामपाल सिंह, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, केपी गंगवार, दीपक सागर, राजकुमार सागर, वीपी सिंह, अयोध्या प्रसाद आजाद, नरेश सागर, रंजीत सागर, शिव कुमार शिबू, सुशील सागर, जय सागर, सुशील भारती, हरीश सागर, रामचन्द्र सागर, नरेन्द्र सिंह, दलीप सागर,हरी सिंह, राजकुमार, जितेंद्र सागर, छोटे लाल, डीपी सिंह,एपी आजाद,आर एन दोहरे, इन्द्रजीत सिंह, वकील अहमद, प्रदीप सागर, सुशील सागर, दीपक सागर, राजकुमार भंते, रामचंद्र सागर, मुकेश राजौरिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बॉलीवॉल महिला व पुरुष प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** देवभूमि स्पोर्ट्स क्लब कानिया द्वारा अखिल भारतीय बॉलीवॉल महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, वरिष्ठ भाजपा नेता इंदर सिंह रावत और सभासद विक्रम भट्ट के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

रविवार को पहला मैच खेला गया। मैच काशीपुर और ऋषिकेश के बीच खेला गया। ऋषिकेश ने काशीपुर को हराया। वहीं दूसरा मैच कानिया और पौड़ी के बीच खेला गया और पौढ़ी ने कानिया को हराया। इस दौरान आयोजनकर्ता राजेश पांडेय, सभासद तनुज दुर्गापाल, विक्की रावत, भारत भट्ट, कृतिक पांडेय, भूपेंद्र सिंह खाती, निखिलेश भट्ट, सोनू, दीप करगेती, रोहित आदी मौजूद रहे।

# बारह दिवसीय ईडीपी कार्यशाला का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एचएनजीबी पीजी कॉलेज खटीमा में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत संचालित बारह दिवसीय ईडीपी कार्यशाला का समापन हुआ। 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम दिवस पर आयोजित समापन समारोह का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर अवनीश राय एवं नोडल अधिकारी डा. हरेंद्र मोहन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया।



प्राचार्य प्रो.आशुतोष कुमार ने प्रतिभागी समस्त प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नोडल अधिकारी डा. हरेन्द्र मोहन ने बताया कि इन बारह दिनों आशीष शुक्ला, जनार्दन चिलकोटी, मनीष आर्य आदि विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं को स्व-रोजगार, स्टार्ट-अप, बिजनेस आइडियाज, व्यक्तित्व विकास, सोशल मीडिया, एआई, प्रोडक्ट कॉस्टिंग, कायजन एवं पॉमोडोरो तकनीकि, डीपीआर एमएसएमई से सम्बंधित सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. प्रशांत जोशी ने किया। यहां खुशबू, प्रियंका, तनीषा, हर्षिता, कपिल, कशिश, अभिषेक, चन्द्रकला, गुंजिता, लिपाक्षी, सुमित्रा, निकिता के अलावा डा. रीना सिंह, डा. रेखा देव, डा. रेखा पांडे, डा. जगवती, डा. विदेशी राम, डा. स्वाति जोशी, अंचल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# केआईटीएम कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- उद्योग और शिक्षा के समन्वय की दिशा में एक सराहनीय पहल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** केआईटीएम कॉलेज के बैंकिंग एवं फाइनेंस मैनेजमेंट तथा मास कम्युनिकेशन विभाग के छात्रों ने औद्योगिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानकारी, शिक्षा तथा उद्योग के बीच व्यवहारिक समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कार्डबोर्ड बॉक्स निर्माण करने वाली कुमाऊं पैकेजिंग इंडस्ट्री एलएलपी का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां छात्रों को निर्माण की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस दौरान मास कम्युनिकेशन के छात्रों ने रिपोर्टिंग और साक्षात्कार भी किया।

भ्रमण के दौरान कंपनी के बिजनेस हेड संजीव जोशी, मैनेजर अकाउंट्स तपस के. पहर, क्यूसी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राना और एचआर मैनेजर लक्ष्मण सिंह ने छात्रों से संवाद कर संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण, वित्तीय प्रबंधन व मानव संसाधन प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। कंपनी प्रबंधन ने आशा जताई कि यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध होगा। वहीं केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक कमल बिष्ट ने एकेडमिक-इंडस्ट्री रीयल टाइम अनुभव की उपयोगिता के लिए सभी छात्रों को प्रेरित किया, जिससे कि आने वाले समय में सभी विद्यार्थीयों का इंडस्ट्री एक्पोजर, अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ किया जा सके और एक लीडरशिप स्किल का विकास का नवीन आयाम बन सके। भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ संबंधित विभागों के फैकल्टी सदस्य आस्था मिश्रा तथा पूजा सिंह मौजूद रहीं।

## एक नजर

# यशपाल आर्य ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष और विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विकास पुरुष विधायक यशपाल आर्य ने विधानसभा क्षेत्र के महुआखेड़ागंज और कुंडेश्वरी ग्राम ढीमरखेड़ा सहित अन्य ग्रामों में चार करोड़ 13 लाख 10 हजार की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।



नेता प्रतिपक्ष और लो.कप्रिय विधायक यशपाल आर्य ने 40 लाख की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। राज्य योजना के अंतर्गत तीन करोड़ 67 लाख 10 हजार की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। समस्त ग्रामवासी और शहर वासियों ने तहे दिल से विकास पुरुष यशपाल आर्य का आभार व्यक्त किया। वहीं ग्राम वासियों ने यशपाल आर्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष और लोकप्रिय विधायक यशपाल आर्य ने जनता की समस्या सुनते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस मौके पर महुआखेड़ागंज के अध्यक्ष रिजवान अहमद, राकेश लाखेड़ा, पूर्व अध्यक्ष अब्दुल हसन, ग्राम प्रधान शांति प्रसाद, चंद्रभान, गुरदयाल सिंह, नौसे अली, डीके जोशी, बलवीर सिंह कालू, अभिषेक तिवारी, नितिन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया नानकमत्ता मैक्स-फेस अस्पताल का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** रविवार को नगर के खटीमा मार्ग पर स्थित नानकमत्ता मैक्स फेस दंत अस्पताल का भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल एवं पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अस्पताल के प्रबंधक देवेंद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल में दंत रोगियों का डा. पवनजोत सिंह एवं मैक्सिलो-फेशियल सर्जन सौंदर्य त्वचा चिकित्सक डा. प्रभजीत कौर द्वारा उपचार किया जाएगा। अस्पताल में रोगियों के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में राजन चौहान, सोमवीर यादव, पवन राना, केश्वर प्रसाद चौरसिया, पीयूष गुप्ता, गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।



# स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती की सफलता पर की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** झनकट मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस एवं भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जयंती की सफलता पर गहन मंथन हुआ।

बैठक में मुख्य वक्ता जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व विधायक नानकमता डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष बल्देव सिंह बिल्ला एवं भुवन जोशी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अनेक महत्वपूर्ण बिंद.ुओं पर चर्चा की।

इस दौरान कार्यक्रम की सफलता की रूपरेखा तय की गई। बैठक में ओम नारायण, मनोज राणा, हीरा सिंह बोरा, रोशन सिंह, रमेश चंद्र जोशी, श्याम मेहरा दीपेंद्र कुमार, रामनाथ सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक एवं भूत अध्यक्ष सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लालपुर देवरिया टोल पर सत्ताधरी नेता दे दिखाई दबंगई

- टोल मांगने पर टोल कर्मियों को गुंडों से पिटवाया
- एसएसपी ने मुकदमा दर्ज करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** बीते देर रात सत्ताधारी रुद्रपुर ब्लाक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा ने टोल मांगने पर अपने गुंडों से टोल कर्मियों को टोल प्लाजा पर जमकर पिटवाया। आरोप है कि भाजपाईयों ने जबरन बूम बैरियर खोल दिया। वहीं, टोल के अंदर तोड़फोड़ भी की। साथ ही कैश रूम का दवाजा भी तोड़ दिया। मौके पर सादी वर्दी में आए चौकी इंचार्ज से भी धक्का मुक्की की गई। मामले में टोल कर्मी की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। एसएसपी ने मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात टोल प्लाजा पर कुछ भाजपाईयों की टोल कर्मचारियों के साथ कहासुनी हो गई, जिसके बाद भाजपाईयों ने टॉल प्लाजा पर जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर जबरन बूम बैरियर खोल दिया। इसके साथ ही टोल कर्मियों से मारपीट भी की। वहीं, टोल के अंदर तोड़फोड़ भी की। साथ ही कैश रूम का दवाजा भी तोड़ दिया। मौके पर सादी वर्दी में आए चौकी इंचार्ज से भी धक्का मुक्की की गई। टोल कर्मी अनुज तिवारी ने अज्ञात लोगों के खलाफ किच्छा कोतवाली में तहरीर दी है।

आरोप लगाया गया है कि शनिवार रात एक कार बिना टोल दिए जब टोल प्लाजा से निकल रही थी तो टोल कर्मी ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया जिस पर भाजपा नेता रुद्रपुर ब्लाक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा के साथियों ने पहले तो टोल कर्मियों से मारपीट की। बाद में भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख पति विपिन जल्होत्रा आधा दर्जन से अधिक वाहनों से खुद मौके पर पहुंच गए और टोल कार्यालय में घुसकर टोल कर्मियों के साथ जमकर मारपीट की। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि टोल प्लाजा के अंदर मारपीट की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं एसएसपी ने मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर जूहा. स्कूल ध्यानपुर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल ध्यानपुर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राणा ने सरस्वती शिशु मंदिर को सुदूरवर्ती क्षेत्र में संस्कारवान शिक्षा के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का को बधाई दी और अतिरिक्त कक्षा कक्षा के लिए ६2 लाख की घोषणा की। प्रधानाचार्य हरबंस सिंह ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय अध्यक्ष प्रवेश सिंह राणा ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में हरि ओम सिंह ने सीलिंग पंखे भेंट किए। इस अवसर पर नरोत्तम राणा, जय सिंह, नरेश नाथ गोस्वामी, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, डॉक्टर कुलवंत सिंह आदि मौजूद थे।

# चोरी की नौ बाइकों सहित तीन चोर दबोचे

- वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए किया गया था टीम का गठन
- सभी पकड़े गए आरोपी बरेली यूपी के निवासी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे गिरोह के तीन सदस्यों को ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नौ बाइकें बरामद की हैं। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बाइक चोरी की घटनाएं लगातार हो रही थी, जिसको देखते हुए वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया था।

बताया जा रहा है कि टीम ने बीती रात सिडकुल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान तीन बाइक सवार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम सचिन पाल पुत्र गिरधारी लाल निवासी- कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप मूल निवासी धनेटा फार्म मीरगंज बरेली, संजीव पुत्र नत्थूलाल, निवासी- बजरंग बिहार वार्ड नंबर 1 ट्रांजिट कैंप मूल निवासी जाफरपुर, शीशगढ़ बरेली एवं मानसिंह पुत्र राम.सिंह निवासी बजरंग बिहार वार्ड नंबर 1 ट्रांजिट कैंप एवं अहरोला नबावगंज बरेली बताया। छानबीन करने पर उनके पास से बरामद बाइक चोरी की निकली। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी की आठ बाइक और बरामद की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करने के बाद कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है।

एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चोरों को गिरफ्तार किया और पूछताछ में वाहन चोरों से चोरी की कई अन्य बाईकें भी बरामद हुई। पुलिस द्वारा आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

पकड़े गए वाहन चोरों के साथ अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस टीम में टीम में आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चन्द्र, एसआई रविश राम, एएसआई चंद्र प्रकाश बबाड़ी, हेड कांस्टेबल मोहन चंद्र, कां. कमल किशोर, जित.ेंद्र सिंह, चंदन सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# नदी में गिरे बाइक सवार दो युवक, एक की मौत

- साथी गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** हल्द्वानी रोड पर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बेनी मजार के पास देर रात्रि एक सड़क दुर्घटना में लाल कुआं निवासी एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश शर्मा ने बताया कि लाल कुआं निवासी 21 वर्षीय अनुराग मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा एवं 22 वर्षीय अमन पुत्र रामन.रेश कुमार निवासी बंगाली कॉलोनी लालकुआं बाईक पर सवार होकर सितारगंज से लालकुआं अपने घर जा रहे थे। अर्धरात्रि बेनी मजार के पास पुलिया पर सड़क किनारे सुरक्षा के लिए बनाए गए मिट्टी से भरे कट्टो की दीवार से उनकी बाईक टकरा गई। जिससे दोनों युवक बाईक से उछलकर नदी में जा गिरे और घायल हो गए। उन्होंने बताया कि संभवत घटना स्थल पर विपरीत दिशा से एक वाहन के आने की वजह से मोटरसाईकिल चालक अपने को बचाने के लिए सड़क की साइड ले रहा था कि सामने से आ रहे वाहन की लाइट उसकी आंखों पर पड़ने के कारण बेनी बाजार के पास पुलिया पर लगे कट्टों को नहीं देख पाया और वाहन की चपेट से बचते हुए निकलने का प्रयास करने लगा। जिससे दोनों मोटरसाईकिल सवार युवक सड़क के किनारे कवरिंग करने के लिए लगाए गए कट्टों से टकराकर उछलकर नीचे गहरी नदी में जा गिरे, जबकि उनकी मोटरसाईकिल वही सड़क पर गिर गई।

गहरी नदी में गिरने के कारण दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना आसपास मौजूद लोगों ने 112 पर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने नदी में गिरे हुए दोनों घायलों को बाहर निक.ाला तथा सरदार वल्लभभाई साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आए जहां पर डॉक्टरों ने अनुराग मिश्रा को मृत घोषित कर दिया तथा अमन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए शव रुद्रपुर भेज दिया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के कार्यालय पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाया।



नगर के आदित्य चौक के निकट वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते हुए एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा राज सेवा, जनकल्याण और राष्ट्रवाद की विचारधारा को समर्पित भारतीय जनता पार्टी का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यह दिन न केवल भाजपा संगठन की स्थापना की याद दिलाता है, बल्कि उन मूल्यों विचारों सिद्धांतों को भी स्मरण करता है जिन पर हमारी पार्टी का निर्माण हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि छह अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी और तभी से यह पार्टी राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को लेकर देश की सेवा में निरंतर लगी हुई है। इस मौके पर पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल, ब्रह्मानंद पुरो.हित, धनंजय सिंह, अमित सिंह, मनोज कुमार, विशाल चौहान, रितेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अंशु गुप्ता, केशव आदि थे।

## सूचना

एक आवासीय मकान संख्या-993ए, पैमाईशी 13X 52 फुट स्थित मौहल्ला सुभाष कालोनी रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर के सम्बंध में एक दीवानी वाद संख्या-04, सन् 2021 पूनम ग्रोवर आदि बनाम सतीश ग्रोवर, माननीय प्रथम अपर सिविल जज रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर में विचाराधीन है, जिसके चलते यदि कोई व्यक्ति इस विवादित मकान को क्रय/विक्रय करता है तो वह व्यक्ति इसके सभी परिणामों, हर्ज-खर्चे व कानूनी कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमती पूनम ग्रोवर पत्नी श्री सतीश ग्रोवर निवासी- सागर होटल, सुभाष कालोनी, वार्ड नं.- 14/28, तहसील रुद्रपुर जिला-उधमसिंह नगर**

# अब पारदर्शिता के साथ होगा राशन वितरण

- सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को उपलब्ध कराई गई की पोस मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सरकारी सस्ता गल्ला में अब राशन वितरण पारदर्शिता के साथ हो सकेगी, इसके लिए समस्त सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को ए पोस मशीन उपलब्ध कराई गई।

सरकार के द्वारा राशन वितरण की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड में समस्त सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को ई पोस मशीन उपलब्ध गई है, इसी कड़ी में शनिवार को सितारगंज क्षेत्र में भी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को ई पोस मशीन उपलब्ध कराई गई। इस मशीन के माध्यम से सभी कार्ड धारकों को इसी माह से राशन वितरण किया जाएगा, जिसमें सभी प्रकार के कार्ड धारक को बायोमेट्रिक के माध्यम से ही राशन वितरण किया जाएगा। जिन कार्ड धारकों के बायोमेट्रिक थम्प नहीं आएंगे, उनको पोस मशीन से कार्ड धारकों के आंखों के रेटिना लेने के पश्चात राशन दिया जाएगा। यदि किसी कार्ड धारक के यहां दोनों भी मशीन में नहीं आते हैं तो, उन्हें राशन फोन पर ओटीपी नंबर के जरिए ही दिया जाएगा। सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को सिम कार्ड एवं उसे पर रिचार्ज भी सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्ति निरीक्षक के.के बिष्ट ने कहा की सभी कोटा धारक को मशीन उपलब्ध कराई गई है, सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम से अब राशन वितरण में पारदर्शिता रहेगी। इस मोके पर एम आई दीपक सक्सैना,कोटा धारक नरेंद्र कुमार, नरेश अग्रवाल, राजेश खन्ना, चिराग जैन, प्रवेश कुमार काका, हरेंद्र बिष्ट, ललित रावत, महेश गोयल, अर्जुन कुमार, नकुल जोशी, माया जोशी, हरवंश, तरसेम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# बॉलीवुड बेस्ट चाइल्ड इन्फल्यूनसर 2024 के अवार्ड से सम्मानित हुए सोमांश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड से अपने डांस की शुरुआत करने वाले और आज बॉलीवुड में अपना सिक्का जमाए हुए 10 वर्षीय रामनगर निवासी सोमांश डंगवाल बेस्ट चाइल्ड इन्फलूंसर 2024 के अवार्ड से बॉलीवुड कार्यक्रम इमपेक्ट डिजिटल बेस्ट इन्फलूंसर मे सम्मानित किए गए। जिससे सोमांश तो गौरव महसूस कर ही रहे हैं, वही उनके माता-पिता और परिवार भी बेहद खुश है।



नगर पालिका के पूर्व सभासद भुवन डंगवाल ने बताया कि उनके पुत्र बॉलीवुड में चाइल्ड एक्टर सोमांश सिंह डंगवाल जिन्हें लोग लिटिल चैम्प के नाम से जानते है, जिन्होंने आज बॉलीवुड में कई फिल्में, ट्राय पीरियड, मामला लीगल है, मूवी, सोंग्स व टीवी सीरियल्स किए हुए हैं, जिसमे यसोदा के नन्द लाला, खाना खजाना, सास बहु बेटी, बिग बॉस, किचन किंग आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि सोमांश सबसे पहले इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता बने। उसके बाद डांस दीवाने सीजन 3 में फाईनलिस्ट व जूनियर केटेगरी मे विजेता बने। उसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में अपना सफर शुरू किया और आज इस मुकाम पर हैं कि हर कोई उन्हें जानता है और पहचानता है। बताया कि सोमांश की इस उपलब्धि पर वह और उनका पूरा परिवार खासा उत्साहित है। सोमांश की इस तरह से बढ़ती हुई उपलब्धिया और उनका काम आज हमें ही नहीं पुरे बॉलीवुड मे अपनें शहर और प्रदेश को भी आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमांश जब से मुंबई गया है और उसने वहाँ बॉलीवुड मे काम करना शुरू किया है तब से उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा है।अभी वह कई मूवी कर रहा है। आईपीएल सीजन 18 जी में बतौर एंकर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे रिटायर्ड प्रिंसपल कुबेर सिंह अधिकारी, अध्यक्ष कल्पतरु अतुल मेहरोत्रा, नेकी की दीवार के संस्थापक ताराचंद घिल्डियाल आदि जैसे लोगों को अपना प्रेरणा स्रोत मानते हैं।

# एनआरआई की करोड़ों की जमीन घोटाले का आरोप

■ भाजपा नेता समेत दो पर रिटायर्ड कर्नल ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रिटायर्ड कर्नल बलराज सिंह लांबा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पिरूमदारा निवासी भाजपा नेता और उसके साथी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

रविवार को कोसी बैराज स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने भाजपा नेता और उसके एक साथी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों लोगों ने ग्राम चंद्रपुर तिवारी पिरूमदारा क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। उनका कहना है कि फर्जी कागजात तैयार कर ये लोग वहां की बहुमूल्य जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं।

कर्नल लांबा ने बताया कि बलबीर सिंह पुत्र चनन सिंह, जो विदेश में रहते हैं, उनके नाम से पिरूमदारा में करोड़ों की जमीन है। आरोप है कि एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम भी बलबीर सिंह है, लेकिन पिता का नाम केसरी सिंह है। यह ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद निवासी है। इस व्यक्ति को दोनों आरोपियों ने लालच देकर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार करवा दिए गए। उसने अपने पहचान पत्रों में पिता का नाम बदलकर चनन सिंह कर लिया और उसी नाम से जमीन बेचनी शुरू कर दी। रिटायर्ड कर्नल बलराज



सिंह लांबा ने कहां कि इन दोनों ने मिलकर एक मजदूर को पैसे का लालच देकर उसके सभी प्रमाण पत्रों में बदलाव करवाया, उसका असली नाम बलबीर सिंह है, लेकिन पिता का नाम केसरी सिंह है,उसे फर्जी तरीके से चनन सिंह का बेटा दिखा दिया गया, जिसे एनआरआई सदस्य के नाम पर कब्जा किया गया।

बताया कि ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद में इस संबंध में चकबंदी न्यायालय और सिविल कोर्ट में मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने एसडीएम ठाकुरद्वारा को शिकायत पत्र सौंपा है, जिसके बाद जांच की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार को दी गई है। उन्होंने कहा कि लेखपाल की रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि आरोपी के प्रमाण पत्रों में पिता के नाम में बदलाव किया गया है। आरोप है कि इस फर्जीवाड़े के जरिए पहले ही करोड़ों की जमीन बेची गई है। उन्होंने मामले की शिकायत एसडीएम से की है और जांच जारी है। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इन भूमाफियाओं से सतर्क रहें और इनके झांसे में न आएं।

## रिटायर्ड कर्नल लांबा द्वारा लगाए गए आरोप निराधार: राजेश पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा नेता राजेश पाल ने कहा कि रिटायर्ड कर्नल लांबा द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे कोसी बैराज स्थित एक रेस्टोरेंट में इसी मामले को लेकर प्रेसवार्ता कर अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई सालों से प्रॉपर्टी का काम करते हैं। आज तक किसी ने उनके ऊपर आरोप नहीं लगाए हैं। वह प्रेसवार्ता कर अपनी बात रखेंगे।

# योगेश जोशी मेमोरियल में वार्षिकोत्सव के साथ स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

■ नये सत्र में बच्चों को मिलेगी विज्ञान प्रयोगशाला और स्मार्ट क्लास की सुविधा

■ बच्चों द्वारा प्रस्तुत छोलिया नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** मां वाराही धाम स्थित योगेश जोशी मेमोरियल शिव शक्ति पब्लिक स्कूल में सत्र के प्रथम दिन वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्तराखंड की संस्कृति के साथ-साथ भारत के राज्यों की सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। रंगारंग प्रस्तुति को देखकर सभी अतिथि एवं आगन्तुक मंत्रमुग्ध हुए।

वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पाटी सुमनलता, विशिष्ट अतिथि राजेश बिष्ट, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि आनंद सिंह अधिकारी, निदेशक बी आईएमटी लोहाघाट के प्रतिनिधि दान सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव समारोह के साथ विद्यालय में स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन जोशी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्मार्ट क्लास आधुनिक शिक्षा का एक आवश्यक उपकरण है। जिसके लिए श्री सत्य साईं बाबा के वरिष्ठ भक्त एचएल आहूजा ने अपने निजी स्रोतों से विद्यालय को स्मार्ट पैनल दान दिया है।

वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय का परीक्षाफल भी घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय में और कक्षा में प्रथम तीन स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया । इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तीन बच्चे प्रियंका चम्याल, अमित रजवार एवं प्रियांशी पडियार तथा पूरे वर्ष भर उपस्थित रहने वाले सात बच्चे माही जोशी कक्षा 1, करन सिंह बिष्ट कक्षा 2, दिया जोशी कक्षा 3, प्रमोद भट्ट कक्षा 4, हर्षिता बिष्ट कक्षा 7, प्रियंका चम्याल कक्षा 7, दीपिका चम्याल कक्षा 8 और वर्तमान सत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय के चयनित दो बच्चे मयंक सिंह एवं हर्षिता को भी सम्मानित किया गया । यह सभी पुरस्कार डा. सुमन पांडेय असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट की ओर से प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक कृष्ण चंद्र एवं कक्षा 8 के छात्र इधान्त जोशी के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य बृजमोहन जोशी द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों और डॉक्टर सुमन पांडेय का आभार व्यक्त किया गया।

इस मौके पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान ईश्वर सिंह बिष्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश मेहरा एवं देवेंद्र भट्ट, व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट, विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार, रणजीत सिंह कार्की, नंदी, गीता जोशी एवं समस्त अभिभावक उपस्थित थे।

# मित्तल परिवार ने किया माता का अलौकिक श्रृंगार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** श्री सनातन धर्म मंदिर में मां भगवती के 50 वें स्थापना दिवस पर, मित्तल परिवार द्वारा माता रानी का अद्भुत श्रृंगार किया गया।

वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व रामनवमी के अवसर पर परिवार के मुखिया स्वर्गीय श्रीराम मित्तल ने मां की मूर्ति की स्थापना की थी। आज 50 वर्ष पूर्ण होने पर परिवार के सदस्यों द्वारा मां भगवती का श्रृंगार किया व भजन संध्या का आयोजन किया गया।मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा।

इस मौके पर हेमा पाण्डेय, सरिता मित्तल, गिरिजेश मित्तल, संगीता मित्तल, निशा मित्तल, श्वेता मित्तल, ममता मित्तल, लक्ष्मी सिंघल, मंजू गर्ग, कोश्यला अग्रवाल, रितिका गुप्ता, पूजा गुप्ता, कमला बोरा, बुधराम मित्तल, महेश मित्तल, कपिल मित्तल, गोविंद मित्तल, गणेश मित्तल, संजय मित्तल, राकेश मित्तल, सुनील गर्ग, मनोज गर्ग, जीवन बोरा, अंकुर गुप्ता आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भाजपा कार्यालय में पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी द्वारा भाजपा का झंडा फहराया व वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ द्वारा राष्ट्गान गा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



पार्टी कार्यालय के सभागार में सभी वक्ताओं ने पार्टी की रीति नीति को लेकर बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इन्द्र लुठी ने की। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, जिला उपाध्यक्ष इन्द्र लुठी, उमेश महर, मेयर कल्पना देवलाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र बोहरा,विरेन्द्र शाह, जिला महामंत्री राकेश दैवलाल, जिला मिडिया प्रभारी रघुवीर सिंह बिष्ट, कोमल मेहता, राम सिंह बिष्ट, गोविन्द बोहरा, सुभाष जोशी, लाल सिंह शास्त्री, मुन्नी पाण्डेय, दिपीका चुफाल ,सुमन धामी, विप्लव शाह, हरिश रावत, दीपक लोहिया, सुरेश गीरी आदि थे।

### ग्यारह हजार हनुमान भक्त करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** हनुमान जयंती को लेकर बजरंग दल और विहिप तैयारी आरंभ कर दी। अनुमान है कि हनुमान जयंती पर नगर में 11 हजार हनुमान भक्त हनुमान चालीसा का एक साथ पाठ करेंगे।



बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सह संयोजक पूरन जोशी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हनुमान जी की जयंती पर 12 अप्रैल को प्रदेश में 2 लाख 51 हजार लोगों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कराने का लक्ष्य रखा गया। जिसमे सितारगंज में 11 हजार लोग स्कूलों, मंदिरों, रेस्टोरेंट, विभिन्न संस्थानों में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। 13 अप्रैल को श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप चौक पर, शाम चार बजे से शस्त्र पूजन किया जाएगा। इसके बाद यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत मे बाल कलाकार श्री राम जी की लीलाओं का नाटक के माध्यम से मंचन करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने की अपील की। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत, सूरज मण्डल, सुजान मण्डल आदि मौजूद थे

### विधायक आदेश चौहान ने महर्षि कश्यप जयंती में सहभागिता की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** महर्षि कश्यप की जयंती पर नगर में शोभा यात्रा निकालकर प्रसाद वितरण किया गया शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक / सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर वह मिठाई बांटकर स्वागत किया कश्यप महासभा के सदस्यों ने के नेतृत्व में शोभा यात्रा का शुभारंभ ठाकुरद्वारा चुंगी से किया।विधायक आदेश चौहान भाजपा नेता डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल वह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अशोक खन्ना ने मैं भी सभा में पहुंचकर यात्रा का शुभारंभ किया यात्रा प्रमुख बाजार से होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर पहुंची वहां पर भी क्षेत्रीय नागरिकों व नगर के नागरिकों द्वारा पुष्प मालाए व मिठाई वितरण कर स्वागत किया गया इस दौरान भगवान शंकर, गोरा पार्वती मां, श्री कश्यप की झांकी भी निकल गई सब के अंत में कश्यप समाज को एकजुट करने का संकल्प भी लिया गया वहां पर कश्यप समाज के प्रशांत कश्यप महेंद्र कश्यप ज्योति कश्यप सोनू कश्यप सुरेश वह अन्य कश्यप समाज के लोग मौजूद रहे

### छः युवकों को अभद्र व्यवहार करने पर दोराहा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोराहा/बाजपुर।** नेशनल हाईवे एनएच 74 ग्राम पंचायत महेशपुर में रात्रि में रोज एकत्रित होकर गांव वालों के साथ गाली गलौज मारपीट व अभद्र व्यवहार कर रहे थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा 112 पर प्राप्त हुई। उसके बाद दोराहा चौकी प्रभारी रमेश चंद्र बेलवाल ने रात्रि में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को दोराहा पुलिस ने गिरफ्तार किय।




चौकी दोराहा पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए रात्रि में शांति व्यवस्था भंग करने के अंदेशे में अतुल पुत्र सुरेश सैनी, अमन पुत्र विजय सैनी, राज पुत्र कलवा सैनी, नितिन पुत्र देवराज सिंह, कुणाल पुत्र नरेश सैनी तथा आकाश पुत्र नरेश सभी निवासी ग्राम महेशपुर थाना बाजपुर जनपद उधम सिंह नगर को अंतर्गत धारा 126/135/135(3)/170 के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक रमेश चंद बेलवाल चौकी प्रभारी दोराहा, कांस्टेबल गिरिजा शंकर, नरेंद्र सिंह, मनोज, चालक राजेश मौजूद रहे।

# एनयूजे-आई उत्तराखंड की नैनीताल जिला कार्यकारणी का गठन

■ बीस पत्रकारों को मिली अहम जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डे एवं महामंत्री डा. नवीन जोशी के निर्देश पर नैनीताल जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी व महामंत्री राजू पाण्डे ने कार्यकारणी का गठन कर जनपद के कई वरिष्ठ पत्रकारों को अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला कार्यकारणी में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रेश पाण्डे,भूपेन्द्र मोहन रौतेला,नवीन पालीवाल सहित कई पत्रकारों को दायित्व देते हुए 20 लोगों को शामिल किया गया है। नैनीताल जिला कार्यकारणी के गठन होने पर यूनियन के राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, उत्तराखंड इकाई के मुख्य संरक्षक संजय तलवार, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, कुमाऊं प्रभारी दिनेश जोशी,वरिष्ठ पत्रकार किशोर जोशी सहित प्रदेशभर के पत्रकारों ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। नैनीताल जिला कार्यकारणी के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवीन पालीवाल (नैनीताल), भूपेन्द्र मोहन रौतेला (हल्द्वानी), चंद्रेश पाण्डे (भीमताल), ओपी अग्निहोत्री (लालकुआं), कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रवीण कपिल, तेज सिंह नेगी




(भवाली), गिरीश चंद्र पाण्डे (रामनगर), महिला उपाध्यक्ष पर नीरू भल्ला (हल्द्वानी), संगठन मंत्री पर रिम्पी बिष्ट (हल्द्वानी), जिला कोषाध्यक्ष पद पर शीतल तिवारी (नैनीताल), जिला सचिव पद पर यूएस. सिजवाली (भवाली), दीवान सिंह बिष्ट (लालकुआं), राजीव अग्रवाल मोनू (रामनगर), अजय चौहान (हल्द्वानी), नावेद सैफी (रामनगर), उप सचिव पद पर दीपक कुमार (नैनीताल), अनुराग वर्मा (हल्द्वानी), कार्यकारणी सदस्यो में ललित जोशी (नैनीताल), एसएम. इमाम (नैनीताल) नवीन तिवारी (नैनीताल) को मनोनीत किया गया है। इधर संगठन से जुड़े रामनगर के पत्रकारों ने अब तक नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे गिरीश पांडे को जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल मोनू एवं नावेद सैफी को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# धूमधाम से मनाया गया अष्टमी का महापर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम ( वैष्णो देवी मंदिर ), पूज्यनीय वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती महाराज पूज्यनीय स्वर्ग फार्म फार्म वाली देवी के स्थान पर अष्टमी का महापर्व धूमधाम से मनाया गया।

जैसा कि ज्ञात है प्रथम नवरात्रि के दिन माता जी की तपस्थली के कपाट बंद किए गए और फिर अष्टमी के दिन माता जी की तपस्थली के कपाट खुले और पूज्यनीय माता जी के स्वरूप के संगत ने दर्शन किए। तत्पश्चात हवन हुआ और विशाल मां भगवती के भंडारे का आयोजन हुआ जिसका प्रसाद सभी भक्तों ने ग्रहण किया। रात्रि 10:00 बजे प्रवीण जैन के परिवार ने पूजन के पश्चात ज्योति प्रचंड की और माता रानी का सुंदर गुणगान प्रारंभ हुआ, जिसमे सर्वप्रथम माता रानी का आह्वान किया गया। तत्पश्चात गणेश स्तुति, गुरु वंदना, फूलों की वर्षा के साथ भजनों का सिलसला शुरू हुआ, जिसमे मुरादाबाद से आए भजन सम्राट राजेंद्र चावला ( पप्पू चंचल ) ने सुंदर गुणगान किया, जिसमें मेहरा वालिए माए बुहे मंदिरा दे खोल , तेरा लख - लख शुक्र मनांदे हां, मेरा किसे न पुछेया हाल मां , मैनू रखड़ी बंदन दा चाह एक वीर देदे दातिये आदि भजनों से सुंदर समा बांधा। भक्त रमेश ने माए नि तू सुन माए, आना है आना है तुम्हे आना है मेरे घर तुम्हे आना है से अपनी हाजरी लगाई। राजकुमार बांगा ने हम सवाली खड़े तेरे दर मां , तेरी सुंदर ज्योत मां मंदिरा विच जगदी है आदि



भजनों से मां को रिझाया। इसके बाद भी अनेक भक्तों ने अपनी हाजरी लगाई। प्रात: 4:30 बजे भगत श्याम खुराना व वैष्णो भजन मंडल के भक्तों ने तारा रानी का सुंदर इतिहास सुनाया व मां के पवन रूप के दर्शन भक्तों ने किए। आरती के साथ माता जी के अष्टमी के उत्सव को विराम दिया गया। इस अवसर पर ताराचंद, श्याम खुराना, नरेश घई, किशोर अरोड़ा, राकेश टुटेजा, धर्मदेव सुखीजा, राज. कुमार सीकरी, राधेश्याम, सतनाम सिंह , राजेश आनंद , राजीव ग्रोवर , अंकित काके, अरविंद मिश्रा , लक्ष्य शर्मा , राजीव , जीतू ,सुनीता अरोरा, कंचन, निशा, जिगर गुंबर, आरती घई, पवन घई, पूजा घई, गौरव गुंबर आदि लोग, जिसमे काशीपुर , मुरादाबाद , हल्द्वानी किच्छा आदि स्थानों से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

माल्यार्पण के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताएं मार्गों पर चलने का आह्वान किया और भारतीय जनता पार्टी को देश की सबसे बड़ी पार्टी बनने पर बधाइयां प्रेषित की। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे करने वाला प्रयत्न आने वाले समय में बड़ी उपलब्धियां का कारण बन जाता है। हमें अपने प्रयासों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी चाहिए आगे बढ़ने का लक्ष्य इंसान को उच्चतम शिखर पर ले जाता है। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रभक्ति व देशभक्ति की भावना को लेकर किया गया। एक ऐसा प्रयास था जो आज देश में नहीं विदेशों में भी अपना सफलता का परचम लहरा रहा है, यह हमारे लिए गर्व व हर्ष का विषय है। अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चे के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने भी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना को लेकर समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि आज देश विकसित देशों की श्रेणी में आ गया है। आज हमारे देश को बड़े-बड़े विकसित देश भी आशा की दृष्टि से देख रहे हैं। भविष्य में भारत एक बड़ी ताकत के रूप में उभरते वाला है ऐसी आशा के साथ मेरी और से सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को लाखों बधाइयां हैं।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष राजकुमार सिंह, अनीता पवार, भाजपा नेता खड़क सिंह, सुरेंद्र चौहान, डॉक्टर सुदेश कुमार, डॉक्टर एमपी सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, सभासद सुधीर बिश्नोई, बलराम तोमर , अशोक खन्ना समेत अनेकों भारतीय जनता पार्टी के लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमण और जाम से परेशान हुए कॉलोनीवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इंद्रा कॉलोनी में नालियों और सड़कों पर अतिक्रमण होने से स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी है। उनका कहना है कि ज्यादातर दुकानदारों ने नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है। इससे नालियों की सफाई और गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। इसी तरह शाम के समय कॉलोनी के मुख्य चौराहों पर फड़, ठेले आदि लगने से अक्सर जाम लग जाता है। उनकी मांग है कि नालियों और सड़कों पर किए जा रहे अतिक्रमण पर नगर निगम व प्रशासन को सख्त रुख अपनाना चाहिए। इसके अलावा कॉलोनी के आधे से ज्यादा सरकारी हैंडपंपों के खराब होने और अधिकतर से गंदा पानी आने की शिकायतें भी आम हैं।

कॉलोनी में लावारिस गोवंशीय पशुओं के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं, जबकि लावारिस कुत्ते पूर्व में कई लोगों को काट चुके हैं। पहले नगर पालिका और बाद में नगर निगम का हिस्सा होने के बाद भी इंद्रा कॉलोनी वार्ड-34 के हालातों में ज्यादा तब्दीली नहीं आ पाई है। करीब तीन हजार की आबादी वाली इस कॉलोनी में एक पार्क तक नहीं है। बुजुर्ग और बच्चों ने बताया कि पार्क की कमी के कारण मुख्य सड़कों पर टहलना और गलियों में खेलना पड़ता है। गली नंबर-1 से गाबा चौक तक जाने वाले मुख्य नाले पर लोगों ने पूरी तरह अतिक्रमण कर रखा है। लगभग सभी गलियों का पानी इसी नाले में आता है, लेकिन अतिक्रमण होने से नाले की सफाई नहीं हो पा रही है। इसकी वजह से नालियां अक्सर चोक रहती हैं। गली नंबर-2 की पुलिया काफी नीची होने और उसके नीचे अत्यधिक कचरा फंसा होने से उसकी भी सफाई नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि बरसात में पूरी कॉलोनी में स्थिति काफी विकट हो जाती है। सड़कों पर जलभराव होने से लोगों को अपने-अपने घरों में कैद होकर रहना पड़ता है। इसी तरह कुछ लोगों ने नालियों के ऊपर ईंटें बेचने का कारोबार शुरू कर दिया है। कॉलोनी का लगभग हर उम्रदराज व्यक्ति यह बताने में गर्व करता है कि रामलीला मैदान के सामने लगे हैंडपंप का पानी पीकर कभी स्थानीय लोगों के साथ ही सैकड़ों राहगीर अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन वर्तमान में इस हैंडपंप का पानी पीने योग्य तक नहीं रह गया है। बताया कि अधिकतर हैंडपंप काफी पुराने हो गए हैं, जिससे इनमें से गंदा और बदबूदार पानी आता है। इन्हें अब नए सिरे से लगाने की जरूरत है। कहा कि गलियों में मच्छरों का प्रकोप अत्यधिक है। नगर निगम की ओर से मशीन से स्प्रे किया जाता है, लेकिन उससे ज्यादा असर नहीं पड़ता है। नगर निगम की ओर से यहां 6 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

# शराब की दुकान के विरोध धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पाटकोट में शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी धरना दिया। रविवार को धरने में इंकलाबी मजदूर केंद्र से आए रोहित रोहैला, भुवन चंद्र के द्वारा भी अपना समर्थन दिया गया। इस मौके पर धरना प्रदर्शन में राधा कूर्या, गंगा देवी, दीपा, कविता, विमला, रानी, रजनी प्रभावती, हेमा, दया,गंगा, दीपक सती, गौरव पाठक, प्रशांत पांडे, गौरव जोशी ,केसव बधानी, भास्कर चंद्र, हर्षित, नरेन्द्र सिंह बिष्ट, गीता कश्मीरा, गौरव चिन्याल, कमल सिंह बिष्ट,गोपाल सिंह कुर्या, मनमोहन पाठक, अमित बिष्ट, शुभम बिष्ट,विजय जलाल, पंकज जलाल आदि शामिल रहे।



# कार की मांग पूरी न करने पर पत्नी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** रामजीवनपुर नंबर दो निवासी एक महिला ने प्रार्थना पत्र देकर अपने ससुरालयों पर दहेज में स्विफ्ट कार ना देने पर मारपीट,गाली, गलौच करने का आरोप लगाया है वही महिला हेल्पलाइन रुद्रपुर में दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया था बात न बनने पर गदरपुर पुलिस ने पति, सास, ससुर व देवर सहित 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है

ढकपअझढचझढ/चझढचझप्राप्त जानकारी के अनुसार रामजीवनपुर निवासी एक महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2023 मे उसका विवाह वार्ड नंबर 9 इस्लामनगर निवासी मोहम्मद जफर जो बेंगलोर में कार्य करता है के साथ हुआ था शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में शिफ्ट कार की मांग करने लगे थे और कार ना देने पर उसके साथ गाली गलौज मारपीट व शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने लगे जिसकी शिकायत मायके वालों से करने पर दोनों पक्षों में पंचायत द्वारा समझौता भी किया गया महिला का आरोप है कि मोहम्मद जफर ने अपने माता-पिता पर भाइयों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट वह गाली गलौज की जिसकी शिकायत करने पर गदरपुर के पूर्व चेयरमैन सहित कुछ लोगों ने इस प्रकरण में पंचायत की थी लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला महिला का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में स्विफ्ट कार मांग रहे हैं जिसकी शिकायत थाना गदरपुर में की गई थी थाना गदरपुर द्वारा मामले को महिला हेल्पलाइन रुद्रपुर हस्तांतरित कर दिया था जहां दोनों पक्षों का समझौता कराया गया लेकिन पति उसे समझौते को भी नकारते हुए अपनी मनमानी करता रहा वही गदरपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 3,4,323,498-।,504, के तहत पति मोहम्मद जफर, सास अनीशा, ससुर मोहम्मद अहमद, देवर मंसूर अली, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद अनस के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'धामी सरकार की यूसीसी असंवैधानिक'

## जनविरोधी, महिला विरोधी और अल्पसंख्यक द्वेषी: इंद्रेश मैखुरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा (माले) की नैनीताल जिला कमेटी ने बुधपार्क हल्द्वानी में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर खुली चर्चा का

### समान नागरिक संहिता पर खुली चर्चा

आयोजन किया। इस चर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने सरकार के यूसीसी को असंवैधानिक, जनविरोधी, महिला विरोधी और अल्पसंख्यक द्वेषी बताते हुए इसके विरोध की अपील की। उन्होंने कहा कि यह कानून समाज के विभिन्न हिस्सों के लिए परेशानी का कारण बनेगा, विशेष रूप से विवाह पंजीकरण की अनिवार्यता और इसके तहत जुर्माना और सजा का प्रावधान क्रिमिनल संहिता के रूप में लागू हो




रहा है। इंद्रेश मैखुरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दावे को भी खारिज किया कि यूसीसी अल्पसंख्यक महिलाओं को अधिकार देने के लिए है, क्योंकि इस कानून बनाने वाली कमेटी में कोई अल्पसंख्यक सदस्य नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षक कर्मचारियों पर जबरन विवाह पंजीकरण का दबाव बना रही है, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। भाकपा (माले) के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन राजा बहुगुणा ने कहा कि विवाह, तलाक और लिव-इन पंजीकरण में मांगी गई निजी जानकारी लोगों के निजता के अधिकार का उल्लंघन है। ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने इसे सरकार की फासीवादी नीतियों का हिस्सा बताया। जबकि एडवोकेट मो. यूसुफ ने यूसीसी में अल्पसंख्यकों की अनदेखी की आलोचना की। चर्चा में अखिल भारतीय किसान महासभा के उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, कई अन्य नेता और सैकड़ों लोग उपस्थित थे। संचालन डा. कैलाश पाण्डेय ने किया। इस दौरान भाकपा माले राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, माले केंद्रीय कंट्रोल कमीशन चेयरमैन राजा बहुगुणा, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, किसान महासभा राज्य उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, एडवोकेट मो यूसुफ, कर्मचारी नेता यतीश पंत, बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, ऐक्टू जिला अध्यक्ष जोगेंदर लाल, माले के उधमसिंहनगर जिला सचिव ललित मटियाली, पछास के महेश, सनसेरा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष दीपक कांडपाल, धन सिंह, चन्दन, पंकज चौहान, अनीता अन्ना, आइसा नैनीताल जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, प्रकाश फुलोरिया, रूबी भारद्वाज, महेश टम्टा, मुकेश जोशी, हरीश भंडारी, विजय अधिकारी, नारायण दत्त जोशी, अफसर अली, विशाल गौतम, हरजत्ता सिंह, विवेक ठाकुर, गोकुल कुमार, रमेश जोशी, चन्द्र सिंह, मनोज सिंह, रमेंद्र, प्रभात पाल, कमल जोशी, शाहनवाज आदि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल 25 अप्रैल से शुरू होगा

## माउंटेन मैजिक, चारखेत, नैनीताल में आयोजित किया जाएगा फेस्टिवल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापक और निदेशक अमिताभ सिंह बघेल ने रविवार को बोट हाउस क्लब में कर्टन-रेज़र समारोह में पत्रकार वार्ता में कहा कि 25 से 27 अप्रैल, 2025 तक माउंटेन मैजिक, चारखेत, नैनीताल में आयोजित किया जाएगा। बताया कि कुमाऊं की पहाड़ियों में स्थित यह उत्सव एक जीवंत साहित्यिक और सांस्कृतिक समारोह होगा। इसमें 50 से अधिक वक्ता शामिल होंगे, जिनमें लेखक, सिनेमा और कला क्षेत्र के लोग तथा बुद्धिजीवी शामिल हैं। कहा कि एनएलएफ का मार्गदर्शन प्रसिद्ध लेखक, खाद्य समीक्षक, इतिहसकार पद्मश्री प्रो. पुष्पेश पंत की ओर से किया जा रहा है। फेस्टिवल का मूल उद्देश्य एक ऐसा साहित्यिक मंच बनाना है जहां अलग-अलग विचारों और आवाज़ों को एक साथ आने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल का लक्ष्य है कि कहानियों के माध्यम से हम जीवन के विभिन्न अनुभवों को समझें और यह मंच लोगों को विचारों के आदान-प्रदान और संस्कृति के




उत्सव हेतु एक उत्तम अवसर प्रदान करेगा। फेस्टिवल विविध क्षेत्रों-पौराणिक कथाओं, फिल्म, पाक कला, संगीत, कानून, कूटनीति और अन्य क्षेत्रों से व्यक्तियों का स्वागत करके और उनकी कहानियों के जरिए एक समुदाय बनाने का प्रयास करता है। कहा कि यह मंच स्थानीय और वैश्विक को एक साथ लाएगा जहां स्थानीय उत्तराखंड के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है और वैश्विक में उससे परे के संबंधित हैं। कूर्मांचल बैंक के पूर्व अध्यक्ष आलोक साह कहा कि नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल टिकट-मुक्त है, यह एक ऐसा फेस्टिवल जहां हर किसी का स्वागत है। बताया कि फेस्टिवल में हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू में सत्र होंगे, जिसमें क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्रीय और वैश्विक आवाजों के लेखन शामिल होंगे। सामग्री विविध शैलियों में होगी जिसमें कथा और गैर-कथा, कविता और गद्य, बच्चों और वयस्कों के लिए कार्य होंगे। तथा पुस्तकें फेस्टिवल के केंद्र में रहेंगी, जिसमें तीन दिनों में 20 से अधिक लेखक और 100 से अधिक शीर्षक शामिल होंगे। उत्सव की मार्गदर्शिका के रूप में प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार विजेता अंशु खन्ना तथा वाराधी फाउंडेशन की अपर्णा कांडा सहित उत्सव समीति के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में प्रख्यात रंगमंच कलाकार दीपक बलानी भी सहयोग दे रहे हैं। एनएलएफ की टीम में कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राए समावेशित हैं, जो उत्सव की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

# नैन्सी स्ट्राइकर ने जीत दर्ज की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में आयोजित स्वर्गीय एनके आर्या स्मृति क्रिकेट कप प्रतियोगिता का रविवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार तथा प्रतियोगिता के अध्यक्ष मोहित आर्य व प्राची आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता के अध्यक्ष मोहित आर्य ने बैच लगाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष मोहित आर्य ने बताया कि फिट इंडिया और खेलो को बढ़ावा देने के मकसद से तीसरा स्वर्गीय एनके आर्या स्मृति क्रिकेट कप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विजेता टीम को एक लाख रुपये जबकि उपविजेता टीम को



51हजार व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। बता दें कि इतने बड़े इनाम धनराशि का यह एकमात्र क्रिकेट प्रतियोगिता है।

रविवार को पहला मुकाबला वी विहान एकेडमी एवं नैन्सी स्ट्राइकर के मध्य खेला गया जिसमें नैन्सी स्ट्राइकर ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला हाईकोर्ट एडवोकेट इलेवन एवं एसॉल्टर के मध्य खेला गया जिसमें एडवोकेट इलेवन ने जीत दर्ज की। इस दौरान हरीश सिंह राणा समेत प्रदीप उप्रेती, विलाल अहमद, रियान सैयद, सुमित कुमार, प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार, प्रखर रावत, अनिल कुमार, जुनैद अहमद तथा सभासद मनोज साह जगाती समेत अनिल कुमार आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# नैनीताल में छंटने लगे सैलानी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में ईद के बाद की भीड़ अब छटनी शुरू हो गई है। रविवार को अपेक्षा के मुताबिक सैलानियों की आमद कम ही रही। डे विजिट पर पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या भी कम रही। ईद के बाद से सैलानियों की भारी उमड़नी शुरू



हुई थी जो शनिवार तक जारी रही। मगर रविवार को एकाएक सैलानियों की संख्या में कमी नजर आई हालांकि नगर के पर्यटन स्थलों में सैलानियों का आना जाना पूरे लगा रहा जिस कारण नगर के पर्यटन स्थलों में भी पूरे दिन चहल पहल बनी रही। स्नोव्यू समेत चिड़ियाघर राजभवन केव गार्डन बॉटनिकल गार्डन हिमालय दर्शन व हनुमानगढ़ी की सैर पर सैलानी पहुंचे हुए थे। नौका विहार करने वाले सैलानी कम नजर आए। सैलानियों की आमद घटने से होटलों के अधिकांश कमरे खाली हो चले हैं साथ ही किराया भी कम हो चला है। दूसरी ओर नगर का मौसम रविवार को सामान्य बना रहा। सुबह के समय तेज हवाएं चली थी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि आद्रता अधिकतम 77 तथा न्यूनतम 43 प्रतिशत रही। मौसम विभाग देहरादून के अनुसार मंगलवार यानी 8 अप्रैल से मौसम मे बदलाव आएगा जिसका असर बुधवार यानी 9 अप्रैल तक हल्की बारिश के रूप में देखने को मिलेगा।

## अभिशाप बन चुकी है मोबाइल की स्क्रीन: दास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मशहूर साहित्यकार गुरुचरण दास का कहना है कि मोबाइल स्क्रीन के साथ आंखें गड़ा रखना अभिशाप बन गया है। इस अभिशाप से मुक्ति का मार्ग शिक्षक प्रशस्त कर सकते हैं लिहाजा शिक्षकों को पठन पाठन कार्य में आकर्षण



पैदा कर बच्चों को किताबों के प्रति आकर्षित करना होगा। बता दें दास रविवार को नगर के बोट हाउस में क्लब में नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल में भाग लेने पहुंचे हुए हैं। काबिलेगौर है कि साहित्यकार गुरुचरण दास कई पुस्तकें लिख चुके हैं जिनमें सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक अच्छा बनने की कठिनाई तथा भारत अंबाउंड है। यह पुस्तकें कई भाषाओं में प्रकाशित हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डिजिटल की दुनिया ने सर्वाधिक प्रभावित बच्चों को किया है। इससे बच्चों का शारीरिक व बौद्धिक विकास भी कमजोर हुआ है। वर्तमान दौर में शिक्षकों के पढ़ाने की गुणवत्ता में कमी के कारण बच्चों की राह डिजिटल की ओर अग्रसर हुई है। मात्र 20 प्रतिशत शिक्षक होंगे जो बच्चों के बीच अपना प्रभाव छोड़ पाते हैं। इन्हीं की तरह अन्य शिक्षकों को भी खुद को बनाना होगा तभी बच्चों का किताबों की ओर रुझान बढ़ेगा साथ ही स्कूली पाठ्यक्रमों में भी बदलाव लाना होगा और साहित्य के प्रति रुचि जागृत करनी होगी। इस दिशा में सुधार के लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास करने होंगे। शिक्षकों के चयन प्रक्रिया में सुधार लाने होंगे तभी इस दशा में सुधार आ पाएगा। सोशल मीडिया में तमाम तरह की अनर्गल गाली गलौज शब्दों से साहित्यिक क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।

# भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

## घरों में ध्वज लगाकर सेल्फी सोशल मीडिया पर डालेंगे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को नैनीताल नगर में अपने स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर सूखाताल बूथ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी की रीति-नीतियों से लोगों को अवगत कराया गया। सांसद प्रतिनिधि और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिंह रावत ने इस दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है, जो कई लोगों के बलिदान, त्याग और कार्यों से संभव हुआ है। कार्यक्रम में गोपाल सिंह रावत के साथ निवर्तमान महामंत्री मोहित लाल



साह, शैलेन्द्र साह, पूर्व सभासद प्रेम सागर, दीप भट्ट, अमिताभ साह, करन साह, प्रकाश पंत, पंकज साह, मोहन कांडपाल, एडवोकेट मनोज साह और ललित साह समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा, भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल के अंतर्गत शक्ति केंद्र स्नो व्यू के बूथ संख्या 79 से लेकर 81 तक स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने 1980 से अब तक भारतीय जनता पार्टी के उत्थान और कार्यों के बारे में विस्तार से अपने विचार साझा किए। शक्ति केंद्र की संयोजक तारा राणा, शक्ति केंद्र प्रभारी भूपेंद्र सिंह बिष्ट, बूथ अध्यक्ष पुष्पा राणा, चंपा रिखाड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, खीमा भतरौजी, हेमा रिखाड़ी, भावना बिष्ट, गरिमा उपाध्याय, कमला आर्य, कनिष्क रिखाड़ी, पीसी उपाध्याय और कमल जोशी समेत कई कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस दिन भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष जीवंती भट्ट के आवास पर मल्लीताल बाजार शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ एक गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन कार्की, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कविता गंगोला, शक्ति केंद्र के चारों बूथ के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की के मुताबिक पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नैनीताल के सभी शक्ति केंद्रों और बूथों पर कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने घरों में ध्वज लगाकर और सेल्फी खींचकर सोशल मीडिया और सरल ऐप पर इसे साझा किया।

## बोट स्टैंड पर मारपीट

**नैनीताल।** गाजियाबाद से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों ने रविवार को नैनीझील में पैडल बोट से नौकायन किया। पर्यटकों ने पहले नियमों को ताक पर रखकर लाइफ जैकेट उतारी और फिर स्टंट करने लगे। बोट स्टैंड में तैनात कर्मचारियों की ओर से मना करने पर वह स्टैंड पर वापस आए और कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरु कर दी। बता दें कि मल्लीताल मां नयना देवी मंदिर के समीप स्थित बोट स्टैंड में हुई मारपीट स्थल के समीप ही कई श्रद्धालु सामूहिक कन्या पूजन कर रहे थे मारपीट के दौरान यहां अफरातफरी सी मच गई। कन्याएं भी इधर उधर भागने लगी। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने किसी तरह मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाया गया। गाजियाबाद निवासी पर्यटक सचिन यादव समेत शौरभ यादव तथा विजय प्रताप सिंह, दीपक कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## अवैध खनन पर कठोर कार्रवाई करें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के लिए गठित जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने अवैध खनन की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी भटगांई ने जिला कार्यालय में एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स की बैठक लेते हुए तहसील स्तर पर गठित समितियों को भी सक्रिय रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा अवैध खनन को लेकर जारी किए गए आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश देते है कहा कि न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी देरी के कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आदेशों के विपरीत किसी भी प्रकार का खनन कार्य संचालित होता पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ तत्काल नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अवैध खनन के मामलों में जुर्माने के रूप में लगाई गई धनराशि की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने घरों में पार्टी का झंडा लगाकर लोगों को पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। वही दूसरी ओर मंडलसेरा पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य वक्त पिथौरागढ़ जनपद के प्रभारी कुंदन सिंह परिहार ने कहा कि जनसंघ से आज तक पार्टी का बड़ा संघर्षकारी समय रहा। आज पार्टी पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी उभरकर समाने आई है। अभी भी पार्टी में लोगों का जुड़ने का सिलसिला जारी है। विधायक पार्वती दास ने भाजपा के नीतियों व पार्टी आदर्शों के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में अन्य वक्ता गोविंद टंगड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, ब्लॉक प्रमुख कपकोट गोबिंद दान, सहित अन्य ने पार्टी के बारे में बिस्तर से बताया। इस मौके पर डा. हर्ष कुमार मेहरा, किशोर कुमार कपूर, केशवानंद जोशी, रघुवर दफौटी, रवि करायत, प्रकाश साह, प्रमोद मेहता, सुनीता टम्टा, मथुरा प्रसाद, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह परिहार एवं राजेंद्र सिंह राठौर ने किया।

### कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया जाए

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी ने कहा कि ऑडिटोरियम और उसके आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई का उच्च स्तर बनाए रखा जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ऑडिटोरियम में बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इन मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में निर्धारित उच्च गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑडिटोरियम का निर्माण टिकाऊ और लंबे समय तक चलने वाला हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डा. सीएस चौहान और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# प्रकृति के पांच रूपों की कथा सुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जगदम्बानगर स्थित जगदम्बा मंदिर में देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन का आयोजन किया गया। ब्यास आचार्य पं. खष्टाबल्लभ पाठक ने प्रकृति के पांच रूपों दुर्गा, राधा, लक्ष्मी, सरस्वती और सावित्री का वर्णन करते हुए शालिग्राम का महत्व बताया। उन्होंने विशेष रूप से सावित्री की कथा सुनाई और कहा कि प्रकृति रूपी सरस्वती का पूजन पहली बार भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन किया था, जिससे मनुष्य को सब कुछ हासिल होता है। कथा के समापन पर यज्ञाचार्य डा. मनोज पांडेय ने धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए



रखने पर जोर दिया और कहा कि इन्हें पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना आपत्तिजनक है, क्योंकि इससे धार्मिक आस्था को चोट पहुंचती है। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का पारायण होगा, जिसके बाद कन्या पूजन और भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान ब्यास जी के साथ मंच पर कीर्तन मंडली में जगदीश लोहनी द्वारा गाए गए मधुर भजनों से श्रोता भाव-विभोर हो गए। पूर्व में, मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य डा. मनोज चंद्र पांडेय ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ विभिन्न पूजन अनुष्ठान किए। मुख्य यजमान उमेश चंद्र पांडेय और सह यजमान सत्यप्रकाश बिष्ट तथा हिमांशु शर्मा रहे। हवन में आहुति देने वालों में अभिषेक लटवाल, हनी उप्रेती, प्रकाश पंत, यशवर्धन जोशी, मनीष जोशी, जगदीश तिवारी, प्रणव तिवारी, मुकेश भट्ट, चंद्र प्रकाश तिवारी, नवीन नगरकोटी, उज्जवल जोशी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। जगदम्बा मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से 7 अप्रैल को होने वाले पारायण और भंडारे में भाग लेने की अपील की है।

# 'कोई मिल गया' ने जीत लिया मुकाबला

## बास्केटबॉल: पहाड़ी बॉलर्स को दी शिकस्त




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** स्वर्गीय श्री दीवान राम मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट जो कि उनके पुत्र संतोष कुमार पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष डीएसबी कैंपस नैनीताल द्वारा आयोजित किया गया का फाइनल मुकाबला रविवार को संपन्न हुआ।

बता दें यह मैच कोई मिल गया और पहाड़ी बॉलर्स के बीच खेला गया जिसमें कोई मिल गया टीम ने 51-64 के स्कोर से पहाड़ी बॉलर्स को हराया। यह मुकाबला अत्यंत रोमांचक और दर्शकों के लिए उत्साहवर्धक रहा। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही जिनमें कविता गंगोला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नरेश पांडे अध्यक्ष व्यापार मंडल भवाली एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद्र आर्य प्रमुख रहे। इनके साथ साथ दिनकर सिंह निखिल सिंह बिष्ट राजीव गुप्ता भुवन सिंह बिष्ट अभय शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया जिससे खिलाड़ियों के खेल के प्रति प्रेम और उत्साह को बल मिला। मैच के निर्णायक मंडल में विनोद कनारी समीर अली मोहम्मद अशरफ एवं फरीद अहमद तथा स्कोर शीट पर कार्यरत प्रमुख सदस्यों में कुलदीप वर्मा व फैजान खान ज्ञान सिंह देवेंद्र सिंह बिष्ट इंदर सिंह बिष्ट हैदर अली उज्ज्वल शाह नीरज कुमार शुभम कुमार अभिनव दीपक थापा मनीष मौर्य प्रियांशु प्रिया पुजारी हिमांशी ढीला प्रकृति बिष्ट और गीतांजलि राणा शामिल रहे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य भूमिका संतोष कुमार राजा स्पोर्ट्स क्लब नैनीताल और आयोजन समिति की रही। इस मौके पर बैच सेरेमनी में राजीव गुप्ता को सम्मानित किया गया।

# शेखर त्रिपाठी यूपीसीएल के मुख्य अभियंता नियुक्त

## गृहक्षेत्र शांतिपुरी पहुंचने पर लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी निवासी शेखर त्रिपाठी का उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता कुमाऊं के पद पर पदोन्नति होने पर क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वक्ताओं ने शेखर त्रिपाठी के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी इस उपलब्धि से स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। त्रिपाठी की पहली नियुक्ति 1989 में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद में लखनऊ टांडा थर्मल पावर में जेई के पद पर हुई थी।

इसके बाद 1995 में उनका ट्रांसफर भीमताल जेई के पद पर हुआ। 2001 में प्रमोशन पर एसडीओ हल्द्वानी बने और फिर 2005 में अधीक्षण



अभियंता के पद पर कार्यभार संभाला। 2015 से 2025 तक एसई के पद पर रहते हुए हल्द्वानी, काशीपुर, रूड़की और वर्तमान में रुद्रपुर में कार्यरत रहे। इसके साथ ही, त्रिपाठी 2025 में उत्तराखंड ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष बने और राष्ट्रीय खेलों में 12 पदक जीतने में सफल रहे। वह शांतिपुरी में पिछले दो वर्षों से ग्रीन शांतिपुरी के बैनर तले पांच किलोमीटर और दस किलोमीटर की क्रॉस-कंट्री रेस का आयोजन कर रहे हैं। स्वागत समारोह में सेवानिवृत्त खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद्र बुधानी, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी, एसडीओ वन विभाग अनिल कुमार जोशी, पूर्व जिलापंचायत सदस्य नारायण सिंह बिष्ट, सेवानिवृत्त कर्नल आरसी जोशी, एसआई सुशील जोशी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पूर्व जिलापंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, प्रशासक चंद्रकला बिशन कोरंगा, प्रधान राहुल तिवारी, कैलाश जोशी, दुग्ध संघ निदेशक इंद्र मेहता, जगदीश कांडपाल, विजेंद्र जोशी, नवीन टाकूली, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित काण्डपाल, महिला समूह की अध्यक्षा कविता तिवारी और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## मेरा गांव मेरी सड़क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** ग्राम्य विकस विभाग द्वारा बदियाकोट में बनी मेरा गांव मेरी



सड़क का जिपं प्रशासक बसंती देव, ब्लाक प्रशासक गोबिंद सिंह दानू ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से किसानों के उत्पादन को बेहतर बाजार मिलेगा। सड़क के अभाव में उनके उत्पादन को सही मूल्य नहीं मिल पा रहा था। सड़क बनने के बाद ग्रामीणों की समस्या दूर होगी। रविवार को बदियाकोट में आयोजित कार्यक्रम में देव ने कहा कि मेरा गांव, मेरी सड़क योजना दुर्गम और अति दुर्गम क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण योजना है। 69.46 लाख रुपये बनी बदियाकोट सड़क से बड़े-बड़े तोक जुड़ेंगे। मरीजों व गर्भवतियों को सड़क तक ले जाने में अब सुविधा होगी। ब्लसॅक प्रशासक गोविंद दानू ने कहा कि क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन, मछली उत्पादन व फल उत्पादन की अपार संभावना है। सड़क बनने से इसमें इजाफा होगा। साथ ही लोगों अब पैदल चलने से भी राहत मिलेगी। इस मौके पर सोनू दानू, पुष्पा दानू, रुकमणी दानू, नरेंद्र दानू, शिव सिंह, धमेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, जेई अमित कोरंगा आदि मोजूद रहे।

# आरसीबी के खिलाफ उतरेगी मुंबई इंडियंस




● मुंबई ने मौजूदा सीजन में अब तक खेले गए चार मैचों में सिर्फ एक मैच में ही जीत हासिल की है

**मुंबई, वार्ता।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में अपने लड़खड़ाते अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी।

मुबंई ने मौजूदा सीं में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। एमआई के स्तरहीन प्रदर्शन के चलतेटीम के संतुलन और नेतृत्व पर सवाल उठने शुरु हो गये हैं। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत के साथ हुई है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होने पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। उनकी बल्लेबाजी लय में नहीं रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। पिछले मैच में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरने वाले रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमाीाी सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161-32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं। वानखेड़े की पिच अपने उच्च स्कोर वाले खेलों के लिए जानी जाती है, मेजबानों को कुछ राहत प्रदान करेगी, जो अपने घरेलू लाभ की तलाश करेंगे। इस मैदान पर मुबंई ने 11 में से आठ बार आरसीबी को हराया है। हालांकि इस बार उन्हे इन फार्म बेंगलुरु से पार पाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आरस. ीबी दो जीत और एक हार के साथ मैच में आ रही है। बेंगलुरु में एक उच्च स्कोर वाले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली का वानखेड़े में 18 खेलों में 44-15 की औसत से 574 रन बनाने का शानदार रिकॉर्ड है, उनकी उम्मीदों का केंद्र होंगे। इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात के खिलाफ 54 रन बनाकर अपनी फॉर्म में वापसी की है और टिम डेविड और जितेश शर्मा के साथ मिलकर एक खतरनाक मध्य क्रम बनाया। पिछले सीजनों में अक्सर आला. ेचनाओं का शिकार रही आरसीबी की गेंदबाजी इस साल और भी तेज दिखी है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन मैचों में 7-26 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार नई गेंद से भरोसेमंद रहे हैं। क्रुणाल पांड्या और लिविंगस्टोन की अगुआई में स्पिन विभाग अतिरिक्त विविधता प्रदान करता है। वानखेड़े की पिच सपाट और ठोस होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों के अनुकूल होगी। इस स्थल पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के बेहतर परिणाम रहे हैं, जिन्होंने 119 टी20 मैचों में से 65 में जीत हासिल की है। दोनों पक्षों के लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता देने के कारण, टॉस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुंबई अपने अभियान को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है और आरसीबी अपनी गति को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, सोमवार का मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। जहां एमआई घरेलू समर्थन और पिछले दबदबे पर निर्भर करेगा, वहीं आरसीबी मौजूदा फॉर्म के आधार पर अधिक स्थिर इकाई दिखाई देती है।

**मुंबई इंडियंस की संभावित एकादशः** विल जैक, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), तिलक वर्मा नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, ट्रेंट बोल्ट इम्पैक्ट प्लेयर: तिलक वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की संभावित एकादशः** फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल इम्पैक्ट प्लेयर: सुयश शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# चार माह बाद वापसी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह




एमआई ने रेडी टू रोर मैसेज पोस्ट किया

मयंक यादव बॉलिंग के लिए फिट

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल मैच खेलने के आसार नजर आने लगे हैं, वे मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह कमर की चोट के कारण इस सीजन के पहले चार मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह को लेकर मुंबई इंडियंस ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं। वे भी चोट की वजह से शुरुआती मैच नहीं खेले थे। बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह तेज गेंदबाज को बार्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चौंपियंस ट्राफी से भी वह बाहर हो गए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे। मुंबई 4 में 3 मैच हारी, पाइंट टेबल में नंबर 7 मुंबई पहले 4 आईपीएल मैच में से 3 गंवा चुकी है। मुंबई को इस सीजन के पहले लीग मैच में चेन्नई ने 4 विकेट से हरा दिया था। दूसरे मैच में गुजरात के हाथों 36 रन से हार मिली थी। तीसरे मैच में मुंबई ने अपने घरेलू मैदान पर वापसी की थी और कोलकाता को 8 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। चौथे मैच में उसे लखनऊ ने करीबी मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। मुंबई के 4 मैचों में 2 अंक है और ये टीम पाइंट्स में अभी 7वें नंबर पर है। लखनऊ के मयंक पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मयंक एनसीए में बहुत मेहनत कर रहे हैं और मैंने उनके गेंदबाजी के कुछ वीडियो देखे हैं, जिसमें वे लगभग 90 से 95प्रतिशत की फिटनेस के साथ गेंदबाजी कर रहा था। मयंक ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जो भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के लिए वाकई बहुत बढ़िया है। हमने पिछले साल उनके प्रदर्शन को देखा था। मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसने मयंक से ज्यादा तेज गेंदबाजी की हो। मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। वे डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर की फेंकी। उनकी सभी 24 गेंदों की स्पीड 140 किमी प्रति घंटा से ऊपर रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### केकेआर ने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी: रिंकु

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विस्ोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह की बांह में गुदा टेटू उन्हे उस पल की याद दिलाता है, जिसने उनकी लजदगी हमेशा के लिए बदल दी। नाइट बाइट के एक एपिसोड में रिंकू ने अपने क्रिकेट के स्र को याद करते हुए अपने टैटू के बारे में बात की, जिस पर 'भगवान की योजना, खूबसूरती से किया गया' लिखा हुआ था और साथ ही '2:20' लिखा हुआ था। ठीक वही पल जब वह कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े और उसने उनकी ज़लदगी हमेशा के लिए बदल दी। कोलकाता फ्रेंचाइजी के साथ अपने विशेष संबंध को दर्शाने वाले टैटू की ओर इशारा करते हुए उन्होने कहा कि जब मुझे 2018 में केकेआर ने 80 लाख रुपये में खरीदा था, तो वह रकम मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। उससे पहले हमारे पास ज़्डादा पैसे नहीं थे। मेरे परिवार की ज़लदगी पूरी तरह बदल गई। मेरे भाई-बहनों की शादियाँ आसान हो गईं, और हमने उस पैसे से एक घर भी खरीदा।

### घटिया स्पोर्ट्स किट बांटने की जांच होगी : मदन दिलावर

**झुंझुनू, वार्ता।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में वितरित की गयी घटिया गुणवत्ता वाली स्पोर्ट्स किट की जांच कराई जायेगी। श्री दिलावर ने रविवार को राजस्थान में झुंझुनू जिले के टमकोर गांव स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो भी व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा उसके खिला कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राज्य में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरित किए गये है।

# डबल हेडर के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव

IPL®

■ दिल्ली शीर्ष पर, पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें सूची में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 में दो मुकाबले लगभग एकतरफा हुए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, जबकि दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को शिकस्त दी। इन दो मैचों के बाद अंक तालिका में काफी बदलाव हुआ है।

पंजाब की टीम को जहां तीन स्थान का नुकसान हुआ, वहीं पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें अंक तालि. का में सबसे नीचे हैं। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत रही। टीम छह अंक और +1.257 का नेट रन रेट लेकर शीर्ष पर है। वहीं, चेन्नई की यह तीसरी हार रही। पांच बार की चैंपियन यह टीम एक जीत और दो अंक लेकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -0.891 है। वहीं, राजस्थान को भी जीत का फायदा हुआ और टीम सातवें स्थान पर कायम है। उसने अभी तक चार में से दो मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार मिली है। राजस्थान का नेट रन रेट -0.185 है। पंजाब की टीम को तीन स्थान का नुकसान हुआ। दिल्ली- चेन्नई मैच के बाद पंजाब किंग्स पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़की, फिर राजस्थान से खुद के मैच के बाद चौथे स्थान पर लुढ़क गई। पंजाब ने तीन में से दो मैच जीते हैं और चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.074 है। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन में से दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात टाइटंस तीन में से दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.807 है। फिर पंजाब का नंबर आता है। उसके बाद पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। केकेआर ने चार में से दो मैच जीते हैं और दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। उसके अंक चार हैं और नेट रन रेट +0.070 है। वहीं, लखनऊ चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। उसके भी चार अंक हैं और नेट रन रेट +0. 048 है। इसके बाद नीचे के चार स्थान पर चार पूर्व चैंपियन टीमें हैं। सातवें स्थान पर राजस्थान और आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। मुंबई ने चार में से एक मैच जीता है और तीन हार और दो अंक के साथ आठवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.108 है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स नौवें और हैदराबाद 10वें स्थान पर है।

# एलएसजी के दिग्वेश राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश राठी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ नोटबुक सेलिब्रेशन की वजह से मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही दो डिमेरिट पाइंट दिया गया है। अब उनके तीन डिमेरिट पाइंट हो गए हैं। दिग्वेश को इसी सेलिब्रेशन के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी 25 प्रतिशत फाइन लगा था और एक डिमेरिट पाइंट दिया गया था। वहीं, स्लो ओवर रेट के लिए टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल शुक्रवार रात लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेले गए मैच में दिग्वेश राठी ने मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद अपने ट्रेड मार्क नोट बुक फाड़ने के अंदाज में जश्न मनाया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी दिग्वेश राठी आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी पाए गए। इसलिए उन पर 50 प्रतिशत जुर्माना और 2 डिमेरिट पाइंट दिए गए। इससे पहले एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ में ही खेले गए मैच में पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट किया करने बाद पर्चा फाड़ने के अंदाज में सेलिब्रेशन किया था। उनकी इस हरकत पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अपनी नाराजगी जताई थी। उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था और एक डिमेरिट पाइंट दिए गए थे। एक अप्रैल को पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद उनके पास जाकर नोटबुक सेलिब्रेशन करते हुए दिग्वेश राठी।

# धोनी ने संन्यास की खबरों को खारिज किया

**इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे माही**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने ताजा पाडकास्ट में आईपीएल से अपने संन्यास की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। धोनी के संन्यास की अफवाह ने उस वक्त जोर पकड़ा जब सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चेपाक में खेले गए मुकाबले को देखने के लिए धोनी के माता-पिता भी स्टेडियम पहुंचे। हालांकि, धोनी के संन्यास की खबर अफवाह निकली क्योंकि उन्होंने मैच के बाद ऐसी कोई घोषणा नहीं की। धोनी ने अब इन खबरों को लेकर चुप्पी तोड़ी है और राज शमानी के पाडकास्ट में प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे। धोनी बताया कि वह अपने शरीर को आठ महीने का समय देंगे यह देखने के लिए कि क्या 44 साल की उम्र में भी वह खेल सकते हैं। उनके पास अभी समय है यह जानने के लिए कि क्या वह इस लीग में अलविदा कहेंगे। धोनी के पाडकास्ट में कहा, नहीं, अभी नहीं, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को आसान रखता हूं और एक साल का समय देता हूं। अभी मैं 43 साल हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा ये जानने के लिए कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं नहीं करता, बल्कि मेरा शरीर करता है। सीएसके के मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से भी यही सवाल किया गया था। इस पर फ्लेमिंग ने कहा था कि उनकी धोनी से संन्यास के बारे कोई चर्चा नहीं हुई है। फ्ले. मिंग ने धोनी के संन्यास को लेकर कहा, नहीं, उनके सफर को खत्म करना मेरा काम नहीं है। मुझे कुछ पता नहीं है। मैं बस उनके साथ काम करने का लुत्फ उठा रहा हूं।

# न्यूजीलैंड की जीत में ब्रेसवेल-सियर्स बने हीरो

■ न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में पाक को 43 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) के विस्फोटक अर्द्धशतक और बेन सियर्स के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हरा दिया।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच को 42 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 264 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 221 रन पर ही सिमट गई। ब्रेसवेल ने 40 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज राइस मारियू ने 58 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया, जबकि डेरिल मिशेल (53 गेंदों पर 43 रन) ने बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण संतुलित होने के क्षणों के बावजूद कीवियों की रन रफ्तार को रोकने में विफल रहा।

आकिफ जावेद ने 62 रन देकर 4 विकेट लिए। 265 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान दबाव में लड़खड़ा गया। सीयर्स ने एक तेज स्पेल में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए जिसने मेहमान टीम के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जैकब डफी ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिसमें खतरनाक रिजवान (37) शामिल थे।

# आरआर की सलामी जोड़ी अदभुतः क्लार्क



■ जायसवाल और संजू किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखते है

**मुबंई, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है।

कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा कि जयसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्डादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहाँ तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है। उन्होने कहा कि राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा कि मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हां, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्डादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को एक बेहतरीन स्थिति में पहुँचा दिया। क्लार्क ने कहा कि मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने 200 रन तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, यह वास्तव में एक अच्छा स्कोर था। पंजाब किंग्स शायद निराश होंगे कि उन्होंने इतने रन दिए। लेकिन जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद ने वास्तव में राजस्थान रॉयल्स के लिए लय तय कर दी। यह एक बेहतरीन गेंद थी। फिर श्रेयस ने दो अविश्वसनीय कवर ड्राइव लगाए।

# डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती: सिनर

■ टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा, यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थीरू सिनर इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था। जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया

● नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, मोहम्मद सिराज को चार विकेट मिले




**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 20वें मैच में गुजरात टाइटंस को 153 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। नीतीश कुमार रेड्डी (31 रनद्ध और हेनरिक क्लासन (27 रन( ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनिकेत वर्मा और अभिषेक शर्मा ने एक समान 18-18 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके। उन्होंने सिमरजीत सिंह, अनिकेत वर्मा, ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले। हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 17 रन दिए। उनके ओवर में पैट कमिंस ने एक चौका और एक छक्का लगाया। उन पर शमी ने भी एक चौका लगाया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां कमिंडु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बाल पर हैदराबाद का 5वां बैटर आउट हुए। यहां साई किशोर ने नीतीश रेड्ग्डी को राशिद खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपने पिछले ओवर में हेनरिक क्लासन को भी आउट किया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। इस ओवर की 5वीं बाल पर साई सुदर्शन ने हेनरिक क्लासन को बोल्ड कर दिया। क्लासन ने 27 रन बनाए। साई किशोर ने फिफ्टी पार्टनरशिप को ब्रेक किया। टीम ने तीसरा विकेट 50 रन के स्कोर पर गंवाया था। ओवर की आखिरी बाल पर अनिकेत ने एक रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 8वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। दूसरी बाल पर ईशान किशन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने ईशांत शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 6 ओवर के फेज में 45 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। हेड 8 और अभिषेक 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सिराज ने जीते हैं। पारी के छठे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को चोट लगी। एक थ्रो फेंकते समय उनकी मसल्स में खिंचाव आया। फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

# मदरसा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल 97 मदरसों को मान्यता

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** उत्तराखंड में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रमुख मुस्लिम समाज के नेताओं, मदरसा शिक्षकों एवं प्रशासकों ने उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी का मौलवियों, मदरसा शिक्षकों और प्रशासकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा मदरसा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के लिए आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष, मुफ्ती शमून कासमी ने कहा: ष्यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और सर्वसमावेशी दृष्टिकोण के कारण संभव हो पाया है। मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने उत्तराखंड के मदरसों को सम्मान और पहचान देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मुफ्ती शमून कासमी ने यह भी बताया कि उत्तराखंड के सभी मदरसों में अब छब्म्त्ज



पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा: हमारा उद्देश्य है कि मदरसा छात्र केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, और प्रशासनिक सेवाओं में करियर बनाने का पूर्ण अवसर मिले। हम उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

मुफ्ती शमून कासमी ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल ही में उत्तराखंड सरकार द्वारा अवैध मदरसों के विरुद्ध की गई कार्रवाई एक साहसिक, संवैधानिक और सकारात्मक कदम है। यह कार्रवाई केवल अवैध, गैर-पंजीकृत एवं मानकों के विरुद्ध चल रहे मदरसों के खिलाफ है। उत्तराखंड सरकार द्वारा की जा रही यह पहल शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और जिम्मेदार बनाने की दिशा में प्रशंसनीय है। सभी मान्यता प्राप्त मदरसे सरकार के नियमों और शिक्षा बोर्ड की निगरानी में विधिसम्मत रूप से संचालित हो रहे हैं और उनका पूर्ण संरक्षण किया जाएगा।

# भगवानपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, वसूला जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने आज क्षेत्र में विशेष सत्यापन अभियान चलाया जिससे क्षेत्र में खलबली मची रही। इस दौरान करीब डेढ़ सौ लोगों का सत्यापन किया गया। एक दर्जन लोगों के चालान काटे गए। वहीं चालान काटते हुए हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी/मजदूर/फड़/किरायेदार ठेली वाले व्यक्तियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर द्वारा आज अलग-अलग टीमों का गठन कर वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया एवम निम्नलिखित कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान-सत्यपान का क्षेत्र ग्राम रायपुर, ग्राम सिसौना रहा। वहीं 150 मकान मालिकों के घरो पर जाकर 69 व्यक्तियों के 83 पुलिस अधिनियम में किता चालान संयोजन शुल्क 6,90000/-रुपये न्यायालय में जमा किया गया। वहीं सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर 18 लोगो के 81 उत्तराखंड पुलिस अधिनियम मे किया चालान 5000/- रु0 संयोजन शुल्क वसूला गया।

# चार आरोपियों ने एक व्यक्ति को पीटा, केस दर्ज

**रुड़की।** चार लोगों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवास बबली पत्नी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मार्च को दोनों पति-पत्नी घर में बैठे थे। इसी दौरान पड़ोस का ही एक आरोपी उनके नौकर को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने लगा। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी के साथी भी मौके पर आ गए। जिनके द्वारा मारपीट करते हुए पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े, जिन्होंने बामुश्किल पीड़ित की जान बचाई।

# सट्टे की खाईबाड़ी में एक युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** सट्टे की खाईबाडी करने वाले 01 अभियुक्त को भगवानपुर पुलिस ने धर दबोचा है। उसके पास से नगद 1040 रुपये मय सट्टा पर्ची, एक पैन कब्जे से बरामद किया।

जानकारी के अनुसार थाना भगवानपुर पुलिस को दिनांक 05/04/2025 को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुयी इण्डियन आयल के पीछे आम का बाग भगवानपुर के पास एक व्यक्ति सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा है इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मौके पर एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाडी करते हुए पाया गया जिसके कब्जे से नगद 1040 रुपये मय सट्टा पर्ची, एक पैन के साथ गिरफ्तार गया जिस संबंध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 115/25 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मुकेश कुमार पुत्र सुक्कड सिह निवासी शाहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार है। उसे पकडने वाली पुलिस टीम में 1-हे0का0 सुन्दर सिंह ख्रथाना भगवानपुर 2-का0 राजेन्द्र वर्मा थाना भगवानपुर आदि शामिल रहे।

**वहीं** 11 **मार्च** से लापता युवक को पुलिस ने यमुनानगर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। कस्बा निवासी मूनसरीना ने 11 मार्च को अपने पुत्र अमजद की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने लापता 34 वर्षीय अमजद को यमुनानगर से सकुशल बरामद कर लिया।

# इकराम की हत्या में फरार 25 हजार का इनामी दबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** लंढौरा में दो भाइयों पर फायरिंग कर इकराम की हत्या के मामले में फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामी चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस तीन हत्यारोपियों को पहले ही मुठभेड़ के दौरान पकड़ चुकी हैं। अठ्ठाईस फरवरी को कार सवार बदमाशों ने लंढौरा में दो सगे भाइयों इकराम व ताजीम पर फायरिंग की थी। गोली लगने से इकराम की मौत हो गई थी, जबकि ताजिम गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ



मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। घटना के तीन दिन बाद ही इकराम हत्याकांड में शामिल बदमाशों का शिखर के जंगल में मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई थी। इस दौरान पुलिस ने नाबालिग समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया था। पुलिस पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने अन्य साथियों के नाम भी बताए थे। तभी से पुलिस हत्याकांड में शामिल फरार चल रहे आरोपियों को तलाश करने में लगी हुई थी। शनिवार की देर शाम को पुलिस को सूचना मिली कि इकराम हत्याकांड का एक आरोपी नहर पटरी से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर ली। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम निपुल उर्फ छोटा निवासी ब्रह्मपुर जट कोतवाली मंगलौर बताया है। कार्यकारी कोतवाली प्रभारी रफत अली ने बताया कि इकराम हत्याकांड में शामिल चौथे आरोपी निपुल को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर पच्चीस हजार का इनाम भी था।

# छात्र को बेहोश कर उठा ले गए कार सवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** ई-रिक्शा चालक के बेटे को कार सवार बदमाश मलकपुर चुंगी से उठा ले गए। ई-रिक्शा चालक के बेटे को जब होश आया तो वह देहरादून के आशारोडी चौकी के पास मिला। पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने सिविल लाइन कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के खंजरपुर निवासी ई-रिक्शा चालक अमित कुमार ने बताया कि उसका 16 वर्षीय बेटा प्रियांशु कक्षा दस में पढ़ता है। वह अपने छोटे भाई को मलकपुर चुंगी स्थित स्कूल में छोड़कर वह साइकिल से अपने विद्यालय जा रहा था। जैसे ही वह नगर निगम चौक के पास पहुंचा तो वहां मौजूद कार सवार कुछ युवक उसे बेहोश कर कार में डालकर ले गए। बताया कि जब उसके बेटे की आंख खुली तो वह देहरादून के आशारोडी चौकी के पास था। उसका पुत्र किसी प्रकार पैदल आईएसबीटी पहुंचा और वहां से देहरादून में ही रिश्तेदार के घर पर पहुंच गया। वहां बेटे ने फोन कर परिजनों को आप बीती बताई। पीड़ित के पिता ने अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। एसएसआई विनोद थपरियाल ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**वहीं** मिलिट्री चौराहे के पास शनिवार दोपहर बाद जाम लगने की वजह से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सहारनपुर और दिल्ली देहरादून मार्ग से जाम खुलवाया।

# गुरु ज्ञान सागर स्कूल, का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया
# शिक्षक-अभिभावक मिलकर छात्र का निर्माण करते हैं: मेराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** गुरु ज्ञान सागर स्कूल का सातवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मेराज अहमद (खंड शिक्षा अधिकारी), अनुराग सिंहल डायरेक्टर डॉक्टर अनुज गोयल, डॉक्टर लीना गोयल द्वारा गुरु ज्ञान सागर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जानकारी के अनुसार विद्यालय वार्षिकोत्सव में सुशील कुमार जैन मेमोरियल स्कॉलरशिप बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत आठवी कक्षा की ऑल राउंडर गर्ल अवनी लोहान को पांच हजार का चेक, देवेंद्र कुमार गोयल मेमोरियल अवार्ड स्कॉलरशिप विद्यालय के छात्र अभय सालार को 2500 का चेक ,नमन एक्सीलेंस अवॉर्ड विद्यालय की छात्रा वर्णिका लोहान को 2500 का चेक ,विद्यालय का शशिबाला पुरस्कार वर्णिका लोहान 2500 का चेक और श्रीमती शैला रानी जैन पदम चंद जैन स्कॉलरशिप रुपए 5100 का चेक विद्यालय के छात्र कुणाल चौधरी को अनुज गोयल एवं




डॉक्टर लीना गोयल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय टॉपर्स के साथ-साथ, खेलकूद, शैक्षिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मुख अतिथि मिराज अहमद ने विद्यालय गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए अपने आशीर्वचन में कहा कि एक छात्र को अपना अधिकतम समय विद्या अध्ययन, खेलकूद और बौद्धिक गतिविधियों में व्यतीत करना चाहिए। माता पिता और शिक्षक ही छात्र निर्माण के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है, और शिक्षक तथा अभिभावक मिलकर छात्र निर्माण में योगदान देते है इसलिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारित करना अत्यंत आवश्यक है। डायरेक्टर डॉक्टर अनुज गोयल द्वारा समस्त अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद करते हुए छात्रों को मोबाइल एवं नशे से दूर रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर जसविंदर ठाकुर, मीनाक्षी शर्मा सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का मंगलौर में स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** कसबे के एक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के छह बार के सांसद एवं तेजतर्रार कुश्ती प्रेमी का कुश्ती खेल प्रेमियों ने शानदार स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर उत्तराखंड कुश्ती संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर एसपी देशवाल के नेतृत्व में राहुल शर्मा कोषाध्यक्ष उत्तराखंड कुश्ती संघ हरिद्वार जिले के कोच जोगिंदर, अक्षय, पुलकित लोहान, विश्वजीत सालार, ऋतिक सालार, आलोक द्विवेदी, धर्मराज राणा, धर्मेंद्र बालियांन, अक्षय राठी, धर्मराज राणा, सुखविंदर लोहान आदि



खेलप्रेमियों ने उपस्थित होकर हृदय की गहराई के साथ पूर्व कुश्ती भारतीय संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का स्वागत किया।

# युवती नगदी व आभूषण लेकर घर से भागी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस में रहने वाले लड़के पर अपनी पुत्री को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि दो बीती दो अप्रैल की सुबह लगभग सात बजे उसकी 21 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली। जो घर से 17 हजार रुपये नगद और कुछ सोने-चांदी के आभूषण भी साथ में ले गई है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को अपने झांसे में लेकर कहीं ले गया है। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **वहीं दूसरी ओर** रात लक्सर कस्बा चौकी प्रभारी नवीन चौहान अपने साथ सिपाही संदीप रावत व अमित रावत को लेकर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाकरपुर गांव के पास से 20 वर्षीय युवक एकांत पुत्र अनिल निवासी ग्राम सांचलू थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को एक तमंचे और एक कारतूस के साथ पकड़ लिया।

# उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल का द्विवार्षिक अधिवेशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रुड़की जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन का हरिद्वार जिले का द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारी प्रमुखता से शामिल हुए। जानकारी के अनुसार इस मौके पर कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से सामने रखा गया। इस मौके पर उत्तरांचल फेडरेशन मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और प्रांतीय महामंत्री मुकेश बहुगुणा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल को एक मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें सरकार से कुछ मांगे रखी गई थी। जिनमें प्रमुख रूप से अधिकतर मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्वों का सही तरीके से निर्धारण नहीं हो सका है विभिन्न कार्यालय में कार्यरत मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्व का निर्धारण जल्द से जल्द किया जाए ।उन्होंने सरकार से मांग करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की।सुगम दुर्गम का विभागवार पुनः निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों के कनिष्ठ सहायको प्रथम नियुक्ति के उपरांत विभागीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। पुरानी पेंशन के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने तथा वर्तमान में नई पेंशन योजना के साथियों के लिए सामान्य भविष्य निधि योजना प्रारंभ की जाय।कनिष्ठ सहायक की प्रथम नियुक्ति हेतु केबल 5 ग्रेड वेतन किया जाए ।मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के लिए तहसील स्तर तक तैनाती एवं सेवानिवृत्ति पर अनिवार्य रूप से अपने घर के समीप तैनाती की जानी चाहिए। अन्य संवर्गो की भाँति मिनिस्टीयल संवर्ग में भी स्टाफिंग पैटर्न की व्यवस्था समाप्त कर वित्तीय स्तरोंनयन की व्यवस्था प्रारंभ की जाए। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष सईद अहमद, संरक्षक रेशम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज नवानी, उपाध्यक्ष नीरज त्यागी,उपाध्यक्ष वैभव दिक्षित ,उपाध्यक्ष नीरज त्यागी संयुक्त मंत्री प्रवीण सिंह ,सिंचाई दीपक नेगी, अमित महंगई ,संगठन मंत्री विजय सिंह राणा,चौधरी अनिल सिंह,जिला मंत्री रोहित कुमार शर्मा आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेटी का अपहरण करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** कस्बा स्थित एक गन्ना कोल्हू में मजदूरी करने वाले उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बताया कि शुक्रवार तड़के उसकी 15 वर्षीय पुत्री गायब हो गई। आरोप है कि गन्ना कोल्हू संचालक का लड़का ही उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर कहीं ले गया है। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**वहीं दूसरी ओर** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के फेम कैंपस में शनिवार को एक युवक को लोगों ने बाइक चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद युवक की लोगों ने पिटाई शुरु कर दी। इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। इस दौरान किसी ने लोगों द्वारा आरोपी की पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# महिला मित्र से कमरा खाली करवाया तो युवक ने साथियों संग कर दिया पथराव व फायरिंग गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** आदर्शनगर में पथरबाजी व फायरिंग प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश जारी है। महिला मित्र से कमरा खघली कराने से नाराज युवक ने साथियों के साथ मकान मालिक पर फायरिंग और पथराव किया था। घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार वादी गुलाब गुप्ता पुत्र बलदेव निवासी निवास नगर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा कोतवाली रुड़की पर कोतवाली रुड़की पर तहरीर दी एक अप्रैल की रात को



दो मोटर साइकिल पर सवार 6 अज्ञात लड़कों द्वारा उनके घर पर ईंट पत्थरों से हमला किया गया एवं हवाई फायरिंग की गई। जिसके आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में कोतवाली रुड़की पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में गहन सुरागरसी पतारसी कर मुखबिर तंत्र की मदद से घटना में शामिल आरोपी कार्तिक पुत्र कुलबीर सिंह निवासी चंडहेड़ी नागल थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश उम्र 20 वर्ष को एक तमंचा व एक खोखा कारतूस के साथ दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी महिला दोस्त वादी के घर किराए पर रहती थी जिसको वादी द्वारा कमरा खघली करा लिया था इसी बात पर नाराज युवक ने अपने अन्य दोस्तों संग उनके मकान मालिक को डराने के लिए उक्त घटना को अंजाम दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ध्वजवीर पंवार,अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौड़,कांस्टेबल नीरज,अनिल और गंभीर सिंह शामिल रहे।

# पुलिस व गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने मारा छापा, 195 किलो मांस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने अवैध तरीके से भैस वंशीय पशु का क्रूरतापूर्ण कटान कर मांस बेचने के आरोप में तीन युवको को गिरफ्तार किया हैं उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की हैं।

थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कलियर पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड टीम के एसआई शरद कुमार कलियर में गो तस्करी में चौकिंग कर रहे थे।इसी बीच मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि पिरान कलियर के मुकर्रबपुर में भैंस वंशीय पशु का कटान कर उसके मांस को बेचने दुकान पर बेचा जा रहा हैं। सूचना पर टीम ने मांस की दुकान पर छापा मारकर तीनों युवको को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास 195 किलोग्राम भैंस वंशीय पशु का मांस कटान करने वाले उपकरण बरामद किया हैं।तीन युवक बरामद पशु मांस और उपकरणों का कोई वैध लाइसेंस नही दिखा पाए। पुलिस आरोपी




सफीक,मोनिस और अनस के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।टीम में गौ संरक्षण स्क्वॉयड टीम में एसआई शरद सिंह,एसएसआई बबलू चौहान, प्रवीण सैनी, राजेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर,पवन कुमार ,लखमीरा, जमशेद अली, विक्रम चौहान आदि शामिल रहे।

# सम्पादकीय

सोमवार, 7 अप्रैल 2025

## दलबदल पर शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि यदि स्पीकर दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनिर्णय दिखाते हैं, तो न्यायपालिका निष्क्रिय नहीं रह सकती। अदालत निर्देश जारी कर सकती है, जिसे यदि नजरअंदाज किया गया, तो अनुच्छेद 142 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। विधानसभाओं में दलबदल का मुद्दा हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में एक बड़ा विवादास्पद मुद्दा बन गया है। सत्तारूढ़ दलों, सियायी लोगों का का, तो यहां तक कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने दलबदल को प्रोत्साहित करके अपने विधायी आधार में बढ़ोतरी के लिए निर्लज्ज रवैया अपनाया है। आम तौर पर इसके लिए अपनाए जाने वाले तरीके में, जिसे 2010 के दशक के उत्तरार्ध में मणिपुर में और बाद में महाराष्ट्र में बेशर्मी से अपनाया गया। स्पीकर शामिल होते हैं, जो हमेशा सत्तारूढ़ दल से होते हैं। वह दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ विपक्षी दलों की अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर बिना कोई फैसला दिए बैठे रहते हैं। कुछ दलबदलुओं को, उनके पाला-बदल पर स्पीकर का निर्णय लंबित रहते हुए, मंत्री के रूप में शपथ तक दिलाई गई है। लोकतांत्रिक कवायद का मजाक बनाते हुए, कई राज्यों में सत्तारूढ़ दल की ओर सामूहिक पाला-बदल का अशोभनीय दृश्य देखा गया है। इस सिलसिले में सबसे ताजा तेलंगाना की स्थिति है, जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने पाला बदलकर कांग्रेस की ओर जाने वाले अपने 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें स्पीकर ने इस साल जनवरी में जाकर अधिसूचित किया। स्पीकर द्वारा समय से कार्रवाई की मांग करते हुए बीआरएस ने एक याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित टिप्पणी की कि अगर कोई स्पीकर अनिर्णायक बने रहने का विकल्प चुनता है, तो अदालत सुप्रीम कोर्ट, शक्तिहीन नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की यह टिप्पणी तर्कसंगत है कि अदालतें किसी स्पीकर को यह नहीं बता सकतीं कि वह कैसे निर्णय करे, लेकिन वे स्पीकर से वाजिब समय के भीतर निर्णय करने के लिए कह सकती हैं। मई 2023 में, पांच जजों की एक संविधान पीठ ने दलबदल पर निर्णय के लिए स्पीकरों की उपयुक्तता और निष्पक्षता में विश्वास जताया था लेकिन एक वाजिब अवधि के भीतर। इस फैसले की बुनियाद पर अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की दलबदल याचिकाओं पर निर्णय करने के वास्ते महाराष्ट्र के स्पीकर के लिए एक समयसीमा तय की थी। स्पीकर द्वारा याचिकाओं पर सुनवाई में अनावश्यक देरी के बाद यह कदम उठाया गया था। फिर भी, यह मुद्दा बना हुआ है। यह अपरिहार्य है क्योंकि स्पीकर हमेशा सत्तारूढ़ दलों से निर्वाचित होते हैं और शायद ही कभी गैर-पक्षपाती ढंग से काम करते हैं, जबकि उनसे निष्पक्षता बरतने की उम्मीद की जाती है।

## अतीत को याद रखें भाजपा कार्यकर्ता



सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा, हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है, उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, हमने राममंदिर बनाने का वादा किया, तो पूरा किया, धारा 370 खत्म करने का वादा किया, तो पूरा किया। भाजपा जो कहती है, वो करती है, यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में जनता का विश्वास हम पर बना हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है।

**जेपी नड्डा**
**भाजपा अध्यक्ष**

# वक्फ विवाद: निगाहें कहीं हैं, निशाना कहीं

**कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, जबकि सत्तारूढ़ राजद व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं**



**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों लंबी बहस व विवादों के बाद आख़िरकार वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो ही गया। चूंकि इस समय दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का बहुमत है इसलिए इस विधेयक के पारित होने की पूरी संभावना भी थी। हां विपक्ष को कुछ उम्मीदें स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सत्ता के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं नितीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू, जयंत चौधरी व चिराग़ पासवान से ज़रूर थीं कि शायद वे इस विधेयक के विरोध में खड़े हों परन्तु ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि इनके दलों के मुस्लिम सांसदों ने भी इस विधेयक का विरोध नहीं किया। बहरहाल अब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा एक इस विधेयक के विरोध के आख़िरी विकल्प के रूप में सर्वोच्च न्यायलय का दरवाज़ा खटखटाने की ख़बर है जहां इस की संवैधानिकता को चुनौती दी जाएगी। ग़ौर तलब है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। जबकि सत्तारूढ़ राजग व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं।

दरअसल एक अनुमान के अनुसार भारत में सेना और रेलवे के बाद सबसे ज़्यादा अचल संपत्ति वक्फ बोर्ड के अधीन है। इन्हें संचालित करने के लिए भारत में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं और इन सभी वक़्फ़ बोर्ड का संचालन राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वक्फ़ काउंसिल और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड करते हैं। यह व्यवस्था भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन व रखरखाव के लिए निर्धारित की गई है। प्रत्येक वक्फ संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक मुतवल्ली नियुक्त किया जाता है। इसी मुतवल्ली के हाथों में वक्फ संपत्ति का नियंत्रण होता है। वक्फ संपत्ति से होने वाली कुल आय का एक निर्धारित प्रतिशत वक्फ बोर्ड को बोर्ड के रखरखाव के नाम पर दिया जाता है। यही वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति संबंधित विवादों ख़ासकर मुतवल्ली की नियुक्ति व अवैध क़ब्ज़ा हटाने या किसी को किराए पर देने न देने जैसे मामलों में हस्तक्षेप करता है। वक्फ सम्पत्तियां केवल मुसलमानो से जुड़ी हुई ही नहीं हैं। बल्कि विभिन्न धर्मों में इसतरह की सम्पत्तियाँ मिलेंगी जिन्हें पूर्व में राजा महाराजाओं, ज़मींदारों, जागीरदारों, धनाढय लोगों द्वारा यहां तक कि जो साधारण लोग भी अपनी संपत्ति अपने क़ानूनी वारिसों को न देकर अपने धर्म से सम्बंधित धर्मस्थानों को दान में दे दिया करते थे। आज देश भर में विभिन्न धर्मों के धर्म स्थलों के पास इस तरह की बेहिसाब सम्पत्तियां हैं। इन संपत्तियों को कहीं महंत या गद्दी नशीन देख रहे हैं, कहीं प्रबंधन कमेटियां बनी हुई हैं तो कहीं इसके प्रबंधन के लिए न्यास (वक्फ) या ट्रस्ट बनाये गये हैं। मिसाल के तौर पर जगन्नाथपुरी ट्रस्ट, वैष्णो देवी ट्रस्ट, मनसा देवी ट्रस्ट की तरह हिन्दू धर्मस्थलों से जुड़े अनेक ट्रस्ट हैं। इसी तरह सिख धर्मस्थलों की देखभाल के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाई गई है। परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक धर्मो में पाई जाने वाली इस तरह की सम्पत्तियों में या इससे होने वाली बेहिसाब आय में आम तौर पर लूट खसोट की ख़बरें भी आती रहती हैं। यही वजह है कि विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड संपत्तियों के ग़बन और भ्रष्टाचार, वक्फ ज़मीनों पर अवैध क़ब्ज़ा, राजनीतिकरण और सांप्रदायिक दुरुपयोग, धार्मिक भेदभाव, पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव, क़ानूनी विवाद और निष्क्रियता जैसे आरोप भी लगते रहे हैं।

परन्तु यदि सत्ता से जुड़े गिने चुने मुसलमानों को छोड़ दें तो न केवल देश के आम मुसलमान बल्कि समूचा विपक्ष और अनेक क़ानूनविद व बुद्धिजीवी वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को मुस्लिम विरोधी, मुसलमानों द्वारा वक्फ की गई ज़मीनों को हड़पने का प्रयास तथा दूसरे धर्मों व धर्मस्थलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश बता रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मंदिरों व अन्य धर्मों के धार्मिक प्रबंधन में किसी दूसरे धर्म के लोग शामिल नहीं किए जाते तो वक्फ बोर्ड में किसी ग़ैर मुस्लिम को शामिल करने का आखिर क्या मकसद है? यदि मुस्लिम वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में ग़ैर-मुसलमानों को रखा जा सकता है तो ग़ैर-मुसलमानों के धर्मस्थलों की संपत्ति प्रबंधन में मुसलमानों को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए? विपक्ष का मानना है कि सरकार इस बिल के द्वारा वक्फ बोर्ड के अधिकारों को इसलिए कम कर रही ताकि वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर क़ब्ज़ा कर सके।

विपक्ष इसे मुस्लिम समाज को तोड़ने व कमज़ोर करने का काम बता रहा है। कुछ सांसदों ने तो संसद में बहस के दौरान यह तक कह डाला कि यह विधेयक मुसलमानों के धर्म पर डाका डालने तथा मुसलमानों की वक्फ संपत्ति को हड़पने वाला है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस विधेयक को 'संविधान पर एक निर्लज्ज हमला' तथा समाज के स्थाई ध्रुवीकरण की रणनीति का हिस्सा बताया जिससे भाजपा तिलमिला उठी है। कुछ इसी से मिलता जुलता विवाद पिछले कई दिनों से बिहार के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल बोधगया को लेकर भी छिड़ा हुआ है। यहां गत 12 फ़रवरी से बौद्ध भिक्षु बीटी एक्ट यानी बौद्ध गया टेंपल एक्ट, 1949 को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत बौद्ध गया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) में बौद्धों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है। बौद्ध भिक्षु इसे उनके धार्मिक मामलों में दख़ल मानते हुए लंबे समय से इस क़ानून का विरोध कर रहे हैं। पहले बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे परन्तु गत 27 फ़रवरी को प्रशासन द्वारा इन्हें महाबोधि मंदिर परिसर से हटा दिया गया। इसके बाद अब बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर दोमुहान नामक स्थान पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गोया बौद्ध धर्म के लोग भी अपने धार्मिक मामलों में दूसरे धर्म के लोगों की दख़लअंदाज़ी सहन नहीं कर पा रहे फिर आख़िर मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दख़ल देने का मक़सद क्या? रहा सवाल भाजपा द्वारा इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम हितों की बातें करने का या इस विधेयक को मुस्लिम हितैषी बताने का तो पूरी दुनिया देख रही है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जिस 'गुजरात मॉडल' को देश में लागू करने की बात कही थी वह गुजरात मॉडल दरअसल क्या है ? आज भाजपा के पूरे देश में कोई सांसद या विधायक नहीं है। जगह जगह मदरसे बंद कराये जा रहे हैं। मस्जिदों व क़ब्रों को खोदने का सिलसिला चल रहा है। जिन पसमांदा मुसलमानों के हितों की भाजपा बात करती है उसी समाज के कितने लोगों के घरों को बुलडोज़र से तहस नहस कर दिया गया है। उन्हीं पसमांदा मुसलमानों के व्यवसायिक व सामाजिक बहिष्कार की अपील भाजपाई समर्थक करते रहते हैं। संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बात अनेक नेताओं व कथित धर्मगुरुओं द्वारा सरे आम की जा रही है। ऐसे वातावरण में वक्फ विधेयक 2025 को मुसलमानों का हितैषी बताने का दावा, निगाहें कहीं हैं और निशाना कहीं जैसा ही है।

**यह लेखक के निजी विचार है**




# खतरे में समूचा नार्थ-ईस्ट और चीन...

**मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है, यूनुस और जिनपिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया**



**पवन सिंह**

चीन भारतीय सीमाओं और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए अब एक बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। वह बात अलग है कि सरकार नंगी आंखों से लगातार सारा चीनी खेल देख रही है लेकिन खामोश है। यह सन्नाटा क्यों पसरा हुआ है यह एक बड़े रहस्य का विषय है। चीन के लिए मौजूदा भारतीय नेतृत्व किसी वरदान की तरह है जब न तो सत्ता से कोई आवाज उठ रही है न ही 24 गुणा 7 'राष्ट्रवादी लीक्विड फ्लो डिस्चार्ज' करने वाले झंबरझांय टाइप्स नोएडा मीडिया से। सबसे बड़ी बात विपक्षी दलों की खतरनाक हो चली चुप्पी है।



विपक्ष को चीनी घुसपैठ पर मुखर होकर सवाल उठाना चाहिए, वह भी खामोश है। विपक्ष यह कह कर अपना दामन नहीं बचा सकता है कि संसद में उसे बोलने नहीं दिया जाता सड़क पर बोलने से किसने रोका है आपको हाल ही में चीन ने बांग्लादेश सरकार के साथ तीस्ता नदी प्रोजेक्ट पर जो समझौता किया है, वह माओत्से तुंग के उस सपने को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा जब उसने कहा था-समूचा नार्थ ईस्ट हो अपना। ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने इंडियन डिफेंस रिव्यू में जो विश्लेषण किया है वह बतौर एक हिन्दुस्तानी मेरे मन को बहुत दुखी कर रहा है। हम धीरे-धीरे नार्थ ईस्ट को खोने की कगार पर हैं। बकौल इंडियन डिफेंस रिव्यू वर्ष, 2017 का डोकलाम गतिरोध शी के कायाकल्प के सपने की प्रारंभिक अभिव्यक्ति थी उसके बाद से चीन बहुत कुछ आगे बढ़ चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है जब हमें एक शक्तिशाली दुश्मन से खुद को लड़ने के लिए तैयार करने की जरूरत थी, हमने अपनी ही जनता को आपस में लड़ा दिया है। हमने स्वयं अपनी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर डाला है। अपने उद्योगों को चीन के हाथों रौंदवा डाला है। बात होनी चाहिए चीनी कब्जे पर बात हो रही है मस्जिदों की खुदाई पर। बात होनी थी वायुसेना और थल सेना पर नेवी की मजबूती पर बात हो रही नमाज छत पर होगी या सड़क पर माओत्से ने झिंजियांग व तिब्बत पर कब्जा करके चीन को भारत, नेपाल और भूटान के साथ साझा सीमाएं दे दीं और आगे का काम अब शी जिनपिंग कर रहा है। माओत्से (ज़ेडोंग) तिब्बत को चीन का दाहिना हाथ मानता था, जबकि लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और नेफा यानी अरुणाचल प्रदेश को उसकी पांच उंगलियां मानता था। इसलिए माओ का मानना था कि इन क्षेत्रों को 'आजाद' कराना चीन की ज़िम्मेदारी है। इंडियन डिफेंस रिव्यू के अनुसार-तिब्बत पर कब्ज़ा करने के बाद यह व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि चीन इन क्षेत्रों को आज़ाद करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन तिब्बत पर कब्ज़ा करने के खिलाफ़ वैश्विक आक्रोश ने माओ को अस्थायी रूप से इस विचार से खुद को दूर करने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन माओत्से तुंग के आधुनिक अवतार शी जिनपिंग ने माओ के 'पांच अंगुलियों' को 'स्वतंत्र' करने के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। पांच अंगुलियों में से दो भारत की सीमा से लगे संप्रभु राष्ट्र हैं, जबकि अन्य तीन भारत का अभिन्न अंग हैं।

डोकलाम में चीन को जो चाहिए था वह खेल उसने जीत लिया है। चीन ने डोकलाम पठार के पास भूटान में 22 गांवों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जबकि 2017 में इसी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गतिरोध हुआ था। चीन की इस गतिविधि से सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर भारत के सामने नंगी चुनौतियां हैं। टाइम्स ग्रुप ने इस मसले पर एक स्टोरी की थी लेकिन वह मंदिर-मुस्लिम-मस्जिद के आगे बेकार साबित हुई। जयंता कालिता के अनुसार-अप्रत्याशित करना और गोपनीयता चीन की विदेश नीति की पहचान है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भूटान के रणनीतिक क्षेत्र डोकलाम पठार से चीनी सैनिकों के हटने के आठ साल बाद, बीजिंग ने इस क्षेत्र में कम से कम 22 गांवों और बस्तियों का निर्माण किया है। तिब्बती विश्लेषकों के एक नेटवर्क 'टर्क्वुइज रूफ' की तरफ से प्रकाशित अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट ने डोकलाम के पास चीनी निर्माण गतिविधि में वृद्धि का खुलासा किया है। भूटान ने चीनी दबाव के चलते अंततः भूटान-चीन सीमा पर संयुक्त तकनीकी समिति की जिम्मेदारियों और कार्यों को रेखांकित करते हुए परिसीमन और सीमांकन पर एक 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर कर दिए। जबकि भूटान, भारत की सहमति के बिना डोकलाम के नजदीकी इलाकों को नहीं छोड़ सकता था, क्योंकि 2007 की भारत-भूटान शांति संधि के अनुसार भूटान को भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना होगा लेकिन यहां चीन ने बाजी पलट दी। इसके बाद भूटानी प्रधानमंत्री ने भारत यात्रा के दौरान डोकलाम के नजदीक चीन द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के बारे में नई दिल्ली को बताया लेकिन शर्मिंदगी से बचने के लिए मामले को दबा दिया गया। फिलहाल चीन ने जो 19 गांव बसाये उनमें से तीन को कस्बों में अपग्रेड किया जा रहा है। चीन ने भूटान के इन पहले से निर्जन क्षेत्रों में लगभग 7,000 लोगों को स्थानांतरित किया है। ये सात हजार सैनिक हैं या आम नागरिक नहीं पता। चीन ने वर्षों से विवादित क्षेत्रों पर धीरे-धीरे अतिक्रमण किया है। विश्लेषक इसे 'सलामी स्लाइसिंग' कहते हैं।

फिलहाल मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है। यूनुस और जिनफिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया।

### पहला सुख निरोगी काया, केवल कहावत नहीं, जरूरत है

# अधूरी स्वास्थ्य सेवाएं, अधूरे सपने...



**योगेश कुमार गोयल**

**प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, इस दिवस को बनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का पहला लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज रहा है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है कि समुदाय में सभी लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं व देखभाल मिले और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी हों। स्वास्थ्य को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करने तथा लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने के उद्देश्य से ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य: हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। समूचे विश्व में जन-स्वास्थ्य से जुड़े कुछ वैश्विक तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो हालांकि टीकाकरण, परिवार नियोजन, एचआईवी के लिए एंटीरिट्रोवायरल उपचार तथा मलेरिया की रोकथाम में सुधार हुआ है लेकिन चिंता की स्थिति यह है कि अभी भी दुनिया की आधी से अधिक आबादी तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच नहीं है। विश्वभर में 80 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपने घर के बजट का कम से कम दस फीसदी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करते हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा खर्च करने के कारण दस करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना जैसे वायरसों के समक्ष जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तो स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। यदि भारत की बात की जाए तो भारतीय समाज में सदियों से धारणा रही है 'जान है तो जहान है' तथा 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया'। 'सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया' अर्थात् 'सब सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों' मूलमंत्र में यही स्वास्थ्य भावना निहित है। कोरोना काल की अवधि को छोड़ दिया जाए तो देश में पिछले दशकों में आर्थिक दृष्टि से तीव्र गति से विकास तो अवश्य हुआ लेकिन कड़वा सच यह भी है कि तेज गति से आर्थिक विकास के बावजूद इसी देश में करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष की अवस्था वाले तीन फीसदी से भी अधिक बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और चालीस फीसदी से अधिक बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं।



# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब
# रामबाण से कम नहीं है पुदीना

पुदीना एक ताजा जड़ी बूटी है जिसका आमतौर पर औषधीय रूप में उपयोग किया जाता है। पुदीना न केवल अपने ठंडे स्वाद के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है-खासकर जब वजन कंट्रोल की बात आती है। एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना फैट, मेटाबॉलिज्म और पाचन में सहायक भूमिका निभा सकता है। पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है जो भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करने और फैट्स को इकट्ठा करने के बजाय उपयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करने में मदद करते हैं। जबकि पुदीना अकेले वजन घटाने के लिए एक चमत्कारी उपाय नहीं है बल्कि इसे संतुलित आहार और स्वस्थ लाइफस्टाइल में शामिल करने से शरीर की प्राकृतिक फैट्स-जलने की प्रक्रिया में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में आप पुदीने को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### डाइजेशन होता है बूस्ट अप

अगर आप पुदीने को डाइट में शामिल करते हैं, तो यह डाइजेशन को बूस्टअप करता है। गौरतलब है कि पुदीना डाइजेस्टिव एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। इसके सेवन से आपका पाचन सही तरह से काम करता है, तो आपका शरीर फैट और कार्बोहाइड्रेट को अधिक बेहतर तरीके से प्रोसेस करता है, जिससे शरीर में अनावश्यक वसा जमा नहीं होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लोटिंग को कम करने में मदद करता है, जिससे आप अधिक लाइट महसूस करते हैं।

### अतिरिक्त भूख और क्रेविंग को कंट्रोल करता है

ज्यादातर लोगों को वजन इसलिए भी कम नहीं हो पता है कि क्योंकि उनको बार-बार अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग्स होने लगती है। इसलिए आप अपने आहार में पुदीना को जरुर शामिल करें। इसके सेवन से आपको भूख भी कम लगेगी और बार-बार खाने की इच्छा भी कंट्रोल रहेगी।

### बॉडी को डिटॉक्स करता है

पुदीने के सेवन से आपको यह फायदा होगा कि आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी। दीना एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है। यह आपकी बॉडी को अंदर से साफ और डिटॉक्स करता है। पाचन बेहतर रहता है और ब्लोटिंग भी नहीं होती है।

# विरोध की लहर: ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों अमेरिकी

**50** राज्यों में हो रहे उग्र प्रदर्शन

**1400** से अधिक रैलियां निकाली गईं

**6** लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अरबपति एलन मस्क के खिलाफ सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन हुए। इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग शामिल हुए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 1400 से ज्यादा रैलियां की गई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में कटौती, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। इस विरोध प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट आर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, एलजीबीटीक्यू+वालंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन में सिविल राइट आर्गनाइजेशन और मजदूर संघ जैसे 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। एलन मस्क अमेरिका की ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख हैं। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र को छोटा करने से टैक्सपेयर्स के अरबों डालर बचेंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर योजनाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन डेमोक्रेट्स इन योजनाओं का लाभ अवैध अप्रवासियों को दिलाना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रो. कल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

## रैली में लगे नारे 'वह पागल है, अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा'

**वाशिंगटन।** प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह पागल है और अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। वाशिंगटन के नेशनल माल पर निकाली गई रैली में बाइक टूर गाइड डायने कोलिफैथ ने कहा कि हमारे साथ 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन से ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने आए हैं। हमें दुनियाभर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है। यहां तबाही मची हुई है।

वो हमारी सरकार को खत्म कर रहा है। लास एंजिलिस में एक महिला ने झंडा लहराया। इस पर लिखा था कि मेरे गर्भाशय से बाहर निकल जाओ। महिला ने ट्रम्प की गर्भपात विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कोलोराडो के डेनवर में लोगों पे कहा कि अमेरिका के लिए कोई राजा नहीं। लंदन में निक. ली रैली में अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिकता वाली लिज चैंबरलिन ने कहा कि अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, वह हर किसी की समस्या है। यह आर्थिक पागलपन है। वह हमें वैश्विक मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। बर्लिन में सेवानिवृत्त सुसैन फेस्ट ने कहा कि ट्रम्प ने सां. विधानिक संकट पैदा कर दिया है। वह आदमी पागल है।

# मोदी की अपील पर श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को किया रिहा





**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लंका ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। पीएम ने कल लंकाई राष्ट्रपति दिसानायके से मछुआरों की रिहाई पर बात की थी। मोदी तीन दिवसीय लंका दौरा पूरा कर भारत लौट आए हैं। इससे पहले उन्होंने आज बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में माहो ओमनथाई रेल लाइन का उद्घाटन और सिग्नल सिस्टम का शिलान्यास किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने लंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। लंका के माहो जिले से ओमनथाई जिले के बीच यह रेल लाइन नार्दर्न रेलवे लाइन का 128 किमी लंबा हिस्सा है। यह लंका के कुरुनेगला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरता है। लंका सरकार ने इस रेलवे लाइन के आधुनिकीकरण

## पीएम ने बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, भारत लौटे

और सुधार के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी IRCON इंटरनेशनल लिमिटेड इस खंड के डेवलपमेंट का काम कर रही है। इस परियोजना के लिए भारत ने 318 मिलियन डालर (2720 करोड़ रुपये) का लोन दिया है।

पीएम अनुराधापुरा के जय महाबोधि मंदिर भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं से भेंट की है। इस दौरान पीएम ने मंदिर के प्रमुख बौद्ध भिक्षु को उपहार भी दिया।

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए 7.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हो गई। यह जानकारी सरकारी दैनिक द मिरर ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के कारण शनिवार तक 4,671 लोग घायल हुए हैं जबकि 214 लोग अभी तक लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बचाव संगठनों ने भूकंप के बाद इमारतों में फंसे 653 लोगों को बचाया है और मलबे से 682 शव निकाले गए हैं।

### एक नजर

## इजरायल ने दो महिला ब्रिटिश सांसदों को देश में एंट्री नहीं दी

**यरुशलम।** इजरायली अधिकारियों ने दो ब्रिटिश सांसदों को देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि वे कथित तौर पर इजरायल विरा. धी बयानबाजी फैलाने की योजना बना रहे थे। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली जनसंख्या और आव्रजन प्राधिकरण का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। अखबार ने प्राधिकरण का हवाला देते हुए कहा कि सांसदों अब्तिसम मोहम्मद और युआन यांग को इजरायल में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि पता चला कि उनके दौरे का उद्देश्य इजरायली सुरक्षा बलों का दस्तावेजीकरण करना और इजरायल के खिलाफ घृणित बयानबाजी फैलाना था।

## अमेरिका में भारतीय मूल के काउंटी जज केपी जार्ज गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** फोर्ट बेंड काउंटी के जज केपी जार्ज को शुक्रवार को दो गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वायर धोखाधड़ी और एक अभियान वित्त रिपोर्ट में गड़बड़ी करने के आरोप हैं, जिसके चलते धन शोधन के आरोप भी लगाए गए हैं। बता दें कि 2018 से काउंटी जज के रूप में कार्यरत भारतीय मूल के जार्ज को गिरफ्तार करने के बाद काउंटी जेल में ले जाया गया, जहां उन्होंने 20,000 डालर की जमानत पर रिहाई पाई। वहीं अब बात अगर जज पर लगे आरोपों की करें तो जार्ज पर आरोप है कि उन्होंने +30,000 से +150,000 के बीच धन शोधन किया। हालांकि अपने पक्ष में जार्ज ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

# अमेरिकी जहाज़ों की कब्रगाह बना लाल सागर

## हूतियों ने कई युद्धपोतों को बनाया निशाना





**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के हूतियों को धमकी के बाद अमेरिका ने यमन पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। इसके बावजूद भी वह हूती की ताकत को खत्म नहीं कर पाए हैं, हूती लाल सागर में आज भी अपने हमले जारी रखे हुए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तरी हिस्से में अमे. रिकी विमानवाहक हैरी ट्रुमैन और उसके साथ के जहाजों पर हमला किया। अल मसीरा टीवी चैनल पर पब्लिश अपने भाषण में सारी ने कहा, पिछले कई घंटों के दौरान नौसेना के साथ मिलकर रॉकेट बलों और मानव रहित हवाई वाहनों ने क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लाल सागर के उत्तरी भाग में अमे. रिकी वायु वाहक हैरी ट्रुमैन सहित कई युद्धपोतों के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। हूतियों ने अमेरिकी नेवी के खिलाफ कोई एक हमला नहीं किया बल्कि उनकी लाल सागर में यह कार्रवाई कई घंटों तक जारी रही है। सारी ने बताया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले कई घंटों तक जारी रहे और इससे विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन के क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों को रोका जा सका है। 5 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया था कि उनकी स्ट्राइक में हूती के कई ऑपरेटिव एक मीटिंग करते हुए मारे गए, लेकिन हूती ने ट्रम्प के इस दावे को गलत बताया है और कहा है कि जहां हमला हुआ वह ईद के दौरान होने वाली आम लोगों की गैदरिंग थी। यमन के हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस वक्त हथियार की सप्लाई यमन तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है, फिर भी यमन ने मिसाइलों को जखीरा बना रखा है। ट्रम्प की खुली चेतावनी के बाद यमन के लाल सागर में जारी हमले अमेरिकी की एक बड़ी बदनामी के तौर पर देखा जात रहा है।

# बालू कलाकार सुदर्शन को मिला द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड

**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है। कला क्षेत्र में बेहतरीन योगदान पर सुदर्शन पटनायक को ब्रिटिश द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह ब्रिटेन के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार से शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने विश्व शांति के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची बालू की मूर्ति बनाई। इसके बाद उनको फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। पटनायक ने कहा कि मैं वेमाउथ यूके में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में फ्रेड डारिंगटन ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेमाउथ के मेयर जान ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया। सैंडवर्ल्ड के निदेशक मार्क एंडरसन, डेविड हिक्स और लंदन में भारतीय उच्चायोग में संस्कृति मंत्री नाओरेम जे सिंह पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के रहने वाले पटनायक को पुरस्कार के लिए बधाई दी। माझी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक को पहले ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार द फ्रेड डारिंगटन से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। उनके योगदान ने वैश्विक मंच पर हमारे देश और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और बढ़ाया है। सुदर्शन पटनायक को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दुनियाभर में 65 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बालू मूर्तिकला चैंपियनशिप और महोत्सवों में भाग लिया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वेमाउथ में सैंडवर्ल्ड पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। यहां दुनियाभर के कलाकार असाधारण बालू की मूर्तियां बनाते हैं।

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्कब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499